खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 24°C
न्यूनतम : 08°C

देहरादून, बुधवार 18 मार्च 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 219 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 28 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में फिर बदलेगा मौसम, 22 तक बारिश और आंधी-तूफान के आसार पेज 2



आईपीएल 2026: युवा जोश बनाम बड़े सितारे, दिलचस्प होगी टक्कर खेल टाइम्स



एपस्टीन फाइल्स : धन और प्रभाव में पीछे छूट गई मनुष्यता सम्पादकीय



ईरान के साथ जंग में अकेले पड़े ट्रम्प नाटो देश बोले: ये हमारी लड़ाई नहीं पेज 12

# हमले में ईरानी सुरक्षा प्रमुख लारीजानी की मौत: IDF

**तेल अवीव।** इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने दावा किया है कि बीती रात ईरान में हुए हवाई हमले में अली लारीजानी की मौत हो गई है। इजरायली सेना ने ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी को निशाना बनाकर यह हमला किया था।

लारीजानी ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के बहुत करीबी माने जाते थे। खामेनेई की मौत के बाद से वह ईरान के शासन में एक बहुत बड़ा चेहरा थे। इन दावों के बीच लारीजानी के दफ्तर ने कहा है कि वे थोड़ी देर में प्रेस को संबोधित कर जानकारी देंगे। इन हमलों में इजरायली सेना (आईडीएफ) ने



**■ इजरायली सेना ने बासिज फोर्स के कमांडर गुलामरेजा सुलेमानी के मारे जाने का भी किया दावा**

बासिज फोर्स के कमांडर गुलामरेजा सुलेमानी के मारे जाने का भी दावा किया है। सेना ने बताया कि सुलेमानी को एक टेंट कैंप में निशाना बनाया गया। बासिज फोर्स ने यह कैंप तब बनाया था जब इजरायल ने उनके पुराने मुख्यालयों को तबाह कर दिया था। इस हमले में सुलेमानी के साथ बासिज फोर्स के डिप्टी कमांडर और कई अन्य बड़े अधिकारी भी मारे गए हैं। बासिज फोर्स को ईरान में विरोध प्रदर्शनों को बेरहमी से कुचलने के लिए जाना जाता है। उन पर कई ईरानी नागरिकों की हत्या का आरोप भी थे।

## बगदाद के अमेरिकी दूतावास और अन्य ठिकानों पर ड्रोन हमले, क्षेत्र में तनाव बढ़ा

**बगदाद/वाशिंगटन।** इराक में मंगलवार तड़के ड्रोन हमलों की एक श्रृंखला में बगदाद स्थित अमेरिकी दूतावास को एक बार फिर निशाना बनाया गया। इससे क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर नई चिंताएं पैदा हो गई हैं। सीएनएन के अनुसार दूतावास परिसर से हवाई रक्षा प्रणालियों ने एक प्रक्षेप्य को बीच में ही रोक दिया, जिससे संभावित नुकसान टल गया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, इराक में अमेरिकी दूतावास, एक होटल और दक्षिण के एक तेल क्षेत्र सहित कई स्थानों को ड्रोन हमलों की श्रृंखला में निशाना बनाया गया। अनादोलु एजेंसी के अनुसार, इराक की सेना ने पुष्टि की है कि दक्षिण में स्थित मजनून तेल क्षेत्र पर भी हमला किया गया था। चार ड्रोनों ने अमेरिकी दूतावास को निशाना बनाया। इराकी हवाई रक्षा प्रणालियों ने टकराने से पहले ही उन सभी को बीच में रोककर नष्ट कर दिया।

# ट्रम्प प्रशासन को लगा बड़ा झटका

## अमेरिकी आतंकरोधी एजेंसी के प्रमुख का इस्तीफा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में ईरान के साथ चल रहे युद्ध को लेकर ट्रम्प प्रशासन को बड़ा झटका लगा है। अमेरिका के नेशनल काउंटरटेररिज्म सेंटर के निदेशक जो केंट ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

उन्होंने कहा कि वह ट्रम्प प्रशासन की ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई का समर्थन नहीं कर सकते। केंट ने साफ कहा कि वह इस युद्ध के साथ अपनी अंतरात्मा के अनुसार खड़े नहीं रह सकते, इसलिए उन्होंने पद छोड़ने का फैसला किया। जो केंट ने सोशल

**■ कहा: इजरायल के दबाव में किया ईरान पर हमला**


मीडिया पर बयान जारी करते हुए कहा कि ईरान से अमेरिका को कोई तत्काल खतरा नहीं था। उनके मुताबिक यह युद्ध अमेरिका ने अपनी सुरक्षा की वजह से नहीं, बल्कि इजरायल और अमेरिका में उसके प्रभावशाली लाबी के दबाव में शुरू किया है। केंट ने कहा कि वह ऐसी नीति का समर्थन नहीं कर सकते -शेष पृष्ठ दो पर

### ईरान ने कतर में अमेरिकी अड्डे, इजरायल में रक्षा ढांचे पर किया हमला

**तेहरान।** इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने कहा है कि ईरान ने कतर में एक अमेरिकी अड्डे और इजरायल में मिसाइल रक्षा ढांचे पर हमला किया है। फॉर्स समाचार एजेंसी न आईआरजीसी के हवाले से कहा कि ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-4 का 57वां चरण कब्जे वाले क्षेत्रों के मध्य में स्थित लक्ष्यों के खिलाफ सफलतापूर्वक चलाया गया।

## 28वां रोज़ा

### सो हम खूब फरियाद सुनने वाले हैं



कुरआने-पाक के तेईसवें पारे की सूरह सफ्फात की पचहत्तरवीं आयत में अल्लाह का इरशाद है- और हमको नूह ने पुकारा सो हम खूब फरियाद सुनने वाले हैं। इस आयत की रोशनी में अठ्ठाईसवां रोज़ा बेहतर तौर पर समझा जा सकता है। गौरतलब बात यह है कि रमज़ान का यह आखिरी अशरा दोजख से निजात का है। अल्लाह की सबसे बड़ी खूबी यह है कि उसका कोई शरीक नहीं है और वो अपने बंदे की फरियाद सुनता है। जैसा कि मजकूर आयत में अल्लाह ने खुद फरमाया है सो हम खूब फरियाद करते हैं। यहां समझने-समझाने के लिहाज से बाद वाला कौल पहले देखना होगा, क्योंकि इसी कौल पर इबादत और रहमत के ताल्लुक का दारोमदार है।

# पाकिस्तान की अफगानिस्तान पर एयर स्ट्राइक, 400 की मौत

## 250 घायल, तालिबान का आरोप, पाक सेना ने नशा मुक्ति सेंटर पर गिराए बम

काबुल, वार्ता

**पाकिस्तान ने** सोमवार रात एक बार फिर अफगानिस्तान पर एयरस्ट्राइक की है। पाकिस्तानी एयरफोर्स के लड़ाकू विमानों ने राजधानी काबुल के कई इलाकों को निशाना बनाया, जिनमें एक हॉस्पिटल भी है। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक इसमें 400 लोगों की मौत हो गई, वहीं 250 से ज्यादा घायल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक दारुलअमान, अरजान कीमत, खैरखाना और काबुल इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास कई जगहों पर धमाकों और गोलीबारी की आवाजें सुनी गईं।

तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तानी सेना ने काबुल में एक नशा मुक्ति अस्पताल पर बम गिराए। तालिबान ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे मानवता के खिलाफ अपराध बताया है और कहा कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के एयरस्पेस का उल्लंघन किया है। वहीं



**■ शहबाज शरीफ के प्रवक्ता मोशर्रफ जैदी ने कहा: काबुल में किसी अस्पताल को निशाना नहीं बनाया**

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के प्रवक्ता मोशर्रफ जैदी ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताया और कहा कि काबुल में किसी अस्पताल को निशाना नहीं बनाया गया। अफगानिस्तान सरकार के डिप्टी प्रवक्ता हमदुल्लाह फितरत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि यह हमला स्थानीय समय के अनुसार रात करीब 9 बजे हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह हॉस्पिटल 2000 बेड का है। इसे भारी नुकसान हुआ है। मीडिया की टीमें जब वहां पहुंची, तो अस्पताल के कुछ हिस्सों में तब भी आग लगी हुई थी। करीब 30 से ज्यादा शव स्ट्रेचर पर बाहर निकाले जा रहे थे। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि वहां बहुत ज्यादा मरीज थे, इसलिए मृतकों और घायलों की संख्या बहुत ज्यादा हो सकती है। अफगानिस्तान के क्रिकेटर राशिद खान ने पाकिस्तानी हमलों की कड़ी निंदा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा काबुल में हाल ही में हुए हवाई हमलों से लोग दुखी हैं। इन हमलों में कई आम लोगों की जान चली गई। कुछ हमले घरों, -शेष पृष्ठ दो पर

### भारत ने की काबुल में अस्पताल पर पाक के हमले की कड़ी निंदा

**नई दिल्ली।** भारत ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक अस्पताल पर पाकिस्तान के हमले को कायरतापूर्ण और अमानवीय कृत्य बताते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि भारत सोमवार की रात काबुल के ओमिद नशा मुक्ति अस्पताल पर पाकिस्तान के बर्बर हवाई हमले की कड़ी निंदा करता है।

# पैटर्निटी लीव पर भी कानून बने: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** देश में पितृत्व अवकाश को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम टिप्पणी की है। अदालत ने केंद्र सरकार से कहा है कि पितृत्व अवकाश को सामाजिक सुरक्षा लाभ के रूप में मान्यता देने के लिए कानून बनाने पर विचार किया जाए। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि बच्चे का पालन-पोषण केवल मां की जिम्मेदारी नहीं है।

**केंद्र सरकार को सलाह दी, कहा: पालन-पोषण सिर्फ मां की जिम्मेदारी नहीं, कानून बनाने की अपील**

पिता की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है और शुरुआती समय में दोनों की मौजूदगी बच्चे के विकास के लिए जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी एक मामले की सुनवाई के दौरान की। अदालत ने उस नियम को असंवैधानिक ठहराया, जिसमें गोद लेने वाली महिला को तभी मातृत्व अवकाश मिलता था जब बच्चा तीन महीने से कम उम्र का हो। कोर्ट ने कहा कि गोद लेने वाली मां को भी 12 हफ्ते का मातृत्व अवकाश मिलना चाहिए, चाहे बच्चे की उम्र कुछ भी -शेष पृष्ठ दो पर



### सीजेआई का सुझाव फैमिली कोर्ट में वकील-जज काले चोंगे न पहनें

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत ने कहा कि यह बहुत जरूरी है कि फैमिली कोर्ट बच्चों के मन से मनोवैज्ञानिक डर को खत्म करें। इसके लिए कोर्ट के पारंपरिक कामकाज में कुछ बदलाव किए जाएं। उन्होंने पूछा कि क्या फैमिली कोर्ट में काले चोंगे होने चाहिए? सीजेआई ने कहा कि जब हम फैमिली कोर्ट के लिए एक नई सोच और अवधारणा बना रहे हैं, तो क्या इससे बच्चे के मन में कोई मनोवैज्ञानिक डर पैदा नहीं होगा? उन्होंने सुझाव दिया कि फैमिली कोर्ट में पीठासीन जज और वकील यूनिफॉर्म में नहीं आने चाहिए। सीजेआई सूर्यकांत ने ये बातें दिल्ली के रोहिणी में एक फैमिली कोर्ट की आधारशिला रखने के कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि फैमिली कोर्ट में आप सभी के लिए हमारे पीठासीन अधिकारी कोर्ट की पोशाक में नहीं बैठेंगे। बार के सदस्य भी काले और सफेद चोंगे में नहीं आएंगे। पुलिस अधिकारी भी वर्दी में नहीं आएंगे।




### लोकसभा के आठ सदस्यों का निलंबन तत्काल प्रभाव से समाप्त

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने आठ सदस्यों का निलंबन वापस लेने के प्रस्ताव को मंगलवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया, जिससे उनका निलंबन तत्काल प्रभाव से समाप्त हो गया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि ध्यानाकर्षण सूचना 374 के खंड दो के तहत वह आठ सदस्यों के निलंबन को वापस लेने का प्रस्ताव रखते हैं। उन्होंने कहा कि निलंबित सदस्यों का निलंबन वापस लिया जाए।

# अब गुजरात में UCC की तैयारी

**गांधीनगर।** उत्तराखंड के बाद अब गुजरात में भी जल्द यूनिफॉर्म सिविल कोड यानी समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू हो सकता है। यूसीसी के लिए गठित समिति ने मंगलवार को मुख्यमंत्री को अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंप दी है।

समिति ने विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत अध्ययन के बाद अंतिम सिफारिशों सहित अपनी रिपोर्ट पेश की है। गुजरात सरकार इस रिपोर्ट पर मंत्रियों और अधिकारियों के साथ चर्चा करेगी। यूसीसी से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा मौजूदा विधानसभा सत्र में ही की जाएगी।

**■ समिति ने सीएम भूपेंद्र पटेल को रिपोर्ट सौंपी, 24 मार्च को सदन में पेश हो सकता है विधेयक**

रिपोर्ट 23 मार्च को सदन में रखी जा सकती है, जबकि 24 मार्च को बिल पेश किए जाने की संभावना है, जो इस बजट सत्र का अंतिम दिन भी है। अगर यह बिल पास हो जाता है, उत्तराखंड के बाद यूसीसी लागू करने वाला गुजरात देश का दूसरा राज्य बन जाएगा।

# हरियाणा में हाई वोल्टेज ड्रामे के बीच कांग्रेस ने जीती राज्यसभा की एक सीट

**चंडीगढ़।** हरियाणा में 16 घंटे तक चले हाई-वोल्टेज चुनावी ड्रामे के बाद कांग्रेस पार्टी दो में से एक राज्यसभा सीट जीतने में सफल रही। इस जीत के साथ ही कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी के कब्जे वाली एक सीट को प्रभावी रूप से अपने नाम कर लिया है।

सोमवार को हरियाणा, बिहार और ओडिशा की कुल 11 राज्यसभा सीटों पर हुए मतदान में से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन

**■ राजग ने कुल 11 में से नौ सीटें जीती**

और उसके समर्थित उम्मीदवारों ने नौ सीटों पर जीत दर्ज की जबकि कांग्रेस और बीजू जनता दल के खाते में एक-एक सीट आई। हरियाणा में भाजपा के संजय भाटिया और कांग्रेस के कर्मवीर बौद्ध विजयी घोषित किए गए जबकि भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल को हार का सामना करना पड़ा। हरियाणा में मतदान की प्रक्रिया विवादों से घिरी रही। दो कांग्रेस विधायकों के वोटों पर भाजपा की औपचारिक आपत्तियों के कारण मतगणना में देरी हुई और यह रात 10:25 बजे शुरू हुई और मंगलवार तड़के 1:30 बजे संपन्न हुई। राज्य मंत्री गौरव गौतम के अनुसार, यह चुनाव आंतरिक कलह और क्रॉस-वोटिंग के साए में रहा। उन्होंने बताया कि कुल चार वोट रद्द किए गए।

# बरेली में सास व साले का हत्यारोपी मुठभेड़ में ढेर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में बरेली जिले के इज्जतनगर थाना क्षेत्र में सास और साले की हत्या करने के आरोपी को पुलिस ने मंगलवार भोर एक सशस्त्र मुठभेड़ में मार गिराया। रहपुरा चौधरी गांव में सोमवार दोपहर आरोपी अफसर खान ने अपनी पत्नी साइमा, सास आसमा और साले आदिल पर चाकू से हमला किया।

हमले में सास और साले की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी साइमा गंभीर रूप से घायल हो गई और उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि घटना के बाद पुलिस ने आरोपी की खोज शुरू की। सूचना मिली अफसर मुड़िया अहमदनगर के सहारा ग्राउंड में अवैध हथियार के साथ मौजूद है। अपनी पत्नी को मारने की कोशिश कर सकता है। पुलिस ने उसे आत्मसमर्पण के लिए कई बार कहा कि लेकिन उसने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में अफसर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां

**■ हत्यारोपी ने पत्नी सहित चार लोगों पर किया था चाकू से हमला**

डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फायरिंग में दो पुलिसकर्मी, कांस्टेबल रूपेंद्र और कांस्टेबल अनुराग भी घायल हुए हैं। उन्होंने बताया आरोपी के कब्जे से 32 बोर की पिस्तौल, घटना में इस्तेमाल की गई चाकू, चार लाइव कार्टेज और कुल 10 खोखा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी अफसर का आपराधिक इतिहास लंबा है। 2009 में उसने अपने सगे मामा की हत्या की थी, जिसके लिए उसे आजीवन कारावास की सजा मिली थी। वह जमानत पर था। उसके खिलाफ चोरी का भी मुकदमा दर्ज है। पुलिस अब उसके अन्य अपराधों की जांच कर रही है। जानकारी अनुसार अफसर और साइमा की शादी लगभग नौ साल पहले हुई थी। पत्नी द्वारा ससुराल जाने से इन्कार करने पर सोमवार दोपहर पंचायत बुलाई गई थी, जिसमें आरोपी अफसर खां ने वारदात कर दी।

# रिटायर्ड आईपीएस, डीजीपी व सैन्य अफसरों का राहुल को लेटर

**नई दिल्ली।** 204 रिटायर्ड सैन्य अधिकारी, आईपीएस-आईएएस और वकीलों ने राहुल गांधी को ओपन लेटर लिखकर देश से माफी मांगने को कहा है। उन्होंने लिखा कि 12 मार्च को संसद परिसर में किया गया विरोध संसदीय नियमों और संसद की गरिमा के खिलाफ था।

ओपन लेटर में कहा गया कि संसद परिसर में प्रदर्शन या विरोध न करने को लेकर स्पीकर की ओर से पहले ही निर्देश जारी किए गए थे। इसके बावजूद राहुल गांधी के नेतृत्व में विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में विरोध किया। लेटर में आगे कहा कि राहुल गांधी कुछ सांसदों के साथ संसद की सीढ़ियों पर बैठकर चाय और बिस्कुट लेते हुए विरोध



**■ कहा: संसद परिसर में आचरण नियमों के खिलाफ देश से माफी मांगें कांग्रेस नेता**

करते दिखाई दिए। यह संसदीय अधिकार और संसद की मर्यादा की अनदेखी है। संसद की सीढ़ियां राजनीतिक प्रदर्शन का मंच नहीं हैं। दरअसल, 12 मार्च को विपक्ष ने एलपीजी संकट को लेकर सकार के खिलाफ प्रदर्शन किया था। इस दौरान राहुल गांधी कुछ सांसदों के साथ संसद की सीढ़ियों पर बैठे दिखाई दिए। वे वहां चाय और बिस्कुट लेते हुए विरोध कर रहे थे। विरोध के दौरान संसद परिसर की सीढ़ियों पर राहुल गांधी ने चाय और बिस्किट खाया। लेटर में कहा गया कि संसद लोकतंत्र का मंदिर है और उसकी गरिमा हर समय बनी रहनी चाहिए। संसदीय परंपराओं के मुताबिक लोकसभा और राज्यसभा कक्ष ही नहीं, बल्कि संसद परिसर की सीढ़ियां, गलियारे और लॉबी भी उसी संस्था का हिस्सा हैं। इसलिए वहां भी सांसदों का आचरण उसी मर्यादा के अनुरूप होना चाहिए। लेटर में कहा गया कि इस तरह की घटनाएं सार्वजनिक चर्चा के स्तर को गिराती हैं और लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाती हैं। यह ओपन लेटर जम्मू-कश्मीर के पूर्व डीजीपी एस.पी. वैद ने जारी किया है। लेटर पर 204 लोगों ने साइन किए हैं। इनमें 116 रिटायर्ड सैन्य अधिकारी और 84 पूर्व नौकरशाह शामिल हैं। इसके अलावा चार पूर्व राजदूत और चार सीनियर वकील भी सिग्नेचर करने वालों में शामिल हैं।

# गोल्डन ऑवर में दिखा बेहतरीन समन्वय व सामंजस्य

**■ पांच जनपदों में मॉक ड्रिल से परखी गई तैयारियां**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के दिशा-निर्देशन में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय मॉक ड्रिल के प्रथम चरण में मंगलवार को बागेश्वर, पौड़ी, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग एवं नैनीताल जनपदों में व्यापक स्तर पर बहु-स्थलीय मॉक अभ्यास आयोजित किए गए। इन मॉक ड्रिल के जरिये संभावित आपदा की परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया, विभागीय समन्वय, संसाधनों की उपलब्धता तथा राहत एवं बचाव तंत्र की वास्तविक तैयारियों का आकलन किया गया। यह पहला अवसर रहा जब जनपदों द्वारा स्वयं अपने स्तर पर मॉक ड्रिल की गई और यूएसडीएमए द्वारा सिर्फ मॉनीटरिंग की गई।

राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से सभी जनपदों में संचालित मॉक अभ्यासों की निरंतर निगरानी की गई। विभिन्न परिदृश्यों जैसे भूकम्प, भूस्खलन, सड़क दुर्घटना, नदी में बाढ़, वनाग्नि एवं अन्य आपात स्थितियों के माध्यम से तैयारियों को परखा गया। मॉक अभ्यास के दौरान पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, फायर सर्विस, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य आपातकालीन सेवाओं ने समन्वित रूप से कार्य करते हुए प्रभावितों के सुरक्षित रेस्क्यू, प्राथमिक उपचार, राहत वितरण की प्रक्रियाओं का अभ्यास किया।



### यूएसडीएमए की कार्यप्रणाली से रूबरू हुए श्रीलंका के अधिकारी

देहरादून। नेशनल सेंटर फॉर गुड गवर्नेंस के तत्वावधान में श्रीलंका के 40 सिविल सेवा के अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का भ्रमण किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने राज्य में आपदा प्रबंधन से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों, व्यवस्थाओं एवं नवाचारों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी (क्रियान्वयन) एवं डीआईजी राजकुमार नेगी ने प्रतिनिधिमंडल को यूएसडीएमए द्वारा किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। इस अवसर पर संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो ओबैदुल्लाह अंसारी, डॉ. पीडी माथुर, डॉ. पूजा राणा आदि मौजूद रहे।

### जनपद बागेश्वर-अभ्यास में दिखी समन्वित त्वरित कार्रवाई

जनपद बागेश्वर में विभिन्न स्थानों पर आयोजित मॉक अभ्यास के दौरान भूकम्प, भूस्खलन, आग एवं वन्यजीव हमले जैसी परिस्थितियों का यथार्थपरक प्रदर्शन किया गया। डिग्री कॉलेज क्षेत्र में भवन क्षति एवं मलबे में फंसे लोगों के रेस्क्यू, गरुड़ क्षेत्र में भूस्खलन, कांडा में आग लगने तथा गुलदार हमले के परिदृश्यों पर प्रभावी राहत-बचाव कार्य किए गए। डीएम आकांक्षा कोंडे द्वारा जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र से लगातार मॉनिटरिंग करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा अभ्यास के दौरान चिन्हित कमियों को दर्ज कर सुधार के निर्देश दिए गए।

### जनपद रुद्रप्रयाग-भूकम्प, भूस्खलन, सड़क दुर्घटना व वनाग्नि पर समग्र अभ्यास

रुद्रप्रयाग जनपद में भूकम्प, भूस्खलन, सड़क दुर्घटना एवं वनाग्नि जैसी घटनाओं पर आधारित मॉक ड्रिल आयोजित की गई।

सिरोहबगड़, मुनकटिया, सोनप्रयाग क्षेत्रों में भूस्खलन, घोलतीर में सड़क दुर्घटना, अगस्त्यमुनि में भूकम्प तथा बुवाखाल क्षेत्र में वनाग्नि के परिदृश्यों पर विभिन्न विभागों द्वारा समन्वित कार्रवाई का अभ्यास किया गया।

अभ्यास के दौरान त्वरित रेस्क्यू, प्राथमिक उपचार, संसाधनों के उपयोग एवं स्टेजिंग एरिया से संचालन की प्रभावशीलता का परीक्षण किया गया। अभ्यास के दौरान चिन्हित कमियों को दर्ज कर सुधार के निर्देश दिए गए।

### जनपद पौड़ी-जटिल परिस्थितियों में त्वरित रेस्क्यू का प्रदर्शन

जनपद पौड़ी में चार अलग-अलग स्थानों पर नदी के जलस्तर में वृद्धि, भूस्खलन, बस दुर्घटना एवं वनाग्नि के परिदृश्यों पर मॉक अभ्यास किया गया। कोटद्वार क्षेत्र में बाढ़ जैसी स्थिति में फंसे लोगों को सुरक्षित निकाला गया, थलीसैंण में भूस्खलन के दौरान घायलों को एयरलिफ्ट किया गया, धुमाकोट क्षेत्र में बस दुर्घटना में फंसे लोगों का रेस्क्यू किया गया तथा बुवाखाल क्षेत्र में वनाग्नि पर नियंत्रण पाया गया। जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया के निर्देशन में कंट्रोल रूम से पूरी कार्यवाही की सघन निगरानी की गई तथा सभी एजेंसियों द्वारा त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित की गई।

## देहरादून- पिथौरागढ़ के लिए आरसीएस उड़ान सेवा जल्द

**■ केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर दी जानकारी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखकर बताया है कि देहरादून से पिथौरागढ़ के बीच आरसीएस उड़ान सेवा जल्द शुरु हो सकती हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने बीते दिनों केंद्रीय मंत्री को पत्र लिखकर, देहरादून से पिथौरागढ़ के बीच उड़ान सेवाओं को मजबूत करने के लिए पत्र लिखा था। केंद्रीय केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में बताया है कि देहरादून से पिथौरागढ़ के बीच क्षेत्रीय सम्पर्क योजना के तहत उड़ान सेवा के लिए, मैसर्स स्काईहॉप एविएशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा जरूरी औपचारिकताओं को पूरा किया जा रहा है। औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद कंपनी द्वारा इस मार्ग पर आरसीएस उडानों का संचालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार देहरादून से पिथौरागढ के बीच नियमित विमान सेवाओं के लिए अन्य विमानन कंपनियों को भी पत्र लिख रही है। केंद्र सरकार ने उत्तराखंड में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना - प्रथम चरण के अवशेष भुगतान के साथ ही दूसरे और तीसरे चरण के कार्यों को पूरा करने की समय सीमा भी मार्च 2027 तक विस्तारित कर दी है।

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार लगातार उत्तराखंड को सहयोग कर रही है। केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में हवाई सेवाओं को मजबूत किया जा रहा है। सरकार पिथौरागढ़- देहरादून के बीच नियमित हवाई सेवा शुरु करने के लिए प्रयासरत है। इससे सीमांत के लोगों का देहरादून से सीधे सम्पर्क स्थापित हो सकेगा।
>
> **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

# मुख्यमंत्री ने देखी केरल स्टोरी-2

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मॉल ऑफ देहरादून में बहुचर्चित फिल्म 'द केरला स्टोरी 2' देखी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह फिल्म समाज में घटित हो रही संवेदनशील घटनाओं को उजागर करते हुए जागरूकता का एक सशक्त माध्यम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सामाजिक समरसता और जनसंख्या संतुलन को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड देश का पहला राज्य बना है जिसने समान नागरिक संहिता लागू कर एक ऐतिहासिक पहल की है, जो समाज में समानता और न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सख्त धर्मांतरण विरोधी कानून लागू किया गया है, जिससे अवैध और जबरन धर्मांतरण की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के कानून समाज में पारदर्शिता, सुरक्षा और विश्वास को मजबूत करने का कार्य करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य किसी विशेष वर्ग के खिलाफ नहीं, बल्कि सभी नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे जागरूक रहें और समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए अपनी भूमिका निभाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार की फिल्में समाज को सोचने और समझने का अवसर देती हैं, और सरकार ऐसे हर प्रयास का समर्थन करती है।

इस अवसर पर मेयर सौरभ थपलियाल, विधायक उमेश शर्मा काऊ, दुर्गेश्वर लाल, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला एवं अन्य जनप्रतिनिधि थे।



**■ कहा, राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सामाजिक समरसता और जनसंख्या संतुलन को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध**

### सीएम ने प्रदान की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 75 करोड़ की धनराशि

**देहरादून।** सीएम पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में बढ़ते साईबर अपराधों की चुनौतियों का सामना करने, अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्रों में अवस्थापना सुविधाओं का विकास, के साथ ही विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में सड़कों के पुर्ननिर्माण आदि से संबंधित कर्यों के लिए 75 करोड़ की धनराशि की स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में बढ़ते साईबर अपराधों और चुनौतियों से निपटाने के लिए देहरादून में साईबर उत्कृष्टता केन्द्र साईबर सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस के निर्माण के लिए 31.63 करोड, जनपद उधमसिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र किच्छा के अन्तर्गत एन.एच. 109 में पं० राम सुमेर शुक्ला राजकीय मेडिकल कॉलेज से अटरिया माता मंदिर मोड़ सिडकुल एवं आनन्दपुर होते हुए एस.एच. 44 तक सड़क पुर्ननिर्माण के लिए 22.72 करोड़ के साथ राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद उधमसिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र किच्छा के शिमला पिस्तौर कुरैया मोटर मार्ग का पुन: निर्माण एवं सुधार कार्य के लिए 19.40 करोड़ की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है।

# एसआईआर के लिए जिलेवार एक्शन प्लान बनाएं जिलाधिकारी: सीईओ

**कम मैपिंग वाले ईआरओ को होंगे नोटिस जारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने ली जिलों की समीक्षा बैठक**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड में आगामी अप्रैल माह में होने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने सचिवालय में सभी जनपदों के जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए समीक्षा की। बैठक में कम मैपिंग वाले जनपदों पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए सम्बंधित ईआरओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने शहरी क्षेत्रों और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एसआईआर का एक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने बताया कि प्रदेश में 87 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग की जा चुकी है, लेकिन जनपद देहरादून, उधमसिंह नगर और नैनीताल में मैपिंग की प्रगति कम है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा शहरी क्षेत्रों में नगर निगम के अधिकारियों,कर्मचारियों की एसआईआर के लिए तैनाती की जाए। उन्होंने बीएलओ की ट्रेनिंग कार्य लगातार चलाए जाने के निर्देश दिए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जिलाधिकारियों को एसआईआर से पूर्व सभी बूथों पर शत प्रतिशत बूथ लेवल एजेंट्स की नियुक्ति के लिए राजनैतिक दलों से बैठक करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जनपद गणना प्रपत्र के वितरण का पूरा प्लान तैयार कर दें ताकि समय पर फार्म वितरण की प्रक्रिया संपन्न कराई जा सके।

बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. विजय कुमार जोगदंडे,उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास सहित सभी जनपदों के जिलाधिकारी वर्चुअल रुप से उपस्थित रहे।



**■ शहरी क्षेत्रों में बीएलओ के साथ नगर निगम कर्मी होंगे, एसआईआर में शामिल ■ उत्तराखण्ड में अप्रैल माह से सम्भावित एसआईआर**

# अल्पसेवित, आकांक्षी श्रेणी से राज्य में 4 मेडिकल कॉलेज स्थापना को प्राथमिकता

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** केंद्र सरकार ने नए मेडिकल कॉलेज स्थापना में अल्पसेवित एवं आकांक्षी जिला श्रेणी के तहत अल्मोड़ा, रुद्रपुर, पिथौरागढ़ और हरिद्वार को प्राथमिकता दी है। इसी क्रम में एमबीबीएस और स्नातकोत्तर सीटों के सृजन में भी उत्तराखंड को लाभ मिलने जा रहा है।

सदन के पटल पर प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट द्वारा उत्तराखंड के दूरस्थ पहाड़ी जिलों में स्थित जिला अस्पतालों को अपग्रेड कर मेडिकल कॉलेज और विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने को लेकर जानकारी मांगी गई। जिसके जबाव में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बताया कि मौजूदा जिला या रेफरल अस्पतालों से संबद्ध नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए एक केंद्रीय प्रायोजित योजना का संचालन हो रहा है। जिसमें उन अल्पसेवित क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों को प्राथमिकता दी जाती है, जहां कोई मौजूदा सरकारी या निजी मेडिकल कॉलेज नहीं है।

केंद्र और राज्य सरकारों के बीच निधि बंटवारे की व्यवस्था पूर्वोत्तर और विशेष श्रेणी के राज्यों के लिए 90:10 और अन्य राज्यों के लिए 60:40 के अनुपात में है।



**■ एमबीबीएस, स्नातकोत्तर सीटों के सृजन में भी मिलेगा उत्तराखंड को लाभ**

# चारधाम यात्रा पंजीकरण 6 लाख से अधिक पहुंचा: द्विवेदी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** चारधाम यात्रा का अप्रैल माह में शुभारंभ हो रहा है आगामी यात्रा काल को ध्यान में रखकर बीकेटीसी ने बजट प्रावधान किये है।

उल्लेखनीय है कि श्री बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल तथा श्री केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल को खुल रहे है जबकि श्री गंगोत्री यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया 19 अप्रैल को खुलेंगे।

श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति ( बीकेटीसी) अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने मंगलवार को केनाल रोड देहरादून स्थित बीकेटीसी कार्यालय के निकट आयोजित प्रेस वार्ता में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप मुख्य मंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा निर्देश में केदारनाथ का पुनर्निर्माण कार्य पूरा होने के बाद अब बदरीनाथ पुनर्निर्माण कार्य चल रहे है।प्रदेश सरकार के स्तर पर धामों में यात्रा तैयारियां त्वरित गति से चल रही है।

बीकेटीसी का उद्देश्य श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सरल- और सुगम दर्शन व्यवस्था करना है। इसके लिए बजट में आवश्यक प्रावधान सुनिश्चित किए गए हैं।कहा कि उत्तराखंड चारधाम यात्रा पंजीकरण 6 लाख से अधिक पहुंचा 6 मार्च से 16 मार्च तक दो सप्ताह में केदारनाथ के लिए 206622 तथा बदरीनाथ के लिए 182212 तथा गंगोत्री धाम के लिए 115763 तथा यमुनोत्री धाम के लिए 113256 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण करवाया है।

16 मार्च तक 617853 तीर्थयात्रियों ने यात्रा पंजीकरण करवाया है। शीतकालीन यात्रा वर्ष 2025- 26 धामों के कपाट बंद होने के बाद 16 मार्च 2026 तक 50 हजार श्रद्धालुओं ने शीतकालीन पूजा स्थलों में किये दर्शन किये।

इस अवसर पर बीकेटीसी उपाध्यक्ष विजय कप्रवाण, सदस्य प्रह्लाद पुष्पवान मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड आदि मौजूद रहे।



**■ यात्रा की तैयारियों में जुटी श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति ■ इस यात्रा वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के चार धाम आने की उम्मीद**

### आगामी यात्रा वर्ष 2026-27 के लिए 121 करोड़ का बजट पारित

विगत 10 मार्च को संपन्न हुई श्री केदारनाथ-बदरीनाथ मंदिर की बैठक में गैर सनातनियों के प्रवेश पर रोक का ध्वनिमत से प्रस्ताव पारित किया गया है प्रस्ताव प्रदेश सरकार को भेजा गया है।श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) की बजट बैठक में आगामी यात्रा वर्ष 2026-27 को दृष्टिगत रखते हुए लिए 1210799501 से अधिक का अनुमानित बजट पारित किया गया।

## एक नजर .......

### सीएम धामी ने की राज्यपाल से शिष्टाचार मुलाकात

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को लोक भवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवा. निवृत्त) से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न विकास कार्यों एवं जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर राज्यपाल को अवगत कराया तथा प्रदेश के समग्र विकास, सुशासन एवं जनकल्याण से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की ।



### सीएम ने यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री बहुगुणा की पुण्य तिथि पर श्रद्धासुमन किए अर्पित

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्य तिथि के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय बहुगुणा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए कहा कि वे एक दूरदर्शी नेता एवं कुशल प्रशासक थे। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में सदैव जनहित को सर्वोपरि रखा और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया।



# अवैध निर्माण करने वालों पर एमडीडीए की ताबड़तोड़ कार्रवाई

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** शहर देहरादून में अनियंत्रित और अवैध निर्माणों पर लगाम कसने के लिए मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए कई स्थानों पर निर्माण कार्यों को सील कर दिया। प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने नियमित निगरानी, प्राप्त शिकायतों और उच्चाधिकारियों के निर्देशों के तहत विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर बिना मानचित्र स्वीकृति के हो रहे निर्माणों को चिन्हित किया और तत्काल प्रभाव से कार्रवाई की।

आजाद कॉलोनी, सना मस्जिद क्षेत्र में युनुस द्वारा किए जा रहे अवैध व्यावसायिक निर्माण को निरीक्षण के दौरान पकड़ा गया। जांच में पाया गया कि निर्माण कार्य बिना मानचित्र स्वीकृति और आवश्यक अनुमति के किया जा रहा था, जो प्राधिकरण के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। टीम ने मौके पर पहुंचकर निर्माण स्थल को सील कर दिया।

कारगी चौक स्थित कलिंगा विहार क्षेत्र में भी प्राधिकरण ने सख्ती दिखाई। यहां संजय बमोला द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्य में आवश्यक दस्तावेजों का अभाव पाया गया। प्राधिकरण की टीम ने इसे अवैध मानते हुए मौके पर ही सीलिंग की कार्रवाई की। अधिकारियों के अनुसार, दोनों ही मामलों में निर्माणकर्ताओं को पूर्व में नियमों की जानकारी दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद नियमों की अनदेखी की गई।

एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी के निर्देशों पर पछवादून क्षेत्र के सेक्टर-12 में व्यापक संयुक्त निरीक्षण एवं सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रवर्तन टीम ने क्षेत्र के विभिन्न निर्माण स्थलों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए निर्माणकर्ताओं से मानचित्र स्वीकृति, नक्शा पास होने से संबंधित दस्तावेज और अन्य आवश्यक अभिलेखों की जांच की। अभियान के दौरान कुल 14 निर्माण कार्यों की जांच की गई, जिनमें आवासीय और व्यावसायिक दोनों प्रकार के भवन शामिल थे। निरीक्षण के दौरान कई मामलों में आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके या संतोषजनक जवाब नहीं मिला। ऐसे मामलों को चिन्हित करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जायेगी। जबकि एक स्थान पर की जा रही प्लाटिंग के कार्य को तत्काल प्रभाव से रुकवाया गया गए। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।



**■ अवैध निर्माणों को किया सील ■ निर्माण स्थलों का प्रवर्तन टीम ने किया स्थलीय निरीक्षण, नियम विरुद्ध निर्माण बर्दाश्त नहीं होंगे: तिवारी**

### अवैध निर्माणों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति: तिवारी

एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माणों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति सख्ती से लागू की जा रही है। उन्होंने कहा कि देहरादून के सुनियोजित और व्यवस्थित विकास के लिए यह जरूरी है कि सभी निर्माण कार्य तय मानकों के अनुरूप हों। बिना मानचित्र स्वीकृति या नियमों का उल्लंघन कर किए जा रहे निर्माण न केवल अवैध हैं, बल्कि भविष्य में शहर की अव्यवस्था का कारण बनते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में सीलिंग के साथ-साथ ध्वस्तीकरण जैसी सख्त कार्रवाई भी की जाएगी। तिवारी ने प्रवर्तन टीम को नियमित निगरानी और त्वरित कार्रवाई के निर्देश देते हुए आमजन से नियमों का पालन करने की अपील की।

### शहर में लगातार चल रहा निरीक्षण अभियान: बर्निया

प्राधिकरण के सचिव मोहन सिंह बर्निया ने बताया कि एमडीडीए द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जहां भी अवैध निर्माण की शिकायत मिलती है, वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाती है। आज की सीलिंग कार्रवाई भी इसी क्रम का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान जिन निर्माणकर्ताओं द्वारा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बर्निया ने कहा कि प्राधिकरण का उद्देश्य शहर में अवैध निर्माणों पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित करना है और इसके लिए अभियान निरंतर जारी रहेगा।

स्थापना वर्ष-2018
NEW ADMISSION OPEN
AGM
भण्डारी सैनिक कॉनवेन्ट
निकट सरदार पुलिया, जगतपुरा, आवास विकास, रूद्रपुर
1. एडमिशन फीस पूरी माफ, ट्रॉसपोर्ट की सुविधा ।
2. नये प्रवेश पर एक साल का ट्यूशन फ्री ।
3. पुलिस / आर्मी के लिए नर्सरी कक्षा की फीस मात्र - 500/-
4. एकल माता-पिता वाले बच्चों को 50% तक की छूट
5. जूडो-कराटे, डाँस, योगासन एवं कम्प्यूटर भी निःशुल्क ।
6. सैनिक स्कूल व जवाहर नवोदय की फ्री कोचिंग ।
7. एक साल की पूरी फीस जमा करने पर दो साल की शिक्षा फ्री ।
8. विद्यालय परिसर में CCTV कैमरों की व्यवस्था ।
9. अनुभवी कर्मठ प्रधानाचार्य, प्रशिक्षित अध्यापक
प्रधानाचार्य - 98372 15759

# उत्तरकाशी में आपदा की घटनाएं, त्वरित रेस्क्यू से टला बड़ा नुकसान

■ चारधाम यात्रा से पूर्व प्रशासन ने किया मॉक ड्रिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** अतिवृष्टि के चलते भूस्खलन एवं भू-धंसाव की चार अलग-अलग घटनाएं सामने आई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी प्रशान्त आर्य ने सुबह 10 बजे आईआरएस को तत्काल सक्रिय कर दिया और जनपद आपातकालीन परिचालन केंद्र से सायरन के माध्यम से अलर्ट जारी किया गया। सभी संबंधित विभागों के अधिकारीख्रमुख्य विकास अधिकारी, आपदा प्रबंधन अधिकारी, एसडीआरएफ, पुलिस, स्वास्थ्य, राजस्व सहित अन्य नोडल अधिकारीख्रतत्काल एक्शन में आए और राहत-बचाव कार्य शुरू किया गया।



**डंडालगांव ( बड़कोट ) में भूस्खलन, 1600 यात्री फंसे**

यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर डंडालगांव के पास भूस्खलन से एक वाहन मलबे में दब गया और करीब 1600 यात्री फंस गए। त्वरित कार्रवाई में एसडीआरएफ, पुलिस व मेडिकल टीम मौके पर पहुंची। 4 घायलों को 108 एम्बुलेंस से सीएचसी बड़कोट भेजा गया, जिनकी हालत सामान्य बताई गई। एनएचआईडीसीएल द्वारा मार्ग को जल्द सुचारू कर दिया गया और 11:38 बजे रेस्क्यू ऑपरेशन समाप्त हुआ।

**'पालीगाड़ में बस दुर्घटना, 26 यात्री प्रभावित।'**

पालीगाड़ के पास एक यात्री बस करीब 30 मीटर नीचे गिर गई। बस में सवार 26 लोगों में से 20 को सुरक्षित निकाल लिया गया, जबकि 6 घायलों को उपचार हेतु सीएचसी बड़कोट भेजा गया। 11:20 बजे तक रेस्क्यू कार्य पूरा कर लिया गया।

**मनेरी बांध में रिसाव की सूचना, एक की मौत**

गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित मनेरी बांध में पानी का रिसाव और दरार की सूचना मिलते ही प्रशासन सक्रिय हुआ। 27 परिवारों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। घटना में 1 व्यक्ति की मृत्यु, 2 गंभीर और 18 सामान्य घायल हुए, जबकि 4 बड़े पशुओं की भी मौत हुई। गंभीर घायल को एयर एम्बुलेंस से एम्स ऋषिकेश भेजा गया। 11:45 बजे तक रेस्क्यू कार्य पूर्ण कर लिया गया।

**सिलक्यारा टनल में भू-धंसाव, 10 यात्री फंसे**

डुंडा तहसील के सिलक्यारा टनल में भू-धंसाव के कारण 2 वाहन और 10 यात्री फंस गए। त्वरित कार्रवाई में सभी यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया गया। 4 को मौके पर प्राथमिक उपचार दिया गया, जबकि 6 घायलों को पीएचसी ब्रह्मखाल भेजा गया। टनल से मलबा हटाकर 11:50 बजे रेस्क्यू समाप्त किया गया।

जिलाधिकारी प्रशान्त आर्य ने कहा कि मॉक अभ्यास के माध्यम से जनपद में विभिन्न विभागों की तैयारियों को परखा गया है।

उन्होंने कहा कि मॉक अभ्यास से यह स्पष्ट होता है कि किस विभाग की क्या तैयारी है और विभागों के बीच आपसी समन्वय कितना प्रभावी एवं संवेदनशील है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस तरह के अभ्यास से जहां-जहां कमियां रह जाती हैं, उन्हें समय रहते सुधारने का अवसर मिलता है, जिससे वास्तविक परिस्थितियों में बेहतर ढंग से कार्य किया जा सके। पूरे घटनाक्रम में विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय देखने को मिला। समयबद्ध रेस्क्यू कार्यों से यह स्पष्ट हुआ कि आपदा प्रबंधन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क और तैयार है।

मॉक अभ्यास में सीडीओ जय भारत सिंह, एसडीएम शालिनी नेगी, बृजेश तिवारी, देवानन्द शर्मा, सीएमओ बीएस रावत, परियोजना निदेशक अजय कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी शैलेन्द्र अमोली, ईई रजनीश सैनी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शार्दूल गुसाईं सहित अन्य अधिकारियों एवं वन, पुलिस, एसडीआरएफ, आईटीबीपी सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने भाग लिया।

# एनएसयूआई ने फूंका गढ़वाल विवि कुलपति का पुतला

अनियमितताओं के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने मंगलवार को गढ़वाल विवि के मुख्य द्वार पर कुलपति के खिलाफ प्रदर्शन किया। विरोध स्वरूप एनएसयूआई से जुडे छात्रों ने गढ़वाल विवि के कुलपति का पुतला दहन किया। छात्रों ने आरोप लगाया कि गढ़वाल विवि के कुल. पति का अधिक समय दिल्ली में व्यतीत होने के कारण वहे विश्व. विद्यालय की जमीनी समस्याओं को समझने में असमर्थ हैं। इस दौरान एनएसयूआई के अखिल राणा, भुवन, यशराज, पवन प्रवीण रावत, मयंक बहुगुणा ने कहा कि लम्बे समय से गढवाल विश्वविद्यालय में पूर्व वर्षों की भांति पीएचडी प्रवेश



करवाएं जाने की मांग की जा रही है, लेकिन विवि के अधिकारी छात्रों की मांगों कि अनदेखी की जा रही है। उन्होने गढ़वाल विवि में 50 प्रतिशत सीट नेट के आधार पर भरे जाने और 50 प्रतिशत सीट प्रवेश परीक्षा के माध्यम से भरे जाने की मांग की। साथ ही उन्होने बादशाहीथौल टिहरी में छात्रों के साथ हुई मारपीट मामलें में विवि प्रशासन के ओर से कोई भी कार्यवाही नहीं की गई है। उन्होने मारपीट मामले वाले दोषियों के खिलाफ कार्यवाही व गढ़वाल विश्वविद्यालय में हो रही अनियमितताओं के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। इस मौके पर ऋषभ, अभिषेक सहित आदि मौजूद थे।

# मैराथन बैठक के बाद गढ़वाल विवि का वार्षिकोत्सव हुआ शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि में मंगलवार को स्व. कैप्टन विजयपाल सिंह नेगी की स्मृति में बिड़ला परिसर में होने वाली अंतर संकाय सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक प्रतियोगिताएं छात्रों की मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही होने के बाद शुरू हुआ। दरहसल सोमवार को संयुक्त छात्र परिषद ने देर रात्रि तक गढ़वाल विवि के कुलसचिव सहित मुख्य नियंता को कुलसचिव कार्यालय में बंधक बनाया रखा। इस दौरान गढ़वाल विवि के अधिकारियों ने छात्रों को समझाने की कोशिश की लेकिन छात्रों ने एक न सुनी। विवि के अधिकारियों ने छात्रों कि मांगों पर बैठक आहूत करने को बात कहीं तक जाकर छात्रों ने कुलसचिव को छोडा गया। मंगलवार को छात्रों की मांगों पर चौरास स्थित शैक्षणिक क्रियाकलाप केंद्र में कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में गढ़वाल विवि के अधिकारियों एवं शिक्षकों की बैठक आहूत की गई। बैठक में छात्र संघ के पदाधिकारियों को बैठक में सम्मलित न किए जाने पर छात्रों ने कड़ा आक्रोश व्यक्त करते हुए प्रदर्शन किया। वहीं गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह की अध्यक्षता में सुबह दस बजे से शुरू हुई बैठक करीब सांय 4 बजे सम्पन्न हुई। बैठक में संयुक्त छात्र संघ की प्रमुख मांग पर सकारात्मक कार्यवाही होने पर करीब साढ़े चार बजे के करीब वार्षिकोत्सव का शुभारंभ हुआ। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपीएस गुसांई, वित्त अधिकारी प्रो. एनएस पंवार, डॉ. अजय पाल सिंह नेगी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर इस मौके पर गढ़वाल विवि के छात्र संघ अध्यक्ष महिपाल सिंह बिष्ट, उपाध्यक्ष शिवांक नौटियाल, सचिव अनिरोध पुरोहित, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सुधांशु थपलियाल, विरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि लम्बे समय से गढ़वाल विवि में पूर्व के भांति पीएचडी प्रवेश परीक्षा करावाएं जाने की मांग की जा रही थी, लेकिन विवि प्रशासन ने छात्रों की मांगों को अनसूना किया गया। जिसके चलते छात्रों को धरना पर बैठना पड़ा। कहा कि छात्रों की मांग के आगे विवि प्रशासन को झुकना पड़ा। कहा कि यह जीत उन सभी छात्रों की है, जो लम्बे समय से शोध के क्षेत्र में कार्य करना चाह रहें है। उन्होने प्रमुख मांग पर गढ़वाल विवि द्वारा सकारात्मक कार्यवाही करने पर कुलपति और विवि अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। वहीं संयुक्त परिषद ने छात्रों की मांग पर सकारात्मक कार्यवाही होने पर धरना समाप्त कर दिया है। मौके पर मुख्य नियंता प्रो. दीपक कुमार, प्रो. एचबीएस चौहान, प्रो. आरएस नेगी, डॉ. विजयकांत पुरोहित सहित आदि मौजूद थे।

# सेम गांव में चोरी की वारदात से दहशत में ग्रामीण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** भरदार पट्टी के सेम गांव में बीती रात चोरी की दो वारदात सामने आई है, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है। चोरों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री के घर में सेंध लगाकर कीमती सामान और नगदी पर हाथ साफ कर दिया, जबकि अरविंद डिमरी के घर का ताला भी तोड़कर बहुत सामान चोरी कर लिया है। घटना के बाद पुलिस जांच में जुट गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती सोमवार की रात चोरों ने भरदार पट्टी के सेम गांव में चोरी की घटना को अंजाम दिया।

यहां चोरों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्त्री शोभा देवी पत्नी स्व. खीमानंद डिमरी के घर का ताला तोड़कर फोन और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। ग्रामीण महिला शोभा देवी ने बताया कि वे किसी निजी कार्य से गांव से बाहर गई हुई थीं। उनके मकान का स्थान सुनसान होने का फायदा उठाकर चोरों ने रात के समय वारदात को अंजाम दिया। चोर घर से एक डीवीडी प्लेयर, एक नया मोबाइल फोन और करीब दो हजार रुपये की नगदी चोरी कर फरार हो गए। घटना की जानकारी सुबह उस समय हुई जब करीब 9 बजे कुछ ग्रामीण वहां से गुजर रहे थे। घर के दरवाजे और अंदर की स्थिति संदिग्ध देखकर उन्होंने जांच की, जिसके बाद चोरी का मामला सामने आया। वहीं चोरों ने ग्रामीण अरविंद डिमरी के घर का ताला भी तोड़कर सामान पर हाथ साफ किया।

सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र डिमरी ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि क्षेत्र में इस प्रकार की घटनाएं सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही हैं। उन्होंने प्रशासन से मामले में त्वरित कार्रवाई करने की मांग की है। स्थानीय ग्रामीणों ने भी जंगल और सुनसान इलाकों में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए पुलिस गश्त बढ़ाने और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

# कच्ची दुकानों की निविदा निरस्त न होने पर व्यापारी आमरण अनशन पर बैठे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** गौरीकुंडदृकेदारनाथ पैदल मार्ग पर कच्ची दुकानों के आवंटन से जुड़ी निविदा निरस्त न किए जाने से आक्रोशित व्यापारियों ने तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन आमरण अनशन शुरू कर दिया है। व्यापारियों का कहना है कि प्रशासन उनकी लंबे समय से चली आ रही मांगों की अनदेखी कर रहा है, जिससे उनके सामने आजीविका का संकट खड़ा हो सकता है।

तहसील परिसर में चल रहे इस अनशन में केदारनाथ यात्रा से जुड़े बड़ी संख्या में व्यापारी शामिल हो गए हैं। व्यापारियों का आरोप है कि वर्ष 2024 में गुप्तकाशी में आयोजित एक जनसभा के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पांच वर्षों तक दुकानों का संचालन यथावत जारी रखने का आश्वासन दिया था, लेकिन हाल ही में जिला प्रशासन द्वारा कच्ची दुकानों के आवंटन को लॉटरी



प्रणाली से कराने का निर्णय लिया गया है। उनका कहना है कि यह फैसला स्थानीय व्यापारियों के अधिकारों का हनन है।

व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक निविदा प्रक्रिया को निरस्त नहीं किया जाता, तब तक उनका आमरण अनशन जारी रहेगा। आंदोलन को क्षेत्र पंचायत प्रमुख पंकज शुक्ला और व्यापार संघ अध्यक्ष राजीव भट्ट का भी समर्थन मिला है।

दोनों नेताओं ने अनशन स्थल पर पहुंचकर व्यापारियों की मांगों को जायज बताते हुए प्रशासन से शीघ्र समाधान निकालने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों की उपेक्षा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। उन्होंने जिलाधिकारी से मामले में हस्तक्षेप कर न्यायपूर्ण निर्णय लेने की मांग की है।

आमरण अनशन के पहले दिन केदार घाटी श्रद्धालु सेवा समिति के अध्यक्ष संदीप पुष्वाण, वीरेन्द्र सिंह कोटवाल, जसवंत सिंह बिष्ट, यशपाल सिंह पंवार, जसपाल सिंह पंवार, चंद्र मोहन सिंह चौहान और प्रेम सिंह रावत अनशन पर बैठे। इस दौरान सुनील भट्ट, विजेन्द्र राणा, सुषमा, यशवीर सिंह रावत, महेंद्र सिंह रावत और महिपाल सिंह पुष्वाण सहित कई व्यापारी मौके पर मौजूद रहे।

# चिन्यालीसौड़ पालिका में दिया स्वच्छता का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिन्यालीसौड़ /उत्तरकाशी :** नगर पालिका परिषद चिन्यालीसौड़ बाजार में स्वच्छता जागरूकता के उद्देश्य से कर्तव्य फाउंडेशन के कलाकारों ने एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर स्वच्छता का संदेश दिया है । इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के महत्व और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।




नुक्कड़ नाटक के कलाकारों ने दर्शकों को कूड़ा-कचरा यत्र-तत्र न फैलाने, शौचालयों का नियमित उपयोग करने, सूखे और गीले कचरे को अलग-अलग रखने तथा पॉलीथीन के इस्तेमाल से बचने का संदेश दिया। नाटक में यह भी बताया गया कि स्वच्छता केवल एक सरकारी अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।

मंगलवार को नगर पालिका परिषद चिन्यालीसौड़ ने शहर में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए नुक्कड़ नाटक के माध्यम से श3 आरश कम उपयोग, पुनः उपयोग, पुनर्चक्रण का संदेश दिया। आम जनता को प्लास्टिक का कम उपयोग करने, वस्तुओं को दोबारा इस्तेमाल करने और कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया गया।

यह आयोजन स्वच्छता जन जागरूकता अभियान का हिस्सा था, जो स्वच्छ भारत मिशन के तहत लोगों की मानसिकता में बदलाव लाकर सफाई को आदत बनाने का एक राष्ट्रव्यापी प्रयास है। इसका मुख्य उद्देश्य एक स्वच्छ और स्वस्थ समाज का निर्माण करना है। नगर पालिका अध्यक्ष मनोज कोहली श्याम और अधिशासी अधिकारी बीरेंद्र पंवार ने बताया कि पालिका क्षेत्र में लगातार स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने जोर दिया कि स्वच्छता अभियान की सफलता के लिए जनभागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे कूड़ा निर्धारित स्थानों पर ही डालें, गीले और सूखे कचरे को अलग रखें और पॉलीथीन का उपयोग न करें। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ही चिन्यालीसौड़ पालिका को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है।

इस अवसर पर 7 वार्डों के सभासद प्रवीन गुंसोला, सिद्धार्थ नौटियाल, मनीष कुकरेती, मनवीर, लीला देवी, श्रीमती बिशना देवी, श्रीमती सविता देवी एवं नगर के समर्पित पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

# सभागार में तहसील दिवस आयोजित, 64 शिकायत दर्ज, 25 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

**रणबीर नेगी**

**चमोली।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ अभिषेक त्रिपाठी की अध्यक्षता में मंगलवार को विकासखंड दशौली चमोली के ब्लॉक सभागार में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन की समस्याओं को सीधे सुनकर उनका त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना रहा। तहसील दिवस में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे ग्रामीणों ने मोटर मार्ग, पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा जंगली जानवरों द्वारा फसलों को हो रहे नुकसान सहित अन्य जनसमस्याओं से संबंधित कुल 64 शिकायतें दर्ज कराई।

ग्राम सभा मोली के प्रधान भगत सिंह फर्स्वाण ने मोली हड़ूंग में चिड़िया घर बनाने की मांग, ब्यारा से तडागताल सडक निर्माण कार्य, बीएसएनल का टावर नेटवर्क चालू नहीं हो पाया जिससे मनरेगा में कार्य करने में ग्रामीण जनों को कठिनाइयों का सामना करने बाबत शिकायत दर्ज की। ग्राम प्रधान पूर्व प्रधान ब्यारा बृज लाल ने लोक निर्माण विभाग की कार्यदाई संस्था ब्रिडकुल द्वारा निजमुला विरही मोटर मार्ग में पेंटिंग, नाली निर्माण, धीमी गति से होने को लेकर शिकायत दर्ज की। नगर पंचायत पीपलकोटी अध्यक्ष आरती नवानी ने टीएचडीसी के कार्यदायी संस्था के द्वारा टनलों में बहुत बड़े व भारी मात्रा में विस्फोट, पेयजल, चारापती, स्वास्थ्य शिक्षा सहित अन्य शिकायत दर्ज की।

मुख्य विकास अधिकारी ने जनसमस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील दिवस के दौरान प्राप्त शिकायतों में से 25 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करते हुए शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को जनता की समस्याओं को शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए ताकि आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। अधिकारियों ने भी ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

इस दौरान ब्लॉक प्रमुख दशौली विनीता देवी, नगर पंचायत पीपलकोटी अध्यक्ष आरती नवानी, परियोजना निदेशक आनंद सिंह भाकुनी, उपजिलाधिकारी आरके पांडे, तहसीलदार दीप्ति शिखा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# डागर और हिसरियाखाल पट्टी में आईटीआई खोले जाएं

**श्रीनगर।** देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत डागर पट्टी एवं हिसरियाखाल और पाटाखाल पट्टियों में राजकीय औद्योगिकी संस्थान (आईटीआई) खुलवाये जाने की मांग को लेकर डागर संघर्ष समिति के सयोजक एवं भाजायुमो के पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गौरव मोहन राणा ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा से वार्ता की। इस दौरान उन्होने देवप्रयाग विस क्षेत्र के डागर, हिसरियाखाल और पाटाखाल पट्टियों में राजकीय औद्योगिकी संस्थान खुलवाये जाने की मांग की। कहा कि संबंधित पट्टियों में राजकीय औद्योगिकी संस्थान खुलने से आस-पास के युवाओं को लाभ मिलेगा।। उन्होने दोनों विकासखंडों में आंचल डेयरी की तर्ज पर उप-डेयरियों का निर्माण कार्य करवाने एवं विकासखंड कीर्तिनगर में दुग्ध संघ उपखंड कार्यालय की स्थापना करवाने की मांग की है।

# आवारा पशुओं से परेशान महिलाएं गाय को लेकर पहुंचीं तहसील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली** / मंगलवार को थराली में एक अनूठा विरोध प्रदर्शन देखने को मिला जहां आवारा पशुओं से परेशान कुलसारी ,बसर और आसपास की महिलाएं एक गाय को लेकर पैदल मार्च करते हुए कुलसारी से तहसील परिसर में पहुंची और उपजिलाधिकारी थराली पंकज भट्ट से आवारा पशुओं से निजात दिलाने की गुहार लगाने लगी

महिलाओं ने कहा कि लोग अपने पालतू पशुओं जैसे गाय और बैलों को दोहन के बाद छोड़ दे रहे हैं ऐसे में ये आवारा पशु बाजार क्षेत्रो से सटे गांवों में पहुंचकर लहलहाती फसल को बर्बाद कर रहे हैं ,इससे पूर्व भी गांव की महिलाओं ने चंदा एकत्र कर इन आवारा पशुओं को गौ सदन और गौ आश्रमो तक पहुंचाया था



बावजूद इसके लगातार लोग अपने पालतू पशुओं को कुलसारी की ओर छोड़ दे रहे हैं।

ऐसे में महिलाओं ने छोड़ी गई गाय को लेकर कुलसारी से तहसील तक पैदल मार्च निकालते हुयर अपना विरोध जताया ,वहीं छोड़ी गई गाय को उपजिलाधिकारी थराली पंकज भट्ट द्वारा गौ सदन में भिजवाया गया ,साथ ही उपजिलाधिकारी थराली पंकज भट्ट ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे इस तरह से उपयोग के बाद अपने पशुओं को न छोड़ें, उपजिलाधिकारी भट्ट ने आश्वस्त किया कि पशुपालन विभाग की मदद से दोहन के बाद पशुओं को सड़क पर छोड़ने वालो पर नजर बनाई जाएगी ,यदि ऐसा कार्य करते कोई पकड़ा जाता है तो उसके विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही अमल में लायी जाएगी. इस मौके पर सुनीता भंडारी, दीपा देवी, प्रेमा चंदौला,आदि लोग मौजूद थे

# विधायक की छवि धूमिल करने वालों पर कार्यवाही की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कीर्तिनगर।** सोशल मीडिया पर देवप्रयाग विधानसभा के विधायक विनोद कंडारी ने खिलाफ अर्नगल बयानबाजी करने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा समेत कई कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कोतवाली कीर्तिनगर पहुंचकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। मामला देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी की छवि से जुड़ा होने के कारण क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। ज्ञापन में विजयपाल राणा, जगदम्बा गुसांईं, प्रियंका, सविता शाह, आशा पैन्यूली, प्रकाश जोशी और मनमोहन रावत ने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर प्रसारित किये गए वीडियो में देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी के लिए अभद्र, असत्य एवं भ्रामक बातें कही गई हैं, जिससे उनकी व्यक्तिगत, सामाजिक और राजनैतिक छवि धूमिल करने का प्रयास किया गया है। शिकायतकर्ताओं ने कहा कि वीडियो में लगाए गए आरोप पूरी तरह निराधार हैं, जिससे समाज में गलत संदेश जा रहा है। शिकायतकर्ताओं ने वीडियो पोस्ट को तत्काल हटाने, वीडियो बनाने व सोशल मीडिया पर प्रसारित करने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाने और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को दंडित करने की मांग की है। मौके पर किरन सिलवाल, अनीता, सरिता, पुष्पा, दुर्गा, रामेश्वरी, संदीप आदि मौजूद रहे।

फोटो...श्रीपी.....02। कीर्तिनगर कोतवाली में विधायक के खिलाफ अनर्गल बयानबाजी करने पर कोतवाली को ज्ञापन प्रेषित करते हुए।

# पुरोला तहसील में आधार मोबाइल लिंक कराने उमड़ी भीड़, फामर्र रजिस्ट्री बनने से बढ़ी किसानों की परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरोला /उत्तरकाशी** 17, मार्च: जनपद के पुरोला तहसील परिसर में इन दिनों आधार कार्ड से मोबाइल नंबर लिंक कराने के लिए लोगों लंबी कतारे देखने को मिल रही है। दूर-दराज के गांवों से पहुंचे ग्रामीण सुबह से ही लाइन में लग रहे हैं, लेकिन देर शाम तक भी कई लोगों का नंबर नहीं आ पा रहा है। ऐसे में कई लोगों को बिना काम हुए ही निराश होकर बैरंग लौटना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर चारख्रपांच आधार सेवा केंद्र और होते तो लोगों को काफी राहत मिलती। एक छोटे से काम के लिए लोगों का पूरा दिन खराब हो रहा है। सर बडियार क्षेत्र से पहुंचे कुछ ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें आधार से मोबाइल नंबर लिंक कराने के लिए दो से तीन दिन तक समय लग रहा है, जिससे उनकी रोजमर्रा की



खेती और अन्य काम प्रभावित हो रहे हैं। पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अमीचंद शाह ने भी इस व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि न्याय पंचायत स्तर पर एक-एक आधार केंद्र खोल दिया जाए तो ग्रामीणों को बड़ी राहत मिल सकती है।

दरअसल इन दिनों उत्तराखंड में किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाने का अभियान चल रहा है। इसके तहत किसानों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है, जिसमें किसान की व्यक्तिगत जानकारी, आधार विवरण, मोबाइल नंबर और भूमि से जुड़ी जानकारी दर्ज की जाती है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य किसानों को सरकारी योजनाओं, सब्सिडी, बीमा और अन्य कृषि लाभ सीधे और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराना है।

फार्मर रजिस्ट्री के लिए आधार से मोबाइल नंबर लिंक होना जरूरी किया गया है, इसी कारण बड़ी संख्या में किसान आधार अपडेट कराने के लिए तहसील और आधार केंद्रों में पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि योजना अच्छी है, लेकिन इसके लिए पर्याप्त केंद्र और सुविधाएं भी बढ़ाई जानी चाहिए, ताकि किसानों को इस तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# सीएम ने स्मारिका 'प्रयास बेहतर कल के लिए' का किया विमोचन

■ मानव जीवन में अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं खेलः मुख्यमंत्री




शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड सचिवालय बैडमिंटन क्लब द्वारा प्रकाशित स्मारिका "प्रयास बेहतर कल के लिए" का विमोचन किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्मारिका के प्रकाशन हेतु क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की पहलें न केवल खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करती हैं, बल्कि सकारात्मक कार्य संस्कृति के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल मानव जीवन में अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने सचिवालय कर्मियों से नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य सुदृढ़ होता है, जिसका सकारात्मक प्रभाव कार्यकुशलता पर भी पड़ता है।

मुख्यमंत्री ने स्मारिका में प्रकाशित लेखों, उपलब्धियों एवं गतिविधियों की सराहना करते हुए आशा व्यक्त की कि यह प्रकाशन आने वाले समय में और अधिक लोगों को खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित करेगा।

इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. के सुधांशु, सचिव विनय शंकर पांडेय, उत्तराखण्ड सचिवालय बैडमिंटन क्लब के अध्यक्ष हीरा सिंह बसेड़ा, प्रधान संपादक भूपेंद्र सिंह बसेड़ा, महासचिव प्रमोद कुमार, कोषाध्यक्ष चंदन बिष्ट, संयुक्त सचिव पुष्कर सिंह नेगी, सदस्य चंद्रशेखर, रंजीत सिंह, दीपक बिष्ट, विमला आर्या, दीपा बोहरा और संदीप कुमार मौजूद थे।

## 136 व्यवसायिक गैस सिलेंडर की आपूर्ति

**देहरादून।** एलपीजी गैस की कालाबाजारी रोकने तथा शत प्रतिशत होमडिलिविरी सुनिश्चित करवाने के जिलाधिकारी सविन बसंल के निर्देशों के अनुपालन में जिले में क्षेत्रवार क्यूआरटी टीम गठित की गई है। क्यूआरटी टीम मंगलवार क्षेत्रवार गैस एजेंसियों के निरीक्षण करते हुए एलपीजी गैस की मांग, आपूर्ति आदि सभी गतिविधियों देखी।

डीएम के निर्देशों के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी वित्त एंव राजस्व के के मिश्रा कन्ट्रोलरूम से जिले में गैस वितरण, आपूर्ति की मॉनिटिरिंग जनमानस की समस्या के निस्तारण हेतु निगरानी बनाए हुए है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में आज लगभग 12004 अधिक उपभोक्ताओं को घरेलू तथा 136 अपभोक्ताओं को व्यवसायिक गैस सिलेंडर की आपूर्ति की गई है। जबकि घरेलू गैस सिलेंडर में 75 हजार के लगभग बैकलॉग है। एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

## केंद्र से नदियों की सफाई एवं बाढ़ प्रबंधन के लिए विशेष आर्थिक पैकेज की मांग

■ नदी पुनरुद्धार और वैज्ञानिक तकनीकी से सफाई के लिए "हिमालयी नदी प्रबंधन पैकेज" जरूरी: भट्ट

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने केंद्र से उत्तराखंड में नदियों की सफाई, प्रबंधन एवं बाढ़ नियंत्रण के लिए विशेष आर्थिक पैकेज की मांग की है। जिसमें उन्होंने नदियों के पुनरुद्धार और वैज्ञानिक तकनीकी से सफाई की गंभीर समस्या निवारण के लिए एक विशेष "हिमालयी नदी प्रबंधन पैकेज" पर जोर दिया।

उनके द्वारा आज राज्यसभा में विशेष उल्लेख के दौरान उत्तराखंड की नदियों में जमा मलवे की सफाई, जल प्रबंधन तथा बाढ़ नियंत्रण की समस्या की तरफ ध्यान आकृष्ट कराया गया।

उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों में आई दैवीय आपदाओं के कारण अलकनंदा, मंदाकिनी, भागीरथी और धौलीगंगा जैसी प्रमुख नदियों के तल में भारी मात्रा में मलबा जमा हो गया है। जिससे नदियों का तल ऊपर उठ रहा है और मामूली वर्षा में भी जलस्तर खतरे के निशान को पार कर जाता है।

उन्होंने इस गंभीर स्थिति को देखते हुए केंद्र सरकार से इस विशेष परिस्थिति का सामना करने के लिए विशेष आर्थिक पैकेज देने का आग्रह किया है।

जिसके तहत उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए नदियों के पुनरुद्धार और वैज्ञानिक सफाई के लिए एक विशेष "हिमालयी नदी प्रबंधन पैकेज" जारी किया जाए। इसके साथ ही नदियों से निकाले गए मलबे के वैज्ञानिक निस्तारण और उसके व्यावसायिक उपयोग के लिए स्पष्ट नीति बनाई जाय।

# देह व्यापार के अड्डे पर पुलिस का छापा महिला संचालिका सहित तीन गिरफ्तार

■ तीन पीड़ित युवतियों को मौके से किया सुरक्षित रेस्क्यू

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को मिली गोपनीय सूचना पर कार्यवाही करते हुए कोतवाली कैंट और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) की संयुक्त टीम ने बिंदाल क्षेत्र में चल रहे एक देह व्यापार के अड्डे का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने गांधी नगर में रघुनाथ मंदिर के पास स्थित एक घर में छापेमारी कर संचालिका समेत तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जबकि तीन पीड़ित युवतियों को मौके से सुरक्षित रेस्क्यू किया गया है।

एसएसपी को सूचना मिली थी कि बिंदाल क्षेत्र के एक मकान में अनैतिक देह व्यापार का धंधा संचालित किया जा रहा है। इस पर क्षेत्राधिकारी मसूरी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने सोमवार की रात को चिन्हित मकान पर औचक दबिश दी। छापेमारी के दौरान घर के अंदर तीन महिलाएं और दो पुरुष आपत्तिजनक स्थिति में पाए गए। मौके से पुलिस ने भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री और चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं।पुलिस की पूछताछ में मुख्य अभियुक्ता रानी देवी पत्नी दीपक कुमार, निवासी मकान नंबर 59, रघुनाथ मंदिर, गांधीनगर, देहरादून ने बताया कि वह पिछले कुछ समय से अभियुक्त आशीष कुमार पाण्डे के साथ मिलकर इस अवैध धंधे को चला रही थी। रानी देवी व्हाट्सएप के माध्यम से ग्राहकों को युवतियों की फोटो भेजती थी और वहीं पर रेट और मिलने का स्थान तय किया जाता था। गिरोह का दूसरा सदस्य आशीष कुमार पाण्डे पुत्र सुरेश चन्द पाण्डे, निवासी वैशाली नगर, जयपुर (राजस्थान) युवतियों को ग्राहकों तक पहुंचाने का काम करता था, जिसके बदले उसे मोटा कमीशन मिलता था। तीसरा गिरफ्तार अभियुक्त फुलो खान पुत्र मुस्लिम खान, निवासी शास्त्री नगर, खाला कैंट, देहरादून है।पूछताछ में यह भी सामने आया है कि संचालिका रानी देवी बाहरी राज्यों से युवतियों को देहरादून में काम दिलाने के बहाने बुलाती थी और उनकी मजबूरी का फायदा उठाकर उन्हें इस दलदल में धकेल देती थी। पुलिस ने सभी अभियुक्तों के विरुद्ध कोतवाली कैंट में अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम (मु.अ.सं. 48/26) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम में क्षेत्राधिकारी जगदीश पंत, प्रभारी निरीक्षक एएचटीयू प्रदीप पंत और चौकी प्रभारी बिंदाल विनयता चौहान मुख्य रूप से शामिल रहे।

## बर्फ पड़ी, तो खिल उठे पर्यटकों के चेहरे

**टिहरी।** जहां एक ओर मैदानी इलाकों में पारा चढ़ने लगा है तो वहीं टिहरी जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में मौसम का अलग ही रूप देखने को मिल रहा है। जहां सीमांत गंगी गांव में पिछले तीन दिनों से लगातार बर्फबारी हो रही है. जिससे पूरा क्षेत्र बर्फ की सफेद चादर से ढक गया है। ऐसे में पर्यटक सीधे गंगी गांव पहुंच रहे हैं। जो बर्फ को देखकर खुशी से झूमते नाचते हुए भी नजर आए। बता दें कि उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में मार्च महीने में बर्फबारी देखने को मिल रही है। जिससे किसानों के चेहरों पर रौनक लौट आई है. साथ ही इस बार सर्दियों में कम बारिश और बर्फबारी के कारण सेब समेत अन्य फलों की फसल प्रभावित हो रही थी। वहीं, टिहरी जिले का दूरस्थ गांव गंगी भी बर्फबारी के चलते पर्यटकों से भी गुलजार हो गया है। काफी संख्या में पर्यटक यहां पहुंचकर बर्फबारी का लुत्फ उठा रहे हैं, जिससे स्थानीय पर्यटन को भी बढ़ावा मिल रहा है।

# घेरबाड़ के लिए जनपदवार प्रस्ताव शीघ्र तैयार किए जाएं : जोशी

■ कृषि मंत्री ने की कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** कृषि मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को अपने कैंप कार्यालय में कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान कृषि मंत्री जोशी ने केंद्र सरकार द्वारा घेरबाड़ (फेंसिंग) के लिए 90 करोड़ रुपये में से राज्य को 25 करोड़ रुपये की प्राप्त स्वीकृति के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपदवार प्रस्ताव शीघ्र तैयार किए जाएं। साथ ही शेष राशि की स्वीकृति के लिए भारत सरकार को भेजी जाने वाली आवश्यक कागजी कार्रवाई भी जल्द से जल्द पूर्ण की जाए, ताकि किसानों को इसका लाभ समय पर मिल सके।

उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि राज्य सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए कृषि एवं उद्यान विभाग में घेरबाड़ के लिए 20 करोड़ रुपये के बजट के अंतर्गत जिलेवार कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत की जाए। बैठक के दौरान मंत्री जोशी ने केंद्र एवं राज्य पोषित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

इस अवसर पर सचिव कृषि एसएन पांडेय, कृषि एवं उद्यान महानिदेशक वंदना सिंह, निदेशक कृषि दिनेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## वाहन चोरी का खुलासा डिलीवरी ब्वाय समेत तीन गिरफ्तार

**देहरादून।** राजधानी में वाहन चोरों के खिलाफ एसएसपी के सख्त निर्देशों का असर दिखने लगा है। दून पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए वाहन चोरी की तीन घटनाओं का सफल खुलासा किया है। पुलिस ने चोरी की दो बाइक और एक स्कूटी बरामद कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक फूड डिलीवरी बॉय भी शामिल है।पकड़े गए अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि वे महंगे शौक, वाहन चलाने की इच्छा और नशे की लत को पूरा करने के लिए चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। डालनवाला क्षेत्र से पकड़ा गया अभियुक्त नीतीश कुमार यादव मूल रूप से बिहार का निवासी है और देहरादून में फूड डिलीवरी बॉय का काम करता है।पुलिस ने भानियावाला से चोरी हुई स्प्लेंडर बाइक के साथ अभियुक्त विनय नेगी (21 वर्ष) को गिरफ्तार किया। पटेलनगर पुलिस ने विनोद (28 वर्ष) को चोरी की स्प्लेंडर बाइक के साथ दबोचा। वहीं डालनवाला पुलिस ने सेंटेरियो मॉल के बाहर से चोरी हुई एक्टिवा स्कूटी के साथ नीतीश कुमार यादव को गिरफ्तार किया गया।एसएसपी के निर्देश पर गठित टीमों ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। पूर्व में जेल जा चुके अपराधियों के भौतिक सत्यापन और सटीक सूचना के आधार पर तीनों अभियुक्तों को दबोचकर जेल भेज दिया गया है।

# टीम गोदियाल को हाई कमान की हरी झंडी!

■ दिल्ली में हुई उत्तराखंड कांग्रेस की अहम बैठक

■ प्रदेश के ज्वलंत मुद्दों व आगामी विधानसभा चुनाव पर हुआ गहन मंथन

शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** नई दिल्ली में मंगलवार को उत्तराखंड कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन उत्तराखंड प्रभारी कुमारी शैलजा के नेतृत्व में किया गया। बैठक में प्रदेश से जुड़े ज्वलंत मुद्दों, जनहित के विषयों तथा आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर व्यापक और गंभीर चर्चा की गई। सूत्रों के मुताबिक टीम गोदियाल को हाई कमान से हरी झंडी मिल गई हैं, शीघ्र ही पीसीसी का ऐलान कर दिया जाएगा।

वही, बैठक के दौरान प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों का गहन विश्लेषण करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरने और जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने की रणनीति पर विशेष जोर दिया गया। नेताओं ने स्पष्ट किया कि पार्टी जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए आगामी चुनाव में मजबूती के साथ उतरने के लिए प्रतिबद्ध है।

बैठक में यह भी तय किया गया कि महंगाई, बेरोजगारी, कानून-व्यवस्था और विकास जैसे मुद्दों को लेकर प्रदेशभर में व्यापक अभियान चलाया जाएगा। साथ ही संगठनात्मक ढांचे को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ाने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

इस महत्वपूर्ण बैठक में सीडब्ल्यूसी सदस्य गुरदीप सिंह सप्पल, उत्तराखंड सहप्रभारी सुरेंद्र शर्मा, मनोज यादव, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, चुनाव प्रचार समिति अध्यक्ष प्रीतम सिंह, चुनाव प्रबंधन समिति अध्यक्ष डॉ हरक सिंह रावत, एआईसीसी सदस्य ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी, सीडब्ल्यूसी सदस्य करन माहरा, राष्ट्रीय सचिव काजी निजामुद्दीन, पूर्व मंत्री एवं विधायक तिलक राज बेहद, पूर्व राष्ट्रीय सचिव प्रकाश जोशी तथा उपनेता सदन भुवन कापड़ी सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

## बदलते मौसम में टी.बी. रोगियों की देखभाल जरूरी: डॉ. एस. फारूक

**देहरादून।** टर्नर रोड, देहरादून स्थित हिमालया वेलनेस कंपनी यूनिट के अध्यक्ष डॉ. एस. फारूकध की ओर से टी.बी. रोगियों को 100 पोषक तत्व किट वितरित की गईं। इस अवसर पर दून अस्पताल के टी.बी. विभाग के स्टाफ, स्वयंसेवक तथा आयुष आर्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. एस. फारूकध ने सभी को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की सलाह दी और बदलते मौसम में स्वास्थ्य बेहतर रखने के लिए हल्दी, काली मिर्च, लहसुन और अदरक के उपयोग के बारे में उपयोगी सुझाव दिए। इस अवसर पर उन्होंने यह भी सलाह दी कि डॉक्टरों द्वारा बताई गई दवाइयों और पोषक तत्वों का नियमित सेवन करने के साथ-साथ घर और आसपास के वातावरण को साफ-सुथरा रखा जाए।

# ऑपरेशन क्रैकडाउनः सैकड़ों मकानों का सत्यापन

■ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, लाखों का लगाया जुर्माना

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** राजधानी में अपराध और अपराधियों पर लगाम कसने के लिए एसएसपी के सख्त निर्देशों पर 'ऑपरेशन क्रैकडाउन' के तहत पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है।

कोतवाली कैंट क्षेत्र के आधा दर्जन मोहल्लों में चलाए गए इस सघन सत्यापन अभियान से संदिग्धों और नियमों की अनदेखी करने वाले मकान मालिकों में हड़कंप मच गया। सोमवार और मंगलवार को कोतवाली कैंट पुलिस की टीमों ने आजाद कॉलोनी, गोविंदगढ़, यमुना कॉलोनी, ईदगाह और बिंदाल क्षेत्र में व्यापक स्तर पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने क्षेत्र में रह रहे बाहरी जनपदों और राज्यों के कुल 780 व्यक्तियों के दस्तावेजों की जांच कर उनका सत्यापन किया। अभियान के दौरान मौके पर पहचान संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज न दिखा पाने वाले 90 संदिग्ध व्यक्तियों को पूछताछ के लिए थाने लाया गया, जिनकी पृष्ठभूमि की बारीकी से जांच की जा रही है। पुलिस ने उन मकान मालिकों के खिलाफ भी कड़ा रुख अपनाया है जिन्होंने बिना पुलिस सत्यापन के किराएदार रखे थे। नियमों की अनदेखी करने वाले 43 मकान मालिकों का 83 पुलिस एक्ट के तहत चालान किया गया, जिनसे कुल 4 लाख 30 हजार रुपये का भारी जुर्माना वसूला गया। इसके अतिरिक्त, सार्वजनिक स्थानों पर नियमों का उल्लंघन करने वाले 15 अन्य व्यक्तियों का 81 पुलिस एक्ट में चालान कर 3750 रुपये का दंड लगाया गया। एसएसपी के अनुसार, अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पूरे जनपद में यह सत्यापन अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# दून के सरकारी स्कूलों में डिजिटल क्रांति

■ 168 विद्यालयों में लगेंगे स्मार्ट टीवी

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** जनपद के सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्वरूप अब पूरी तरह बदलने जा रहा है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन और जिलाधिकारी सविन बंसल की विशेष पहल श्प्रोजेक्ट उत्कर्षश के अंतर्गत देहरादून के सभी 168 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों को स्मार्ट तकनीक से लैस करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला प्रशासन की इस ऐतिहासिक पहल का उद्देश्य सरकारी स्कूलों के बच्चों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है।

शिक्षा के आधुनिकीकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए जिलाधिकारी ने जिला खनन न्यास निधि से 3.67 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस बजट से कुल 884 स्मार्ट टीवी खरीदे गए हैं, जिनकी आपूर्ति सभी विद्यालयों में कर दी गई है और अब तेजी से इंस्टालेशन का कार्य किया जा रहा है। इन स्मार्ट टीवी के माध्यम से छात्र अब ऑडियो-वीडियो कंटेंट, ई-लर्निंग मॉड्यूल और डिजिटल पाठ्य सामग्री का लाभ उठा सकेंगे, जिससे पढ़ाई अधिक रोचक और प्रभावी होगी।

जिलाधिकारी सविन बंसल ने बताया कि निजी और सरकारी विद्यालयों के बीच डिजिटल अंतर को पाटने के लिए यह कदम उठाया गया है। स्मार्ट टीवी लग जाने से छात्रों को दीक्षा पोर्टल, पीएम ई-विद्या और वर्चुअल कक्षाओं जैसी आधुनिक सुविधाएं आसानी से मिल सकेंगी। उन्होंने बताया कि टीवी की खरीद जेम पोर्टल के माध्यम से पूरी पारदर्शिता के साथ की गई है।

गौरतलब है कि इससे पहले भी जिला प्रशासन ने 5 करोड़ रुपये के सीएसआर फंड से जिले के सभी सरकारी स्कूलों को फर्नीचर युक्त किया था। अब स्मार्ट तकनीक के जुड़ने से जनपद के सरकारी स्कूल राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप तैयार हो रहे हैं। जिलाधिकारी ने इसे शिक्षा के क्षेत्र में एक मील का पत्थर बताते हुए कहा कि प्रशासन छात्रों को आधुनिक संसाधनों से जोड़ने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

## अब बंदरों को पकड़ेगी नगर निगम की टीम

**देहरादून।** नगर निगम के आउटर क्षेत्र से यह टीम में बंदर पकड़ने का काम कर रही है इनको प्रति बंदर के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। नगर निगम देहरादून की ओर से अब बंदर पकड़ने की प्रक्रिया तेज हो गई है। नगर निगम ने चिड़ियापुर की टीम को बंदर पकड़ने का ठेका दिया है। यह टीम देहरादून शहर से बंदर भी पकड़ेगी और उन्हें चिड़ियापुर ले जाकर नसबंदी भी करेगी। नसबंदी कराने के बाद बंदर को जंगल में जाकर छोड़ा जाएगा। नगर निगम पशु अनुभाग के प्रभारी डॉक्टर वरुण अग्रवाल के अनुसार नगर निगम के आउटर क्षेत्र से यह टीम में बंदर पकड़ने का काम कर रही है इनको प्रति बंदर के हिसाब से भुगतान किया जाएगा।


यूजेवीएन लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालयः "उज्जवल" महारानी बाग, जी० एम० एस० रोड, देहरादून-248006
दूरभाषः 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763508,
CIN No. U40101UR2001SGC025866 वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्रांकः 227 दि0: 17.03.2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनु0 एवं उत्पा0) ढालीपुर विद्युत गृह, इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित करता है। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् हैः

**निविदा सं0– ई. 16/EE/M&G/DLR/ 2025-26 :** ढालीपुर पॉवर हाउस की मशीन संख्या-स के ड्रॉफ्ट टयूब चेम्बर एवं स्टेवेन्स की कोटिंग हेतु।

**कार्य की अनुमानित लागत :** रू0 49,74,964/- (जीएसटी अतिरिक्त)

**निविदा की उपलब्धता की तिथि :** 17.03.2026 प्रात 11:00 बजे

**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि :** 31.03.2026 को 16:00 बजे तक

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेवसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेवसाइट **www.ujvnl.com** से डाउनलोड किये जा सकते है।

(अधिशासी अभियन्ता)

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"



उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, चकराता (मु0-कालसी), देहरादून
वेबसाइट-www.upcl.org, ई-मेल edc.chakrata@upcl.org, edcchakrata@gmail.com, दूरभाष- 9411746161

निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु, आयकर, ई०पी०एफ०, वस्तु एवं सेवाकर एवं ई०एस०आई० में पंजीकृत विद्युत कार्यों हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रदत्त "ए" क्लास लाइसेन्सधारक अनुभवी ठेकेदारो से, मोहरबन्द निविदायें दो भागों में (प्रथम भाग में धरोहर राशि, जो अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, विकासनगर के नाम बनाई जायेगी, 180 दिनो के लिए वैद्य हो एवं नियम व शर्ते, प्रपत्र इत्यादि तथा द्वितीय भाग में दरें हों) दिनांक **02-04-2026** को **15:00** बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं जिनका प्रथम भाग, उसी दिन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में **15:30** बजे सार्वजनिक रूप से खोला जाएगा। निविदा प्रपत्र का नकद शुल्क कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, विकासनगर में जमा कराने के उपरान्त, निविदा प्रपत्र एवं सम्बन्धित विवरण अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनांक **01-04-2026** को सांय **17:00** बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा विक्रय करने की तिथि/खुलने की तिथि को किसी कारण अवकाश होने पर उक्त कार्य अगले कार्य दिवस पर होगा। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा। विस्तृत नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र में वर्णित है।

**निविदा सं०. 58/वि०वि०म०च०(का०)/2025-26:** विद्युत वितरण खण्ड, बडकोट के अधीन विद्युत वितरण उपखण्ड, बड़कोट के अन्तर्गत श्री यमुनोत्री धाम यात्रा हेतु श्री यमुनोत्री धाम के पैदल मार्ग (जानकीचट्टी से यमुनोत्री धाम तक) स्ट्रीट लाईट लगाने एवं लाईन अनुरक्षण का कार्य।

**धरोहर राशि रू0 68,000.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1000.00+ जी०एस०टी० अतिरिक्त ।**

पत्रांकः 467/वि0वि0म0च0/उपाकालि0 दिनांकः 17-03-2026 **अधीक्षण अभियन्ता**

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल0ई0डी0 बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं० 1912) विद्युत बिलों के 24X7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाए। (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं0 1800 180 4185/फैक्स संख्या 0135-2760911 पर दें।)



यूजेवीएन लिमिटेड
मुख्यालयः "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष सं0 : 0135-2763808, फैक्स न0 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0 U40101UR2001SGC025866, वैबसाइटः www.ujvnl.com

पत्र सं. 222 तिथि विस्तार सूचना-1 दिनांकः 17.03.2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, (जानपद अनुरक्षण), यूजेवीएन लिमिटेड, यमुना भवन, देहरादून द्वारा आमंत्रित निविदा संख्या -16/EE(C-M)/DDN/2025-26 की तिथि अपरिहार्य कारण से निम्नानुसार विस्तारित की जाती है।

निविदाओं की हार्ड कॉपी जमा करने की अन्तिम तिथिः 30 मार्च 2026 को 17.00 बजे तक।

निविदा खोलने की तिथिः 01 अप्रैल 2026 को 12.30 बजे

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट **http://uktenders.gov.in**" से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

अधिशासी अभियन्ता (जानपद-अनुरक्षण)

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"



यूजेवीएन लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006, सिन नं: U40101UR2001SGC025866
दूरभाष सं0 0135-2763508, 2763808, फैक्सः 0135-2763507 वैबसाइटः www.ujvnl.com

सं0 224 तिथि विस्तार सूचना-03 दिनांक 17.03.2026

अपरिहार्य कारणो से"महाप्रबन्धक (जानपद-अनुरक्षण), व्यासी परियोजना सह महाप्रबन्धक (जानपद) आराकोट त्यूनी एवं त्यूनी प्लासू, डाकपत्थर देहरादून, के प्रयोगार्थ एक नग डीजल वाहन (महिन्द्रा स्कॉपियो मॉडल S-11क्लासिक/ स्कॉपियो-N या समकक्ष) ड्राइवर सहित एक वर्ष के लिए किराये पर लगाने हेतु" आमन्त्रित निविदा सं0-21/2025-26/EE(C-M)Vyasi Project, की तिथियां निम्नवत् विस्तारित की जाती है।

**वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की अन्तिम तिथि :** 24.03.2026 को 13:00 बजे तक।

**मूल रूप में निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि :** 24.03.2026 को 16:00 बजे तक।

**निविदा खोलने की तिथिः** 25.03.2026 (15:30 बजे प्रातः)

निविदा की अन्य समस्त शर्ते यथावत रहेंगी। निविदा संबंधित परिशिष्ट, शुद्धिपत्र अथवा निरस्तीकरण के विवरण की जानकारी निगम वेबसाइट https://www.ujvnl.com से ली जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता (जानपद-अनुरक्षण)

" बिजली के दुरूपयोग से बचें"



उत्तराखण्ड पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) कारपोरेट आईडेन्टीटी नं0: UA40109UP2001SGC025867/2358
विक्टोरिया क्रास विजेता गबर सिंह ऊर्जा भवन, कांवली रोड़, देहरादून-248001,
दूरभाष संख्याः 0135-2763672-76, वेबसाईट www.uktenders.gov.in

ई-निविदा विस्तार सूचना

इस कार्यालय द्वारा पूर्व में प्रकाशित ई-निविदा विशिष्टीकरण संख्या सी.सी.पी.-II/20/2025-2026 के पावर परचेज के क्लाउड आधारित स्वचालित मासिक बीजक सत्यापन हेतु सॉफ्टवेयर/एप्लिकेशन के डिजाइन, डेवलपमेंट एवं कार्यान्वयन हेतु एक वर्ष के लिए एजेंसी की नियुक्ति एवं पावर परचेज के पिछले पाँच वर्षों के बीजकों का सत्यापन एवं प्रमाणीकरण की तिथि को अपरिहार्य कारणों से विस्तारित किया जाता है। ई-निविदा क्रय एवं जमा दिनांक 27.03.2026 को 17:00 बजे तक की जा सकती है। ई-निविदा का भाग-एक दिनांक 28.03.2026 को 15:30 बजे खोला जायेगा। अन्य नियम व शर्तें मूल ई-निविदा के अनुसार रहेंगी। अन्य विवरण के लिए कृपया वेबसाईट www.uktenders.gov.in को देखें।

No.:- 186/EE(CM)/UPCL/A-2
Date:- 17.03.2026

अधीक्षण अभियन्ता
कारपोरेट (अनुबन्ध एवं क्रय-द्वितीय)

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल0ई0डी0 बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं0 1912) विद्युत बिलों के 24x7 ऑनलाइन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाए। (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं0 18001804185/फैक्स नं0- 0135-2760911 पर दें।)

### कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने किया ऑल इंडिया बॉस्केटबाल टूर्नामेंट का उद्घाटन

# खेलों में भाग लेने से मिलती है आगे बढ़ने की प्रेरणा:सुबोध उनियाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** जिला बॉस्केबॉल एसोसिएशन द्वारा प्रेमनगर आश्रम में आयोजित किए जा रहे मां गंगा ऑल इंडिया इन्विटेशनल बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने रिबन काटकर किया। इस दौरान नगर विधायक मदन कौशिक, ज्वालापुर विधायक रवि बहादुर, रूड़की विधायक प्रदीप बत्रा, मेयर किरण जैसल, पूर्व राज्यमंत्री संजय सहगल, जिला बॉस्केबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित नैय्यर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित नैय्यर, प्रदेश उपाध्यक्ष विकास तिवारी, जिला सचिव संजय चौहान, जिला चेयरमैन रवि बजाज ने कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल और सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया। टूर्नामेंट में देश भर से 13 टीम महिला एवं पुरूष वर्ग में प्रतिभाग कर रही हैं। प्रतियोगिता का पहला मैच सीआईएसएफ एवं वेर्स्टन कमांड के बीच खेला गया। वेर्स्टर्न कमांड ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 66-80 से जीत हासिल की। महिला वर्ग में सेंट्रल रेलवे और नॉर्थ इस्टर्न रेलवे की टीमों के बीच खेले गए मैच में नॉर्थ इस्टर्न रेलवे की टीम ने 55-66 से जीत हासिल की। टूर्नामेंट के आयोजन के लिए जिला बॉस्केटबॉल एसोसिएशन की सराहना करते हुए कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि इस तरह का आयोजन करना बड़ी बात है। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे खिलाड़ियों के लिए बेहतर इंतजाम किए गए है। उन्होंने कहा कि खेल बच्चों को नशे आदि बुरी आदतों से दूर रखने ओर जीवन में आगे बढ़ने का सबसे अच्छा माध्यम हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे खिलाड़ियों को भी शुभकामनाएं दी। शहर विधायक मदन कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में सरकार खिलाड़ियों और खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक योजनाओं का संचालन कर रही हैं। जिससे उत्तराखंड के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन कर रहे हैं। ऑल इंडिया स्तर के बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन से स्थानीय खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी। जिला बॉस्टेबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित नैय्यर ने कहा कि एसोसिएशन बॉस्केटबॉल को बढ़ावा देने का निरंतर प्रयास कर रही है। हरिद्वार में पहली बार आयोजित किए जा रहे ऑल इंडिया स्तर के बॉस्केटबॉल टूर्नामेंट में महिला टीम भी प्रतिभाग कर रही हैं। एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष विकास तिवारी, जिला सचिव संजय चौहान एवं जिला चेयरमैन रवि बजाज ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेलों का जीवन में विशेष महत्व है। खेल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देते हैं। मेयर किरण जैसल ने भी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्वामी शरदपुरी महाराज, गुलशन अदलक्खा, ऋषि सचदेवा, आदित्या चौहान, जुगराज सिंह, अनिल मेहता, अंकुश रोहेला, किरणपाल बाल्मीकि, शशि झंडवाल, अंकुर राणा, नीरज त्यागी, सतीश त्यागी, अनिल गोयल, अनुज वालिया, बलराम कपूर, योगेश शर्मा, आनंद सागर, प्रकाश केशवानी, अर्श नैय्यर, मयंक मल्होत्रा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का किया शैक्षणिक भ्रमण

### एमबीबीएस छात्रों को दी गई आपदा प्रबंधन की जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** जनपद हरिद्वार में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों से अवगत कराने के उद्देश्य से मंगलवार को छत्तीसगढ़ आयुर्वेद विज्ञान संस्थान (सीआईएमएस), बिलासपुर के एमबीबीएस छात्रों ने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों को आपदा प्रबंधन से जुड़े विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत ने छात्रों को जनपद स्तर पर संचालित आपदा प्रबंधन योजनाओं, तैयारियों और व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन केवल राहत कार्य तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें पूर्व तैयारी, जागरूकता और समन्वय भी बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान मास्टर ट्रेनर मनोज कंडियाल ने छात्रों को जनपद में संभावित आपदाओं, उनके कारणों और रोकथाम के उपायों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया (रिस्पॉन्स) की अहमियत को समझाते हुए बताया कि समय पर की गई कार्रवाई से जन-धन की हानि को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से आए चिकित्सक द्वारा आपदा के दौरान आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं और अस्पताल प्रबंधन की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि आपदा की स्थिति में स्वास्थ्य सेवाओं का त्वरित और व्यवस्थित संचालन अत्यंत आवश्यक होता है।

# अवैध असलाह के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहादराबाद।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान के दौरान एक आरोपी को अवैध असलाह के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देश पर संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों और सक्रिय अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार, सहदेवपुर रोड के पास चेकिंग के दौरान बहादराबाद पुलिस टीम ने निसार उर्फ गामा पुत्र लियाकत निवासी ग्राम भौरी को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से एक अवैध 312 बोर की बंदूक और तीन जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली बहादराबाद में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में संदिग्धों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक करम सिंह, कांस्टेबल चंदन और कांस्टेबल वीरेंद्र शर्मा शामिल रहे। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने का संदेश गया है।

# ग्रामीण युवाओं को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण का अवसर, विभिन्न विकास खंडों में लगेंगे विशेष शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जनपद हरिद्वार में ग्रामीण युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। परियोजना निदेशक, डीआरडीए नलिनीत घिल्डियाल ने जानकारी देते हुए बताया कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत युवाओं को विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षित कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यह योजना विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत बेरोजगार युवक-युवतियों को ध्यान में रखते हुए संचालित की जा रही है। योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को तकनीकी और व्यावसायिक कौशल प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इसके तहत जनपद को आवंटित लक्ष्यों के अनुरूप युवाओं का कौशल पंजीकरण एवं प्रशिक्षण के लिए चयन किया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए कई आधुनिक एवं रोजगारपरक ट्रेड निर्धारित किए गए हैं, जिनमें सोलर पीवी इंस्टॉलर, सैंपलिंग टेलर, असिस्टेंट बेकिंग टेक्नीशियन, वेयरहाउस एसोसिएट, कॉमिस, रिटेल सेल्स एग्जीक्यूटिव, गेस्ट सर्विस एसोसिएट, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, इमरजेंसी केयर असिस्टेंट, बारटेंडर तथा फैशन डिजाइनर सहित अन्य ट्रेड शामिल हैं। इन ट्रेडों के माध्यम से युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार पाने के लिए आवश्यक कौशल सिखाया जाएगा।

योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जनपद के विभिन्न विकासखंडों में एकदिवसीय विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के अनुसार 18 मार्च 2026 को रुड़की विकासखंड सभागार, 19 मार्च को लक्सर विकासखंड सभागार, 23 मार्च को बहादराबाद विकासखंड सभागार, 24 मार्च को भगवानपुर एवं खानपुर विकासखंड तथा 25 मार्च को नारसन विकासखंड सभागार में शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में इच्छुक युवक-युवतियों का पंजीकरण कर उन्हें प्रशिक्षण के लिए चयनित किया जाएगा। परियोजना निदेशक ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत सामान्य वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं दिव्यांगजन युवाओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करें, ताकि अधिक से अधिक पात्र अभ्यर्थी इन शिविरों में भाग ले सकें। उन्होंने यह भी कहा कि बीएमएमयू के माध्यम से स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के सदस्यों तथा ग्राम प्रधानों की सहायता से ग्रामीण क्षेत्रों तक योजना की जानकारी पहुंचाई जाएगी। इससे गांव-गांव तक युवाओं को इस योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जा सकेगा।

# सादगी से निकाह का संदेश, दहेज व दिखावे के खिलाफ उलेमाओं की मुहिम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जमीयत उलमा ए हिंद उत्तराखंड इकाई से जुड़े मौलानाओं ने रमजान के अलविदा जुमे के मौके पर इस्लाह-ए-मुआशरा (समाज सुधार) के तहत एक अहम अपील जारी की है। इसमें मुस्लिम समाज से दहेज प्रथा और शादी-ब्याह में होने वाली फिजूलखर्ची के खिलाफ आवाज उठाने की बात कही गई है। जारी अपील में मुफ्ती रईस अहमद (नायब सदर), मौलाना शराफत अली कासमी (जनरल सेक्रेटरी), मौलाना अब्दुल वहीद, मौलाना मोहम्मद इरफान, मुफ्ती मोहम्मद तौफीक, मौलाना अब्दुल माजिद (सदर, पिरान कलियर) समेत अन्य उलेमाओं ने कहा कि शादी-विवाह के नाम पर समाज में गैर-जरूरी रस्मों और दिखावे का चलन तेजी से बढ़ रहा है, जिससे लोगों पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। मौलानाओं ने चिंता जताई कि कई परिवार अपनी हैसियत से बढ़कर खर्च करने को मजबूर हैं, यहां तक कि कर्ज लेकर भी इन रस्मों को निभा रहे हैं। दहेज प्रथा को समाज के लिए घातक बताते हुए इसे जड़ से खत्म करने की जरूरत पर जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि निकाह को आसान और सादगीपूर्ण बनाना ही इस्लाम की असली शिक्षा है, लेकिन आज यह दिखावे और खर्च का जरिया बनता जा रहा है। मस्जिदों के इमामों और समाज के जिम्मेदार लोगों से अपील की गई है कि वे लोगों को जागरूक करें और सादगी से निकाह कराने के लिए प्रेरित करें। मौलानाओं ने यह भी कहा कि रमजान के आखिरी जुमे और ईद की नमाज के मौके पर इस विषय पर विशेष रूप से बयान दिए जाएं, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस मुहिम से जुड़ सकें। साथ ही युवाओं से भी अपील की गई है कि वे फिजूलखर्ची, दिखावे और गैर-जरूरी रस्मों से दूर रहें और सादगी को अपनाएं।

# पार्षद अहसान अंसारी के नेतृत्व ईद पर्व के दृष्टिगत चलाया गया विशेष सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** ईद पर्व को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा ज्वालापुर क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को वार्ड 44 त्रिमूर्ति नगर के पार्षद अहसान अंसारी के नेतृत्व में ईदगाह रोड स्थित बड़े नाले की सफाई करायी गयी। सफाई अभियान के दौरान नगर निगम के सेनेटरी इंस्पेक्टर सुरेन्द्र सिंह एवं क्षेत्रीय पर्यावरण पर्यवेक्षक कुसुम पाल ने सफाई कार्य की निगरानी करते हुए कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पर्यावरण मित्रों ने नाले में जमा गंदगी और कचरे को हटाकर मार्ग को साफ-सुथरा बनाया, जिससे जल निकासी सुचारू रूप से हो सके। पार्षद अहसान अंसारी ने कहा कि सफाई अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखना और त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा से आमजन को राहत दिलाना है। उन्होंने कहा कि ईद जैसे पावन पर्व पर स्वच्छ वातावरण बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने नगर निगम टीम और सफाई कर्मियों के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से ही शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है।

# महिला अस्पताल के मदर एंड चाइल्ड विंग में जल्द शुरू होंगी स्वास्थ्य सेवाएं

### नोवस पैथोलॉजिस्ट प्राइवेट लिमिटेड और स्वामी नारायण ट्रस्ट पीपीपी मॉड में करेंगे अस्पताल का संचालन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** महिला अस्पताल में 200 बेड के मदर एंड चाइल्ड विंग में स्वास्थ्य सेवाएं जल्द शुरू होने जा रही हैं। नोवस पैथोलॉजिस्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्वामी नारायण ट्रस्ट के साथ मिलकर अस्पताल का संचालन किया जाएगा। अस्पताल के टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी की जा चुकी है। नोवस पैथोलॉजिस्ट प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर डा.मनोज मिश्रा ने बताया कि जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में 14 फरवरी को हुई बैठक के बाद मंगलवार का मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा नोवस पैथोलॉजिस्ट को अस्पताल के हैंडओवर की प्रक्रिया पूरे करे जाने और 25 मार्च को नवनिर्मित अस्पताल की ओपीडी, आईपीडी सेवाए शुरू करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। डा.मनोज मिश्रा ने बताया कि अस्पताल अपनी सेवाए तीन चरणों में मई माह तक पूरी करेगा। पहले चरण में 100 बेड, दूसरे चरण में 150 और तीसरे चरण में पूर्ण रूप से अपनी सेवाए 24 घंटे प्रदान करेगा। इसके लिए 6 महिला रोग विशेषज्ञ, 4 एनेस्थीसिया, दो बाल रोग विशेषज्ञ, दो फिजिशियन, दो सर्जन, तीन ऑर्थोपेडिक्स और ट्रामा सर्जन, 2 रेडियोलॉजिस्ट, एक पैथोलॉजिस्ट, 15 एमबीबीएस आरएमओ, 100 स्टाफ नर्स और सपोर्टिंग स्टाफ आदि की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। इससे स्थानीय युवाओं को भी रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। अस्पताल सरकारी होते हुए प्राइवेट जैसी उच्च कोटि की सुविधाएं प्रदान करेगा और गंभीर मरीजों, महिलाओं, नवजात बच्चो को अब ऋषिकेश या देहरादून जाने की आवश्यकता नही होगी। अस्पताल के प्रथम चरण में तीन स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, दो नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ, ओपडी सेवाए, चौबीस घंटे इमरजेंसी, 19 बेड आईसीयू, 10 बेड आईसीयू, 7 लेबर रूम, 100 जच्चा बच्चा वार्ड, 22 नवजात शिशु इकाई, डाइलिसिस, कंगारू मदर केयर, चौबीस घंटे लैब, एम्बुलेंस, महिलाओ के सभी प्रकार के जटिल से जटिल ऑपरेशन आदि सेवाएं आरम्भ की जा रही है। दूसरे और तीसरे चरण में रेडियोलॉजी और जनरल सर्जरी, 24 घंटे नियोनेटोलॉजी आदि की सेवाए भी आरम्भ की जाएंगी। डा.मनोज मिश्र ने अवगत कराया कि अस्पताल आगामी दो वर्षों में एनएबीएच और हरिद्वार में पहली बार रिसर्च और पीजी कोर्स भी आरम्भ करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह मिथक भी तोड़ने का प्रयास है कि पीपीपी मॉड उत्तराखंड में सफल नहीं हुए हैं। अस्पताल को सही से संचालित करने के उपरांत इसके औपचारिक उद्घाटन की प्रक्रिया की जाएगी, जो अप्रैल माह के अंत में प्रस्तावित है। जिसमे केंद्र सरकार के वरिष्ठ मंत्री, स्वामीनारायण ट्रस्ट के प्रमुख शास्त्री प्रेम सुखदास, स्वामी भक्तवत्सलदास, गुजरात सरकार के वरिष्ठ मंत्री, उत्तराखंड के मुख्य मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय विधायक, जनप्रतिनिधि आदि शामिल होंगे।

# भेल का स्वर्ण जयंती पार्क बना अश्लीलता का अड्डा

### भेल प्रशासन की चुप्पी पर उठ रहे सवाल, पुलिस गश्त पर भी प्रश्न चिन्ह?

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** महारत्न संस्थान भेल का स्वर्ण जयंती पार्क आज कल अश्लीलता का अड्डा बना हुआ है। प्रेमी प्रेमिकाओं के लिए सबसे मेहफूज जगह कही जाए तो कोई अतिशयोक्ति न होगी। वहीं भेल कारखाने के मुख्य द्वार के सामने बने स्टेडियम के सामने रील बनाने वाले युवकों का जमावड़ा लगा रहता है। सार्वजनिक पार्कों का निर्माण सभी नागरिकों के लिए एक सुरक्षित और स्वच्छ मनोरंजन स्थल के रूप में किया जाता है, लेकिन जब वहां अमर्यादित और अश्लीलता होने लगे तो आम जनता और सभ्य परिवार के लोग वहां जाने में असहज महसूस करते हैं और जिस उद्धेश्य के लिए पार्कों का निर्माण किया जाता है, वह अपनी पहचान खोने लगते हैं। ऐसे ही पार्कों में शुमार एक मात्र और सबसे बड़ा पार्क स्वर्ण जयंती अपना पुराना स्वरूप खो चुका है। बीएचईएल के सेक्टर तीन स्थित विशाल भू-भाग में फैले इस इस पार्क का उद्घाटन भारत के महारत्न संस्थान बीएचईएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक ए0 गविसिद्वदप्पा द्वारा 33 साल पहले 20 जुलाई, 1993 को किया गया था। बीएचईएल ने इस पर भारी-भरकम राशि खर्च कर इसे बहुत ही सुन्दर बनाया था। लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के कारण इसका पुराना स्वरूप धीरे-धीरे खराब होता चला गया। किसी समय बीएचईएल उपनगरी का गौरव कहा जाने वाला यह स्वर्ण जयंती पार्क खराब हालातों से जूझता हुआ दिनों दिन अपनी पहचान खोता जा रहा है। जिस पार्क का निर्माण बुजुर्गों के टहलने, बच्चों के खेलने और परिवारों के साथ फुर्सत के पल बिताने के लिए किया जाता था, वह अब प्रेमी युगलों के 'मिलन केंद्र' और 'पिकनिक स्पॉट' में तब्दील हो गया है। वहीं सोशल मीडिया के चलते अधिकांश युवा



यहां फोटो शूट, इंस्टाग्राम रील बनाने के लिए पहुंचते हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि सभ्य परिवारों ने अब यहां आने से तौबा करना शुरू कर दिया है। वहां की फुलवारियां और सौन्दर्यीकरण भी पहले की तरह नहीं है, न पेड़-पौधों का सही रखरखाव है और न ही साफ-सफाई ढंग से होती है। युवाओं की आपत्तिजनक हरकतें के कारण वहां से गुजरने वाले बुजुर्गों और महिलाओं को शर्म से अपनी नजरें झुकानी पड़ती हैं। पार्क मे बुजुर्गों और बच्चों के हक पर मानो कब्जा हो गया हो। पार्क में बुजुर्गों और थक चुके पर्यटकों के बैठने के लिए जो बेंचें लगाई गई थीं, उन पर अब प्रेमी जोड़ों का एकछत्र राज रहता है। पार्क मे टेहलने आने वाले एक व्यक्ति हरजीत सिंह ने बताया पार्क का माहौल इतना खराब है कि परिवार सहित पार्क में आना दुशवार हो रहा है और बुजुर्गों को बैठने का स्थान तक नहीं मिलता।

आगे बात करते हुए उन्होंने बताया की पार्क का माहौल बिगड़ने में बाहरी तत्वों का बहुत बड़ा हाथ है। पुलिस प्रशासन और भेल प्रबंधन का की उदासीनता इसकी दुर्दशा का कारण है। वही प्रत्यक्ष दर्शिओं ने बताया कि पुलिस गश्त पार्क के अंदर नहीं होती है। एंटी-रोमियो स्क्वाड की सक्रियता से पुलिस प्रशासन को शाम के समय सादे कपड़ों में महिला और पुरुष कर्मियों की तैनाती करनी चाहिए। वही भेल प्रबंधिका को भी अपने गार्ड बढ़ाने चाहिए तभी पार्क का माहौल सुधर सकता है। पार्क में अश्लीलता करने वालों के खिलाफ कल मिलेगा चेतावनी के भी बोर्ड लगने चाहिए और प्रवेश करते समय सभी की आईडी चेक की जाए और उसकी एंट्री भी की जाए।

> भेल स्वर्ण जयंती पार्क मे अश्लीलता के मामले में भेल नगर प्रशासक ने बताया मामला अभी संज्ञान में नही है। एंटी सोशल एक्विटि पर नजर रखी जायेगी और रील बनाने वालों पर भी शिकंजा कसा जाएगा। पार्क का समय रात्रि मे 8 बजे तक रहेगा। पार्क में गार्ड की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। - **संजय पंवार, नगर प्रशासक, बीएचईएल**
>
> मामला पुलिस के संज्ञान में नही है वैसे तो नियमित गश्त लगती रहती है लेकिन अब भेल स्वर्ण जयंती पार्क के अंदर भी गश्त लगाई जाएगी और अश्लील हरकत करने वाले लोगों पर शिकंजा कसा जाएगा। - **एस. एस.आई., कोतवाली रानीपुर**

# मनसा देवी पैदल मार्ग खोलने की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** लघु व्यापारियों ने मनसा देवी पैदल मार्ग खोलने और दुकानें लगाए जाने की अनुमति दिए जाने की मांग को लेकर पुराने माल गोदाम से सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला और सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन सौंपने के दौरान लघु व्यापारियों ने कहा कि बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री, नीलकंठ व पूर्णागिरि मंदिर की तर्ज पर मनसा देवी पैदल मार्ग को खोला जाए और व्यावसायिक गतिविधियों के संचालन के लिए राजाजी नेशनल पार्क प्रशासन की निगरानी में ईको विकास समिति गठित की जाए। इस अवसर पर राजकुमार, सुनील कुकरेती, कमल, प्रताप, दयाराम, शशिकांत, दुर्गेश, लव कुश, कृष्णागिरी, टिंकू, सुनील, अनिल, वेद प्रकाश, बृजमोहन, संजय चौहान, प्रियंका सिंह, मनीष शर्मा, कुसुम मौर्य, राजकुमार, आरती गोसाई, कमल सरकार, कंचन देवी मीणा, लालचंद, विजय, भोला यादव आदि सहित बड़ी संख्या में लघु व्यापारी मौजूद रहे।

## बागेश्वर में रोजाना के जाम से लोग परेशान

**बागेश्वर।** जिला मुख्यालय में लगातार लग रहे जाम पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज कार्यकर्ताओं ने एसपी कार्यालय में प्रदर्शन कर एसपी से मुलाकात की। मुलाकात में वक्ताओं ने कहा कि नगर में आए दिन जाम लगने से 108 एंबुलेंस से लेकर स्कूली वाहन घाटों तक फंस रहे हैं। जाम के चलते राहगीर भी परेशान हैं। दुकानदारों का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। जाम से निजात दिलाए जाने की मांग को लेकर उन्होंने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि टैक्सी गाड़िया सड़क पर बेतरतीब खड़ी रहती हैं, साथ ही उन्हें स्टैंड से बाजार आने जाने के लिए छोड़ा जा रहा है। वही महानगरों को आने जाने वाले गाड़िया बायपास के बजाए शहर के बीचों-बीच से आ जा रही है। इसके अलावा बारात की गाड़िया भी बाइपास होकर नहीं जा रही हैं।

# किसान के खेत के ट्यूबेल से बिजली की मोटर और डिलीवरी मोटर चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पथरी।** थाना क्षेत्र के गांव अलावलपुर के खेत से अज्ञात चोरों द्वारा ट्यूबवेल से बिजली की मोटर और डिलीवरी मोटर चोरी कर ली। मामले में किसान ने पुलिस को तहरीर दी है। साथ ही आसपास के किसानों ने गांव में पंचायत कर रात में खेतों में घूमने वाले आवारा युवकों को पकड़कर पुलिस के हवाले करने का निर्णय भी लिया है। शनिवार रात्रि को चोरों ने अलावलपुर स्थित एक खेत में ट्यूबेल पर लगाई गई बिजली की मोटर और डिलीवरी मोटर चोरी कर ली है। क्षेत्र में चोरी की घटनाओं से आसपास के किसानों की नींद उड़ी हुई है। पथरी क्षेत्र के गांव अलावलपुर निवासी पवन कुमार किसान जब रविवार की सुबह खेत में गया तो ट्यूबवेल के मकान के दरवाजा के टूटे ताले देखकर उनके होश उड़ गए। ट्यूबेल के अंदर जाकर देखा तो वहां से बिजली के मोटर और डिलीवरी मोटर गायब थी। पीड़ित किसान ने अज्ञात में चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इससे पहले भी क्षेत्र से कई किसानों की खेत में पानी की बिजली की मोटर और पंखे चोरी हो चुकी है।

पथरी एसओ मनोज नौटियाल का कहना है कि किसान की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है, घटना की जांच की जा रही है।

# हरिद्वार के मयंक चोपड़ा ने जीती डेजर्ट कार रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** रैली द राजपूताना एवं राजस्थान टूरिज्म की और से आयोजित टीएसडी डेजर्ट कार रैली में हरिद्वार के मयंक चौपड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मयंक चौपड़ा ने 33 सौ किलोमीटर का सफर 3 दिन में पूरा किया और अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को 35 मिनट के अंतर से पीछे छोड़कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मयंक चौपड़ा ने बताया कि राजस्थान के बीकानेर से शुरू हुई कार रैली जोधपुर, जैसलमेर होते हुए वापस बीकानेर पहुंचकर संपन्न हुई। रैली में 53 गाड़ियों में 106 लोगों ने प्रतिभाग किया और पूरा रास्ता डेजर्ट से होकर था। सभी प्रतिभागियों ने 1 दिन में लगभग 11 से 12 घंटे कार ड्राइव की। मयंक चोपड़ा ने बताया कि उन्होंने और उनके नेविगेटर हिमाचल के चिराग ठाकुर ने रूबीकॉन जीप ड्राईव करते हुए सफर तय किया और जीत हासिल की। मयंक चोपड़ा ने बताया कि वे लगभग 50 से अधिक कार रैली में प्रतिभाग कर चुके हैं। जिनमें से 40 से अधिक में उन्होंने जीत हासिल की है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड का माहौल कार रैली के लिए बहुत रोमांचकारी है। सरकार को इस और ध्यान देना चाहिए और कार रैली को साहसिक खेलों में शामिल करना चाहिए। मयंक चोपड़ा उत्तराखंड से सर्वाधिक कार रैली में भाग ले चुके हैं और उन्होंने सबसे ज्यादा अवार्ड जीते हैं।

## भाकिम यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव इरशाद अली ने दी ईद की शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भारतीय किसान मजदूर उत्थान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव इरशाद अली ने सभी को ईद की अग्रिम शुभकामनाएं दी हैं। इरशाद अली ने कहा कि रोजा केवल भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं है, बल्कि यह इंसान को सब्र, त्याग और दूसरों के दर्द को महसूस करने की सीख देता है। इरशाद अली ने कहा कि ईद का त्योहार प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है, जिसे पूरे समाज के साथ मिलकर मनाना चाहिए। ईद की खुशियां तभी मुकम्मल होती हैं, जब हम अपने आसपास के जरूरतमंद, गरीब और असहाय लोगों को भी इसमें शामिल करें। उन्होंने कहा कि समाज में आज भी कई ऐसे परिवार हैं जो आर्थिक तंगी के कारण त्योहार की खुशियों से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में सक्षम और संपन्न लोगों का यह कर्तव्य बनता है कि वे आगे आकर उनकी मदद करें, जिससे हर घर में ईद की रौनक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना, भूखे को खाना खिलाना और दूसरों के दुख-दर्द में साथ देना ही इस पवित्र महीने की असली भावना है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि ईद को सिर्फ अपने परिवार और रिश्तेदारों तक सीमित न रखें, बल्कि समाज के हर वर्ग के लोगों को अपनी खुशियों में शामिल करें। इससे न केवल सामाजिक एकता मजबूत होगी, बल्कि भाईचारे और इंसानियत की मिसाल भी कायम होगी।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।
**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# रुद्रप्रयाग में आपदा प्रबंधन को लेकर व्यापक मॉक ड्रिल

■ विभिन्न एजेंसियों ने दिखाया तालमेल, भूकम्प, भूस्खलन, सड़क दुर्घटना व वनाग्नि पर राहत-बचाव का अभ्यास, तैयारियों का हुआ परीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जनपद रुद्रप्रयाग में आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय को मजबूत करने के उद्देश्य से मंगलवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तत्वावधान में व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह अभ्यास सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर दो बजे तक विभिन्न स्थानों पर निर्धारित परिदृश्यों के अनुसार संपन्न हुआ।

मॉक ड्रिल के दौरान भूकम्प, भूस्खलन, सड़क दुर्घटना तथा वनाग्नि जैसी संभावित आपदाओं को आधार बनाकर अलग-अलग स्थानों पर इंसीडेंट एरिया चिन्हित किए गए। इन स्थानों पर संबंधित विभागों द्वारा राहत एवं बचाव कार्यों का व्यावहारिक अभ्यास किया गया। इस दौरान पुलिस, स्वास्थ्य, अग्निशमन सेवा, डीडीआरएफ सहित अन्य आपदा प्रबंधन टीमों ने समन्वित रूप से कार्य करते हुए प्रभावितों के रेस्क्यू, प्राथमिक उपचार और राहत प्रबंधन का अभ्यास किया।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि सिरोहबगड़, रुद्रप्रयाग और मुनकटिया, सोनप्रयाग क्षेत्रों में भूस्खलन की काल्पनिक घटनाओं पर राहत-बचाव कार्यों का अभ्यास किया गया। वहीं घोलतीर क्षेत्र में सड़क दुर्घटना का परिदृश्य तैयार कर घायलों के रेस्क्यू, प्राथमिक उपचार और अस्पताल पहुंचाने की प्रक्रिया को परखा गया।

इसके अलावा अगस्त्यमुनि क्षेत्र में भूकम्प की स्थिति को ध्यान में रखते हुए आपदा प्रतिक्रिया, सुरक्षित निकासी और राहत कार्यों का अभ्यास किया गया। रुद्रप्रयाग-पोखरी मोटर मार्ग पर सन्बैण्ड के समीप वनाग्नि की स्थिति बनाकर आग बुझाने, क्षेत्र की सुरक्षा और संसाधनों के समन्वित उपयोग का प्रदर्शन किया गया। मॉक ड्रिल के लिए गुलाबराय मैदान को स्टेजिंग एरिया बनाया गया, जहां से विभिन्न टीमों का संचालन, संसाधनों का प्रबंधन और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

अभ्यास के दौरान अधिकारियों ने पूरी प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए विभागों के बीच समन्वय, त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता और संसाधनों के प्रभावी उपयोग का परीक्षण किया। साथ ही भविष्य में वास्तविक आपदा की स्थिति में राहत-बचाव कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सुझाव भी दिए गए।

जिला विकास अधिकारी एवं नोडल अधिकारी अनीता पंवार ने कहा कि ऐसे मॉक अभ्यास आपदा प्रबंधन तंत्र की तैयारियों को मजबूत करने और विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने में सहायक होते हैं। इससे आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकती है।

## एनएसएस शिविर के चौथे दिन बौद्धिक सत्र व चिरमिरी टॉप पर स्वच्छता अभियान

**चकराता।** राजकीय महाविद्यालय, चकराता की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा ग्राम पंचायत टुंगरा के पंचायत भवन में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिवस का शुभारंभ प्रातःकालीन सत्र में योग, प्राणायाम एवं ध्यान के साथ हुआ। इस दौरान स्वयंसेवियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नियमित योगाभ्यास के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर के प्रथम सत्र में जौनसार क्षेत्र के प्रसिद्ध लोक कवि एवं शिक्षाविद अर्जुन दत्त शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए समाज, संस्कृति, पर्यावरण एवं शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। अर्जुन दत्त शर्मा ने अपने एनएसएस अनुभव साझा करते हुए उत्तरकाशी में आई भूकंप आपदा का उल्लेख किया और बताया कि आपदा की घड़ी में एनएसएस स्वयंसेवी राहत एवं बचाव कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

## एआई और पारंपरिक ज्ञान एकीकरण पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डाकपत्थर में श्रिसेंट एडवांसमेंट इन साइंस फ्रॉम ट्रेडिशनल टू आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-ए ट्रेडिशनल नॉलेज इंटीग्रेशनश् विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आज उद्घाटन हुआ। यह आयोजन विज्ञान के पारंपरिक ज्ञान को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से जोड़ने पर केंद्रित है, जिसमें विशेषज्ञों ने इसके लाभ, सीमाओं और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में उपयोग पर चर्चा की।

सैकड़ों छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अशोक कुमार डिमरी (एसएमआर कॉलेज, सहारनपुर) ने की। उन्होंने कहा कि एआई में अभी भी भावनाओं का अभाव है, जो मानवीय मूल्यों को महत्वपूर्ण बनाता है। डॉ. के.डी. पुरोहित ने एआई के लाभों पर प्रकाश डालते हुए जोर दिया कि अध्यापकों के बिना छात्र इसे समझ नहीं सकते। संरक्षक प्रो. डी.एस. नेगी ने सभी का स्वागत किया और कहा कि एआई जीवन के हर क्षेत्र में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने छात्रों को अधिक प्रश्न पूछने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम संयोजक डॉ योगेश भट्ट एवं डॉ. विनोद सिंह रावत ने कहा कि एआई कभी मानवीय मस्तिष्क या कक्षा अध्यापन का स्थान नहीं ले सकता।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. राधेश्याम गंगवार, डॉ. अरविंद कुमार अवस्थी, चीफ प्रॉक्टर डॉ. रोशन लाल केष्टवाल, मनीष मेहता, गुंजन पुरोहित, दीपक सुयाल, सर्वेश सुयाल डॉ पूजा राठौर, डॉ. दीप्ति बगवाड़ी, डॉ. नीलम ध्यानी, डॉ. परवेज आलम, डॉ. अरविंद मोहन पेन्यूली, डॉ. मंजू गौतम, डॉ. दिलीप कुमार भाटिया, अमित कुमार गुप्ता, डॉ. कृतिका नेगी, डॉ. अविनाश भट्ट आदि उपस्थित रहे।

## सामाजिक कार्यक्रमों में शराब के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** विकासखंड चंबा की ग्राम पंचायत पलास में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में ग्रामीणों ने सामाजिक सुधार की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए शादी-समारोहों व अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में शराब के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। ग्राम पंचायत भवन में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान ममता नौटियाल ने की, जिसमें ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शराब बंदी का संकल्प लिया।

मंगलवार को बैठक में गांव में बढ़ती सामाजिक समस्याओं और युवाओं पर पड़ रहे नशे के दुष्प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके बाद सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करते हुए निर्णय लिया गया कि गांव में होने वाले शादी-समारोह, मुंडन सहित अन्य सामाजिक आयोजनों में शराब का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि विवाह समारोह सहित अन्य कार्यक्रम या डीजे रात 12 बजे तक ही आयोजित किए जाएंगे। नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति पर 11 हजार रूपये का सामाजिक जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही यदि कोई बाहरी व्यक्ति शराब पीकर गांव में शोर-शराबा करता है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में ग्राम समाज सुधार समिति का गठन भी किया गया। जिसमें वीर सिंह राणा को अध्यक्ष, मकानी देवी को उपाध्यक्ष, विजयपाल सिंह को सचिव, कुसुम राणा को सहसचिव, राजमती देवी को कोषाध्यक्ष और कांति, काजल, शशि, मस्तराम नौटियाल, पिंकी पुंडीर, मनीषा राणा व प्रवीण राणा को कार्यकारणी सदस्य बनाया गया है। जिनकी मासिक बैठक प्रत्येक माह के 15 तारीख को होगी। ग्राम प्रधान ममता नौटियाल ने कहा कि यह निर्णय गांव के सामाजिक वातावरण को बेहतर बनाये रखने के उद्देश्य से लिया है।

# संयुक्त समन्वय समिति ने किसान भवन में किया धरना-प्रदर्शन

■ डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य में तकनीकी समस्याएं आने पर नाराज हैं विभागीय फील्ड कर्मी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहिया।** कृषि, उद्यान, गन्ना एवं राजस्व विभागीय फील्ड कार्मिकों के मान्यता प्राप्त संघों की संयुक्त समन्वय समिति, जनपद देहरादून के आह्वान पर किसान भवन देहरादून में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यह कार्यक्रम "एग्रीस्टैक (डिजिटल क्रॉप सर्वे-डीसीएस) एवं फार्मर रजिस्ट्री" के क्रियान्वयन में आ रही व्यावहारिक समस्याओं एवं फील्ड स्तर पर कर्मचारियों पर बढ़ते कार्यभार के विरोध में आयोजित किया गया। धरना कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और अपनी समस्याओं को जोरदार तरीके से रखा।

कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश संयोजक हीरा बल्लभ जोशी, प्रदेश संयोजक राजस्व श्याम सिंह तोमर नवीन सिंह रावत (मुख्य संयोजक), सत्य प्रकाश (संयोजक) एवं प्रकाश चन्द्र भट्ट (संयोजक) द्वारा किया गया।

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में डिजिटल क्रॉप सर्वे (डीसीएस) कार्य में तकनीकी समस्याएं, संसाधनों की कमी, स्पष्ट दिशा-निर्देशों का अभाव तथा अतिरिक्त कार्यभार के कारण फील्ड कर्मचारियों को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त, बिना पर्याप्त संसाधन एवं प्रशिक्षण के कार्य कराने से कार्य की गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है। समिति ने मांग की कि इस कार्य को राज्य सरकार द्वारा नियमानुसार आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से कराया जाए तथा विभागीय कर्मचारियों को केवल मॉनिटरिंग कार्य में लगाया जाए साथ ही कर्मचारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान करते हुए कार्य के लिए आवश्यक संसाधन एवं स्पष्ट दिशा-निर्देश उपलब्ध कराए जाएं। धरना-प्रदर्शन के माध्यम से सरकार एवं प्रशासन से अपील की गई कि कर्मचारियों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए, अन्यथा आगामी समय में आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

इस दौरान देवेंद्र रावत (संयोजक), त्रिलोक पंवार (सहसंयोजक), राकेश जोशी (सहसंयोजक), सत्यप्रकाश तिवारी (सहसंयोजक) तथा महेश दत्ता (सहसंयोजक) विक्रम सिंह दानू उद्यान सहसयजोंक सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### टीएचडीसी ने छात्रों के लिए उपलब्ध करवाई बस सेवा

**नई टिहरी।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए टीएचडीसी ने बस उपलब्ध करवा दी है। अब बस सेवा शुरू होने से आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को आवागमन की सुविधा मिल सकेगी। छात्र-छात्राएं लंबे समय से बस की मांग को लेकर आंदोलित थे।भाजपा जिलाध्यक्ष उदय रावत,युवा मोर्चा के अध्यक्ष मनीष राणा और कॉलेज प्राचार्य डॉ.पुष्पा नेगी ने पूजा अर्चना कर बस सेवा का शुभारंभ किया। जिलाध्यक्ष उदय ने कहा कि कॉलेज के छात्र-छात्राएं लंबे समय से बस सेवा की मांग कर रहे थे। जिसे अब पूरा कर दिया गया है। बताया कि बस सेवा के शुरू होने से जाखणीधार से कॉलेज में पढ़ने आने वाले छात्र-छात्राओं को सुविधा मिलेगी। कहा कि छात्रों की अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए भी प्रयास किया जाएगा। छात्रसंघ अध्यक्ष मंजीत शाह,पूर्व अध्यक्ष युवराज सिंह शाह ने कॉलेज को बस उपलब्ध कराने पर जिलाध्यक्ष का आभार जताया। कहा कि अभी तक बस न होने के कारण दूरस्थ क्षेत्र से कॉलेज आने वाले छात्रों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ती थी। प्राचार्य डॉ.पुष्पा नेगी ने कहा कि सरकार से लेकर जिला प्रशासन छात्रों को हर सुविधा मुहैया करवा रही है। ऐसे में छात्रों को लगनशीलता के साथ पढ़ाई करनी चाहिए। इस मौके पर छात्रसंघ उपाध्यक्ष अंजलि बिजल्वाण,महासचिव साक्षी राणा,कोषाध्यक्ष ऐश्वर्या चमोली,विवि प्रति. निधि मोनिका बिष्ट,जिशान,शिवांगी उनियाल आदि मौजूद थे।

### स्व.हेमवती नंदन बहुगुणा को दी गई श्रद्धांजलि

**कोटद्वार ।** कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं उत्तरप्रदेश के दो बार मुख्यमंत्री रहे हिमालय पुत्र हेमवती नंदन बहुगुणा की पुण्यतिथि पर उनका भावपूर्ण स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि बहुगुणा ने मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री रहते हुए उत्तराखंड के लिए अलग से पर्वतीय मंत्रालय का गठन कर उत्तराखंड के समग्र विकास की अवधारणा को फलीभूत करने के साथ पृथक उत्तराखंड राज्य की नींव रख दी थी। उनके ही प्रयासों से गढ़वाल में गढ़वाल विश्वविद्यालय, गैस सहित खाद्यान्न, बिजली, पानी, सड़क सहित कई महत्वपूर्ण योजना का शुभारंभ हुआ था ।

### पुलिस ने चेक बाउंस प्रकरण संबंधी में 2 फरार अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**कोटद्वार ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पौड़ी सर्वेश पंवार द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही करने के साथ-साथ न्यायालय से प्राप्त गैर जमानती वारण्ट की शत प्रतिशत तामील कर अभियुक्तो को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किये जाने हेतु निर्देश दिये है।जिसके क्रम में वारंटियों की शत-प्रतिशत गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में कोटद्वार पुलिस द्वारा चौक बाउंस के मामलों में फरार चल रहे 02 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त आदित्य राठी, निवासी- नारसन जनपद हरिद्वार एवं दिनेश चन्द्र नोटियाल, निवासी-मोटाढाक, कोटद्वार के विरुद्ध चौक बाउंस संबंधी प्रकरण में न्यायालय सिविल जज /न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोटद्वार द्वारा कई बार समन जारी किए जाने के बावजूद भी उक्त दोनों अभियुक्त न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे तथा वारंट जारी होने की जानकारी मिलने पर अभियुक्त फरार चल रहे थे। जिसके पश्चात कोटद्वार पुलिस टीम द्वारा कुशल पतारसी-सुरागरसी करते हुए उक्त दोनों अभियुक्तों आदित्य राठी को बीईएल रोड तथा दिनेश चन्द्र नौटियाल को सुभाष चौक कोटद्वार से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा वारण्टी अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# सीओ विकासनगर ने किया कोतवाली सहसपुर का अर्धवार्षिक निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहसपुर।** विवेक कुटियाल क्षेत्राधिकार विकासनगर के द्वारा सैरिमोनियल ड्रेस में सजी गार्द से सलामी लेने के पश्चात कोतवाली सहसपुर का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया।सीओ द्वारा थाना पर उपलब्ध सरकारी संपत्ति व आर्म्स एम्युनेशन निरीक्षण किया गया, जिसका रखरखाव संतोषजनक पाया गया। कोतवाली सहसपुर के अधिकारी/कर्मचारियों को अपनी उपस्थिति में वेपन हैंडलिंग कराई गयी व हैंडलिंग तथा शस्त्रों की साफ सफाई संबंधी आवश्यक आदेश निर्देश दिए गए।

तत्पश्चात उनके द्वारा थाना परिसर/भवन का निरीक्षण किया व बैरक का निरीक्षण किया गया व बेरक का रखरखाव व साफ-सफाई संतोषजनक पाई गई। मालखाने का निरीक्षण किया गया जिसमें मालखाने के रखरखाव एवं संपूर्ण सरकारी संपत्ति को चेक किया गया तथा माल निस्तारण किए जाने हेतू निर्देशित किया गया हवालात खघली व सफाई संतोषजनक पायी गयी । सीओ विकासनगर द्वारा थाना पर लंबित माल मुकदमाती, लावारिस, कुर्की आदि मालों का निरीक्षण किया गया। मालों के रखरखाव के संबंध में आवश्यक आदेश निर्देश दिए गए तथा एमवी एक्ट, लावारिश व अभियोगों से संबंधित मालों का शीघ्र निस्तारण व नीलामी प्रक्रिया के जाने हेतु मालखाना मोहर्रिर को निर्देशित किया गया। सीओ द्वारा अपराध नियंत्रण और रोकथाम तथा विवेचनाओ व शिकायती प्रार्थना पत्र एंव अन्य जांच अहकमात अदालत व पुलिस का समयबद्ध व शीघ्रता से विधिक निस्तारण किए जाने तथा उच्चाधिकारियों द्वारा चलाए जा रहे अभियानों में बढ़-चढ़कर रुचि लेने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक शंकर सिंह बिष्ट तथा समस्त अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## ईडीसी ने दिया स्थानीय उत्पादों के निर्माण का प्रशिक्षण

**रुद्रप्रयाग।** कार्तिकेय-कनकचौंरी पारिस्थितिकी विकास समिति द्वारा स्थानीय महिलाओं और युवाओं के आजीविका संवर्द्धन के उद्देश्य से मंगलवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जनपद रुद्रप्रयाग की पहली ईडीसी कार्तिकेय-कनकचौंरी के अंतर्गत आयोजित हुआ। कार्यशाला में मेसर्स ग्रीनहट ऑर्गेनिक ग्लोबल पहाड़ी की ओर से स्थानीय महिलाओं को मधुमक्खी पालन तथा चौलाई के लड्डू बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कार्तिक स्वामी मंदिर आने वाले पर्यटकों के लिए स्थानीय उत्पादों पर आधारित बाजार विकसित करना है, जिससे सीधे तौर पर स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकें।इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार की पहल से क्षेत्र में स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

## जेबीआईटी में एमएसएमई प्रायोजित एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** जेबी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के एप्लाइड साइंसेज विभाग द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को डॉ. सुनील कुमार, निदेशक, सुक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय देहरादून का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्यमिता, स्टार्टअप अवसरों तथा सरकारी सहयोग योजनाओं के बारे में जागरूक करना था। सत्र ने छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया और उन्हें पारंपरिक करियर विकल्पों से आगे बढ़कर नवाचार और आत्मनिर्भरता की दिशा में सोचने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि, कृतिका मान सिंह, प्रधानाचार्य, ने अपने उद्बोधन में रचनात्मकता, नेतृत्व और दृढ़ संकल्प को उद्यमिता की सफलता का आधार बताया। वहीं शंकर नेगी, सहायक प्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, ने एमएसएमई योजनाओं, औद्योगिक विकास और आत्मरोजगार के महत्व पर प्रकाश डाला। अधिकारियों ने भी छात्रों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और सहयोग तंत्र की जानकारी दी।

# ऊखीमठ में अवैध शराब के खिलाफ महिलाओं का प्रदर्शन, डीएम को भेजा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊखीमठ/रुद्रप्रयाग।** ऊखीमठ मुख्य बाजार सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ महिलाओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों का आक्रोश सड़कों पर फूट पड़ा। आक्रोशित महिलाओं ने मुख्य बाजार में रैली निकालकर स्थानीय प्रशासन और आबकारी विभाग के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।

रैली में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी रही। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि अवैध शराब की बिक्री से क्षेत्र का सामाजिक माहौल बिगड़ रहा है और युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। रैली गैस गोदाम से शुरू होकर मुख्य बाजार के विभिन्न मार्गों से होते हुए तहसील परिसर पहुंची। तहसील पहुंचकर प्रदर्शनकारियों ने तहसील प्रशासन के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में अवैध शराब के कारोबार पर सख्त कार्रवाई, दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा क्षेत्र में नियमित छापेमारी अभियान चलाने की मांग की गई।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन और आबकारी विभाग द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे शराब माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा।

महिलाओं ने कहा कि अवैध शराब के कारण घरेलू हिंसा, आर्थिक संकट और सामाजिक बुराइयों में बढ़ोतरी हो रही है, जिससे सबसे अधिक प्रभावित महिलाएं और बच्चे हैं। उन्होंने प्रशासन से जनहित में तत्काल कठोर कदम उठाने की मांग की। इस दौरान सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी एकजुटता दिखाते हुए कहा कि समाज को नशामुक्त बनाने के लिए जनजागरूकता के साथ-साथ प्रशासनिक सख्ती भी आवश्यक है। उन्होंने अवैध शराब के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाने का आह्वान किया।

इस मौके पर केदार सभा अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विजय राणा, कनिष्ठ प्रमुख प्रदीप त्रिवेदी, उदयपुर वार्ड सभासद श्रीमती सरला रावत, प्रधान सुलेखा देवी, दलवीर रावत, सरिता देवी, आयुष नौटियाल, विराट सौरभ भट्ट, सोहन, देवेन्द्र प्रसाद, रश्मि, अंजना देवी, चन्दना देवी, सरस्वती देवी, संगीता देवी, नेहा देवी, कविता देवी, आशा देवी, बबीता देवी, सरोज देवी, रजनी देवी, सुभद्रा देवी सहित विभिन्न गांवों की महिलाएं और सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# स्वयंसेवकों को प्रमाण-पत्र वितरण के साथ एनएसएस विशेष शिविर का समापन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिया।** सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय पी.जी. कॉलेज, साहिया की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा ग्राम ककाड़ी में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर समापन हुआ। 11 से 17 मार्च तक आयोजित इस शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में सामाजिक जागरूकता, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना रहा।

समापन समारोह की पूर्व संध्या के अवसर पर ग्रामवासियों के साथ आयोजित सामूहिक बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सोशल एक्टिविस्ट एवं समाजसेवी डॉ. पूजा गौड़ उपस्थित रहीं।

उन्होंने "कृषि एवं स्थानीय उत्पादों से ग्रामीण आजीविका" विषय पर प्रभावशाली व्याख्यान देते हुए महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण पर विशेष बल दिया। उन्होंने आजीविका मिशन से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए महिलाओं को सामूहिक खेती अपनाने, स्थानीय उत्पादों को बाजार से जोड़ने तथा उनके संरक्षण एवं उचित विपणन पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, उन्होंने ग्रामीणों को बदलते बाजार परिवेश के प्रति सजग रहने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में चकराता की कनिष्ठ उप प्रमुख सुलोचना रावत उपस्थित रहीं। उन्होंने एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा शिविर के दौरान किए गए सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए उनके प्रयासों को प्रेरणादायी बताया।

समापन अवसर पर आज स्वयंसेवकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए शिविर से प्राप्त सीखों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की उप प्राचार्य डॉ. प्रियंका जलाल ने की। इस दौरान सभी स्वयंसेवकों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी वरुण प्रसाद सेमवाल ने सभी अतिथियों, ग्रामवासियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे शिविर युवाओं में सेवा, नेतृत्व एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को सुदृढ़ करते हैं।

# मिलावटखोरों के विरुद्ध प्रदेशभर में चलेगा विशेष अभियान: डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी रोकने के लिये प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाया जायेगा। जिसके तहत खाद्य पदार्थों की सैम्पलिंग के साथ ही जनजागरूकता पर भी फोकस रहेगा। चारधाम यात्रा के मध्यनजर मुख्य यात्रा पड़ावों पर स्थानीय व्यापार संघों के साथ जन जागरूकता गोष्ठियों का भी आयोजन किया जायेगा।



सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने वर्चुअल माध्यम से स्वास्थ्य विभाग तथा खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी रोकने के लिये प्रदेशभर में 15 दिन का विशेष अभियान चलाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। अभियान के तहत खाद्य पदार्थों के सैम्पल लेने के साथ ही जन जागरूकता अभियान भी चलाने को कहा। विशेषकर चार धाम यात्रा के मध्यनजर मुख्य पड़ावों पर पड़ने वाले बाजारों व कस्बों में व्यापारियों के साथ मिलकर जन जागरूकता गोष्ठि करने व मिलावटखोरी रोकने के लिये कड़े कदम उठाने के निर्देश दिये गये। विभागीय मंत्री ने अधिकारियों को चार धाम यात्रा के

**■ कहा, चारधाम यात्रा के मुख्य पड़ावों पर भी रखी जाएगी कड़ी नजर**

मध्यनजर खाद्य संरक्षा विभाग की ओर से कार्ययोजना तैयार करने को कहा। साथ ही मिलावटखोरों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यात्रा मार्गों पर खाद्य संरक्षा संबंधी होर्डिंग लगाने, व्यापारियों को अपने प्रतिष्ठानों के बाहर खाद्य पदार्थों से संबंधित जानकारी व टोल फ्री नम्बर अनिवार्य रूप से डिस्प्ले करने, फूड सेफ्टी ऑन व्हील मोबाइल वैन के माध्यम से जगह-जगह खाद्य पदार्थों की टेस्टिंग करने के निर्देश दिये। डॉ. रावत ने प्रदेशभर में लगने वाले साप्ताहिक बाजार, हाट व मेलों में विशेष निरीक्षण के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों द्वारा बताया गया कि खाद्य संरक्षा विभाग के अंतर्गत विभिन्न गति. विधियों के संचालन हेतु 7.34 करोड़ की कार्ययोजना भारत सरकार को भेजी गई थी, जिसकी स्वीकृति मिल गई है। जिसके तहत जनजागरूकता अभियान, गोष्ठियां, आईईसी कार्यशालायाएं तथा ईट राइट कम्पेन आदि सांचालित किये जायेंगे। वर्चुअल बैठक में सचिव स्वास्थ्य एवं आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन सचिन कुर्वे, महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ. सुनीता टम्टा, निर्देशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. अजय कुमार आर्य, निदेशक स्वास्थ्य डॉ. शिखा जंगपांगी, नोडल चार धाम यात्रा डॉ. सुजाता, अपर निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. आर. एस. बिष्ट, उपायुक्त एफडीए गणेश कण्डवाल, अपर आयुक्त एफडीए ताजबर सिंह सहित देहरादून, हरिद्वार, टिहरी, पौड़ी, रूद्रप्रयाग, उत्तरकाशी व चमोली जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

**प्रतिनियुक्ति से भरे जायेंगे खाद्य संरक्षा के रिक्त पद**

विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने खाद्य संरक्षा विभाग में लम्बे समय से रिक्त खाद्य निरीक्षक सहित अन्य कार्मिकों के पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि चार धाम यात्रा के मध्यनजर कार्मिकों की कमी को दूर करने के लिये रिक्त पदों को शीघ्र प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरा जाना आवश्यक है। जिसकी अनुमति का प्रस्ताव शीघ्र शासन को भेजने को कहा है।

## संघर्ष समन्वय समिति का अल्मोड़ा में प्रदर्शन

**अल्मोड़ा।** जिला मुख्यालय के चौघानपाटा स्थित गांधी पार्क में उद्यान, कृषि एवं राजस्व विभाग के फील्ड कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में कर्मचारियों ने डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य निजी सर्वेयरों के माध्यम से कराए जाने की मांग की। संघर्ष समन्वय समिति के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में कर्मचारियों ने कहा कि विभागीय कार्मिक पहले से ही कई जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। उन्हें विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों में भी सक्रिय भूमिका निभानी पड़ती है, जिससे कार्यभार काफी बढ़ गया है। ऐसे में तकनीकी रूप से जटिल डिजिटल क्रॉप सर्वे का अतिरिक्त कार्य उनके नियमित कामकाज को प्रभावित कर रहा है। कहा कि अन्य राज्यों में इस तरह के सर्वे कार्य निजी एजेंसियों से कराए जाते हैं, जिससे कार्य की गुणवत्ता और गति दोनों बेहतर रहती हैं।

## सीएम धामी से की पूर्व राज्यपाल कोश्यारी ने शिष्टाचार भेंट



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से आज मुख्यमंत्री आवास में पूर्व मुख्यमंत्री एवं महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोशियारी ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उनके प्रदेश के विकास, जनहित से जुड़े विषयों एवं समसामयिक मुद्दों पर चर्चा हुई।वहीं सीएम धामी से विधायक सुरेश सिंह चौहान , दुर्गेश्वर लाल , पार्वती दास , महंत दलीप रावत एवं पूर्व विधायक राज. ेश शुक्ला ने भेंट कर क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

## कुठालवाली में सामुदायिक भवन का लोकार्पण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को मसूरी विधानसभा क्षेत्रांतर्गत देहरादून के जोहड़ी गांव स्थित कुठालवाली में 10.83 लाख की लागत से नवीनीकृत सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्रवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस भवन के नवीनीकरण से स्थानीय लोगों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है और इस प्रकार के निर्माण कार्यों से स्थानीय स्तर पर जनसुविधाओं में वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि साम. ुदायिक भवन गांव की सामाजिक एकता का केंद्र होता है, जहां विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को जोड़ने का कार्य किया जाता है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजीव गुरुंग, ज्योति कोटिया, संध्या थापा, सुखदेव गुरुंग, सुनील गुरुंग, हरीश शर्मा, कमल शाही, वरिष्ठ नागरिक समिति और पूर्व सैनिक कल्याण समिति के सभी सदस्य सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# प्रदेश में हर खेत को पानी केंद्रीय योजना का 70 फीसदी काम पूरा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** केंद्रीय हर खेत को पानी सिंचाई योजना के तहत प्रदेश में 70 फीसदी से अधिक परियोजनाएं पूर्ण हो गई है। इसी तरह संसद में उठाए एक सवाल के जबाब में राज्य के हवाई अड्डे इंफ्रास्ट्रक्चर पर महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट द्वारा राज्यसभा में केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित उत्तराखंड की प्रमुख सिंचाई परियोजनाएं की प्रगति को लेकर जानकारी मांगी गई थीं। किए जबाब में केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने बताया कि उत्तराखंड की दो प्रमुख सिंचाई परियोजनाएं, जमरानी बांध परियोजना और लखवार बहुउध्देशीय परियोजना, केन्द्रीय सहायता के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल की गई हैं। इन परियोजनाओं में भौतिक

**■ पंतनगर हवाई अड्डे रनवे के विस्तार से ए 321 विमानों का परिचालन होगा संभव**

प्रगति क्रमशः 21 फीसदी और 14 फीसदी हुई है। इसके अतिरिक्त, उत्तराखंड की 1,066 सतही लघु सिंचाई परियोजनाओं के दो समूह, केन्द्रीय सहायता के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-हर खेत को पानी-सतही लघु सिंचाई कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल किया गया है। उत्तराखंड सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अब तक 772 परियोजनाए पूर्ण हो गई हैं। शेष परियोजनाओं को शीघ्रता से पूरा करने के लिए, कार्यान्वयन में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए समीक्षा बैठकों और फील्ड निरीक्षणों के माध्यम से हो रही भौतिक और वित्तीय प्रगति की नियमित निगरानी की जाती है। राज्यों को आधुनिक प्रौद्योगिकियों और बेहतर परियोजना प्रबंधन पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि परियोजनाओं का क्रियान्वयन तेजी से हो सके। इसी तरह पंतनगर और जॉली ग्रांट हवाई अड्डों के विस्तार को लेकर मांगी जानकारी के जबाब में नागर विमानन मंत्रालय राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया, देहरादून में जॉली ग्रांट हवाईअड्डे के विस्तार के लिए, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने राज्य सरकार से 140.5 एकड़ भूमि का अनुरोध किया है।पंतनगर हवाईअड्डे के लिए, एएआई ने लगभग 8500 वर्ग मीटर के नए टर्मिनल भवन के निर्माण के लिए विकास कार्य आरंभ किया है, जिसकी क्षमता प्रति वर्ष 1. 01 मिलियन यात्री (एमपीपीए) है, साथ ही मौजूदा रनवे को 3000 मीटर तक विस्तार किया जाना है।

## गैरसैंण को राजधानी बनाने और भू-कानून पर गरजी यूकेडी

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) अल्मोड़ा द्वारा मंगलवार को नगर के एक निजी होटल सभागार में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गैरसैंण को स्थायी राजधानी बनाने, सख्त भू-कानून लागू करने, जल-जंगल-जमीन पर स्थानीय लोगों के अधिकार तथा युवाओं के पलायन जैसे ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में उत्तराखंड युवा मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष आशीष नेगी ने कहा कि प्रदेश से युवाओं का लगातार पलायन सरकारों की किलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यदि गैरसैंण को राजधानी बनाया जाता है तो पहाड़ के समग्र विकास का मॉडल तैयार होगा और नए शहरों का विकास संभव होगा। पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष पूरन सिंह कठायत ने भूमि की चकबंदी को रोजगार से जोड़ने पर जोर देते हुए कहा कि गांवों के खाली होने के पीछे सरकारी नीतियां जिम्मेदार हैं।

## मसूरी में विकास कार्यों का मंत्री जोशी ने किया निरीक्षण

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**मसूरी।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने आज मसूरी पहुंचकर विभिन्न विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केम्पटी लाइब्रेरी मार्ग का निरीक्षण करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि केम्पटी लाइब्रेरी मार्ग पर एक मार्गीय यातायात व्यवस्था शीघ्र लागू की जाए तथा मार्ग को पूर्ण रूप से खोलने की कार्यवाही तेज की जाए।



निरीक्षण के बाद कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी पर्यटन सीजन को देखते हुए सभी आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल, सड़क, रेलिंग, सौंदर्यीकरण सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने को कहा।मंत्री जोशी ने कहा कि मसूरी प्रदेश का प्रमुख पर्यटन स्थल है, इसलिए यहां आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर के प्रमुख स्थान पर हॉलीवुड की तर्ज पर "मसूरी" का नाम बड़े और आकर्षक स्वरूप में स्थापित किया जाए, जिससे पर्यटन को और बढ़ावा मिल सके। उन्होंने अधिकारियों से समन्वय बनाकर कार्य करने और समयबद्ध तरीके से सभी परियोजनाओं को पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया, ताकि पर्यटन सीजन के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी, मंडल अध्यक्ष रजत अग्रवाल, कुशाल राणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।


**सूचना**

मेरी भूमि खसरा सं. 1347 मिन रकबा 66 वर्गमीटर भूमि स्थित मौजा चकतुनवाला, परगना परवादून, तहसील व जिला देहरादून के स्वामी है व व इस सम्पत्ति के बाबत पूर्व में एक विक्रय पत्र जो कि श्री विनोद कुमार पुत्र श्री बुद्धराम के हक में दिनांक 26.06.2007 को निष्पादित किया गया था, जिसका पंजीकरण सब रजिस्ट्रार कार्यालय देहरादून में बही सं० 1, जिल्द 1982, पृष्ठ 107 से 120, दस्तावेज सं0 6578, दिनांक 26.06.2007 को विधिवत रूप से दर्ज व पंजीकृत हैं यह कि उक्त मूल विक्रय पत्र कहीं खो गया है जो कि काफी ढूँढने पर भी नहीं मिला हैं

**योगेश चन्द्र पुत्र स्व. भगत राम निवासी वी. 4/14 ओ.एफ.डी. इस्टेट, रायपुर, जिला देहरादून, उत्तराखण्डं मो. नं. 8279864745.**

PRITAM SINGH
RAMOLA (ADVOCATE)
Mobile No. 9412347776


## कार्यालय जिला पंचायत देहरादून

पत्रांक सं. 2775/XV/ई-निविदा (2025-26)/जि.प.दे.दून — दिनांक : 17.03.2026

**ई-निविदा सूचना**

जिला पंचायत देहरादून के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय जिला पंचायत देहरादून द्वारा निम्नांकित कार्य योजना हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना https://uktenders.gov.in पर अपलोड की जा रही है। जोकि दिनांक 18.03.2026 से ऑनलाईन उपलब्ध होगी।

| क्र. सं. | विकासखण्ड | योजना का नाम | धरोहर राशि (लाख रू. में) | निविदा मूल्य +(18% GST) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जनपद देहरादून | Supply, Erection and commisioning of 12WLED solar street lights at various locations in Rurlal area of district Dehradun (Uttarakhand). | 0.48 | 2000+360 | 30 दिन | 2 माह |

**नोट :**- निविदादाता को निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि एवं समय से पूर्व अनिवार्य सभी अभिलेख/प्रमाण-पत्रो को अपलोड करते हुए निम्नांकित अभिलेख/प्रमाण-पत्रों के साथ संलग्न कर कार्यालय जिला पंचायत देहरादून में उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। समस्त अनिवार्य अभिलेख/ प्रमाण-पत्रों को नियत तिथि एवं समय तक उपलब्ध न कराने की दशा में सम्बन्धित निविदादाता की ई-निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

1. कॉलम 5 में अंकित निविदा मूल्य एवं 18 प्रतिशत जी.एस.टी. के दो अलग-2 डिमांड ड्राफट जो कि अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत देहरादून के नाम हो, मूल रूप में प्रस्तुत करने अनिवार्य होगे।
2. निविदा के साथ रू. 100/- का स्टाम्प रू. 1/- रेवन्यू टिकट लगा हस्ताक्षर सहित निविदा की वैधता अंकित कर अपलोड कर आवश्यक प्रपत्रों सहित संलग्न कर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
3. कॉलम-4 में अंकित निर्धारित धरोहर राशि की एफ.डी.आर./सी.डी.आर. जोकि अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत देहरादून के नाम बन्धक हो अपलोड कर आवश्यक प्रपत्रों सहित संलग्न कर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
4. जिला पंचायत देहरादून में वर्ष 2025-26 में पंजीकृत फर्म/ ठेकेदार जिसके पास सोलर स्ट्रीट लाईट सम्बन्धित कार्यों का अनुभव हो उक्त ई-निविदा में प्रतिभाग कर सकता है, साथ ही निविदादाता को जिला पंचायत देहरादून द्वारा पंजीयन की प्रति अपलोड कर आवश्यक प्रपत्रो सहित संलग्न कर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
5. अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला पंचायत देहरादून से ज्ञात की जा सकती है।

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत देहरादून**

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड पुरोला

पत्रांक: 443 — दिनांक 06.03.2026

**निविदा सूचना संख्या-07/अ.अ./2025-26**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु अलग-अलग मुहर बन्द निविदायें वर्गीकृत पंजीकृत ठकेदारों से उनकी वर्गीकृत श्रेणी के अनुसार दिनांक 20.03.2020 की अपराहन 3.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमन्त्रित की जाती है। जो कि अधोहस्ताक्षरी अथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी/ प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित ठेकेदारों की उपस्थिति में उसी दिन अपराहन 3.30 बजे बोली जायेगी। निविदा प्रपत्र अभिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, पुरोला के कार्यालय से दिनांक 07.03.2026 से 20.03.2026 तक प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 3:00 बजे के मध्य किसी भी कार्य दिवस में निर्धारित मूल्य जमा करके प्राप्त किये जा सकते हैं। सम्बन्धित जॉब संख्या के सम्मुख उल्लिखित वर्गीकृत ठेकेदार की श्रेणी के अनुसार ठेकेदार अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा पंजीकरण प्रमाण पत्र तथा धरोहर धनराशि की मूल / सत्यापित प्रति उपलब्ध करने पर ही निविदा प्रपत्र विक्रय किये जायेंगे। निविदा प्रपत्र डाक से मंगाने पर रु० 100/- अतिरिक्त जमा करना होगा। डाक में देरी के लिये कार्यालय उत्तरदायी नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि रु. में | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.) | निविदा की वैद्यता अवधि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | सिविल कार्यों की वॉछित श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड नौगांव में फिडर कुड-गुलारी नहर का मरम्मत कार्य। | 49500.00/- | 1500.00+ 18% GST | 90 दिन | 06 माह | सिंचाई विभाग में 'डी' एवं उच्चतर श्रेणी में |
| 2 | जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड नौगांव विकासखण्ड के अन्तर्गत बुर्सी सिंचाई नहर के मरम्मत कार्य। | 59000.00/- | 1500.00+ 18% GST | 90 दिन | 06 माह | सिंचाई विभाग में 'डी' एवं उच्चतर श्रेणी |
| 3 | जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड मोरी के ओबरा नामक बस्ती आवासीय नाले की सुरक्षा दीवार। | 49200.00/- | 1500.00+ 18% GST | 90 दिन | 06 माह | सिंचाई विभाग में 'डी' एवं उच्चतर श्रेणी में |
| 4 | जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड मोरी के केदागंगा मध्य ओबरा तोक में सुरक्षा दीवार | 49200.00/- | 1500.00+ 18% GST | 90 दिन | 06 माह | सिंचाई विभाग में 'डी' एवं उच्चतर श्रेणी में |

**नियम एवं शर्ते :-**

खण्ड के लिये निर्धारित अल्प बचत लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिये धनराशि डाकघर उत्तरकाशी सावधि जमा पासबुक/किसान विकास पत्र/राष्ट्रीय बचत पत्र/राष्ट्रीयकृत बैंको की एफ०डी०आरा के रूप में मान्य होगी जोकि अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, पुरोला के नाम बन्धक हो।

1. निविदा प्रपत्र केवल विभाग में उमयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों को मूल पंजीकरण की सत्यापित छायाप्रति एवं निर्धारित निविदा मूल्य की धनराशि एवं धरोहर धनराशि की सत्यापित प्रति जमा करने पर ही निर्गत किये जायेंगे।
2. निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100.00/- का वैध नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर रुपये 1 का रसीदी टिकट लगा हो व ठेकेदार के हस्ताक्षर सहित जमा करना होगा।
3. अनुबन्ध करने से पूर्व ठेकेदार को सम्पूर्ण प्रतिभूति धनराशि 5 प्रतिशत जमा करनी होगी। जो अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड पुरोला के नाम बन्धक होनी अनिवार्य है।
4. अनुबन्ध करते समय प्रतिभूति पर स्टाम्प शुल्क नियमानुसार देय होगा।
5. निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्री (रेत, बजरी, पत्थर) आदि से सम्बन्धित रायल्टी की कटौती नियमानुसार ठेकेदारों के बिल से की जायेगी। अनुबन्ध के विरूद्ध ठेकेदारों के देयकों से नियमानुसार आयकर, लेबर सेस आदि करों की कटौती की जायेगी।
6. निविदा खुलने के दिनांक से निविदायें 90 दिवस तक वैध मानी जायेगी।
7. निविदाये निर्धारित तिथि व समय से पूर्व इस कार्यालय से रजिस्टर्ड पोस्ट डाक द्वारा भी प्राप्त/प्रेषित की जा सकती है परन्तु निर्धारित तिथि व समय के पश्चात् डाक द्वारा प्राप्त निविदाओं पर कोई कार्यवाही नहीं की जायेगी। डाक द्वारा निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु रु० 100.00 प्रति निविदा, अतिरिक्त प्रेषित करना होगा। डाक के किसी विलम्ब का उत्तरदायित्व विभाग का नहीं होगा।
8. निविदादाता मोहर बन्द लिफाफे पर निविदा सूचना संख्या-05/अधि०अभि०/2025-26, अपना नाम व पता अंकित कर निविदा डालेगें।
9. पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा स्वयं कार्यस्थल पर कार्य कराया जायेगा तथा वे किसी अन्य व्यक्ति को कार्य सबलेट नहीं करेगें।
10. कार्यों की गुणवत्ता के परीक्षण सम्बन्धी संतोष जनक परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त ही तदनुसार अन्तिम भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।
11. निर्धारित गुणवत्ता की निर्माण सामग्री की व्यवस्था ठेकेदार द्वारा स्वयं की जायेगी। इस हेतु विभाग पर ठेकेदार का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।
12. डिफेक्ट लायबिलेटी पीरियड की अवधि 18 माह की होगी।
13. अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, पुरोला/निविदा समिति को बिना कारण बताये किसी भी निविदा अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार होगा।
14. निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि निविदा डालने से पूर्व कार्य स्थल का भली भांति निरीक्षण कर लें। इस सम्बन्ध में किसी प्रकार की जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से अथवा सम्बन्धित सहायक अभियन्ता कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।
15. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।
16. आवश्यकतानुसार कोई भी आकस्मिक शर्त निविदा में सम्मिलित की जा सकती है।
17. निविदा दाता द्वारा समस्त मदों की दरें जी०एस०टी० को समाहित किये बिना दी जायेगी। निविदा दाता द्वारा दी गयी दरों पर विभाग द्वारा जी०एस०टी० अलग से दिया जायेगा।
18. उक्त निविदा प्रणाली में शासनादेश संख्या-33131 (1)/2025/XXVII(9)/01/अधिप्राप्ति/2024/ई-77841 दिनांकः 16.09.2025 में दिये गये दिशा-निर्देश का अनुपालन किया जायेगा।
19. उक्त निविदा प्रणाली में उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली-2025 में दिये गये दिशा-निर्देश का अनुपालन किया जायेगा।

**अधिशासी अभियन्ता**
**सिंचाई खण्ड पुरोला**

# युवा जोश बनाम बड़े सितारे, दिलचस्प होगी टक्कर

**● आईपीएल-2026 : सीजन में कुछ खिलाड़ी 19 साल से भी कम उम्र के, कई दिग्गज खिलाड़ी अपने अनुभव के दम पर मैदान में उतरेंगे**



**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2026 में एक दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलेगा, जहां युवा जोश का सामना अनुभवी सितारों से होगा। इस सीजन में कुछ खिलाड़ी 19 साल से भी कम उम्र के हैं, जबकि दूसरी ओर कई दिग्गज खिलाड़ी अपने अनुभव के दम पर मैदान में उतरेंगे।

आईपीएल के 19वें सीजन यानी आईपीएल 2026 की शुरुआत 28 मार्च से होने जा रही है। इस सीजन के पहले मुकाबले में डिफेंडिंग चैंपियन रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की भिड़ंत एमं चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) से होनी है। दुनिया की सबसे लोकप्रिय टी-20 लीग में इस बार युवा जोश बनाम अनुभव, यानी एक खास मुक. ाबला देखने को मिलेगा। एक ओर ऐसे खिलाड़ी हैं जिनकी उम्र 19 साल से भी कम है और जो पहली बार इतने बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने को तैयार हैं, वहीं दूसरी तरफ कई अनुभवी दिग्गज हैं जो वर्षो के अनुभव के साथ मैदान में उतरेंगे। यही वजह है कि आईपीएल 2026 में नई पीढ़ी और पुराने सितारों के बीच दिलचस्प टक्कर देखने को मिल सकती है।

आईपीएल 2026 के पांच सबसे युवा खिलाड़ी

**वैभव सूर्यवंशी**- आईपीएल 2026 में वैभव सूर्यवंशी सबसे युवा खिलाड़ी के तौर पर उतरेंगे। वैभव की उम्र अभी सिर्फ 14 साल है। पिछले सीजन वैभव ने अपनी तूफानी बल्लेबाजी से हर किसी को खासा प्रभावित किया था। गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले गए मुकाबले में वैभव ने आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे तेज शतक लगाया था। उन्होंने 35 गेंदों में शतक लगाया था। वैभव ने 7 मुकाबलों में 206 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 252 रन बनाए थे।

**आयुष म्हात्रे**- 16 जुलाई 2007 को जन्मे चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे आईपीएल 2026 में खेलने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी होंगे। फिलहाल आयुष की उम्र 18 साल 160 दिन है। आयुष के लिए पिछला सीजन शानदार रहा था। उन्होंने 7 मुकाबलों में 188 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 240 रन बनाए थे। आयुष से चेन्नई सुपर किंग्स को इस सीजन दमदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

**साहिल पारिख**- आईपीएल 2026 में हिस्सा लेने वाले साहिल पारिख तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी होंगे। साहिल की उम्र फिलहाल 18 साल 199 दिन है। साहिल को दिल्ली कैपिटल्स ने आक्शन में 30 लाख रुपये की बोली लगाते हुए अपनी टीम में शामिल किया है। आगामी सीजन में साहिल से दिल्ली को बढ़िया प्रदर्शन की उम्मीद होगी।

**सात्विक देसवाल**- आईपीएल के लिए हुए आक्शन में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने सात्विक देसवाल को 30 लाख में खरीदा था। सात्विक इस सीजन खेलने वाले चौथे सबसे युवा खिलाड़ी होंगे। उनकी उम्र 18 साल 275 दिन है। सात्विक बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज हैं। सात्विक को अगर प्लेइंग इलेवन में मौका मिलता है, तो वह अपनी गेंदबाजी से छाप जरूर छोड़ना चाहेंगे।

**विहान मल्होत्रा**- अंडर-19 वर्ल्ड कप में अपनी बल्लेबाजी से हर किसी को प्रभावित करने वाले विहान मल्होत्रा आईपीएल 2026 में हिस्सा लेने वाले पांचवें सबसे युवा खिलाड़ी होंगे। विहान की फिलहाल उम्र 18 साल 356 दिन है। विहान को आरसीबी ने 30 लाख में खरीदा है। आईपीएल के पांच सबसे उम्रदराज खिलाडी

**एमएस धोनी**- आईपीएल 2026 में सबसे उम्रदराज खिलाड़ी के तौर पर चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी मैदान पर उतरेंगे। धोनी की उम्र 44 साल है। पिछले दो सीजन से धोनी बल्लेबाजी क्रम में काफी नीचे बैटिंग करने आ रहे हैं। आईपीएल 2025 में धोनी का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था। वह 14 मुक. ाबलों में 135 के स्ट्राइक रेट से सिर्फ 196 रन ही बना सके थे।

**रोहित शर्मा**- मुंबई इंडियंस के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा आईपीएल 2026 में खेलने वाले दूसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे। रोहित इंडियन प्रीमियर लीग के 19वें सीजन में 38 साल की उम्र में खेलेंगे। रोहित के लिए पिछला सीजन बल्ले से शानदार रहा था। उन्होंने 15 मुकाबलों में 149 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 418 रन बनाए थे।

**विराट कोहली**- रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु को पिछले सीजन पहला खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले विराट को. हली आईपीएल 2026 में खेलने वाले तीसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे। आगामी सीजन में कोहली 37 साल की उम्र में खेलते हुए नजर आएंगे। आईपीएल 2025 में खेले 15 मुकाबलों में विराट ने 144 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 657 रन बनाए थे।

**ईशांत शर्मा**- आईपीएल 2026 में ईशांत शर्मा 37 साल की उम्र में हिस्सा लेंगे। ईशांत गुजरात टाइटंस की तरफ से खेलते हुए नजर आएंगे। हालांकि, आईपीएल 2025 में ईशांत का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था। वह 7 मुक. ाबलों में सिर्फ 4 विकेट निकाल सके थे और उनका गेंदबाजी इकोनामी भी 11.18 का रहा था।

**अजिंक्य रहाणे**- आईपीएल 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स की कप्तानी करने वाले अजिंक्य रहाणे इस सीजन टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाले पांचवें सबसे उम्रदराज खिलाड़ी होंगे।

---

**खेल विशेष**

## आईपीएल के आगामी सीजन में धोनी छठे नंबर से नीचे नहीं उतरें : एबी डिविलियर्स

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2026 का सीजन शुरू होने को है और एक बार फिर सभी की नजरें चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अनुभवी बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी पर रहेगी। धोनी इस लीग की शुरुआत से ही हर सीजन में खेले हैं और फैंस फिर उन्हें मैदान पर उतरता हुआ देखेंगे। धोनी ने इसके लिए तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। अब टूर्नामेंट शुरू होने से पहले दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने धोनी को सलाह दी है। डिविलियर्स ने धोनी के बल्लेबाजी क्रम पर बेबाक राय रखी है। उन्होंने कहा कि आईपीएल के आगामी सीजन में धोनी का छठे नंबर से नीचे नहीं उतरना चाहिए क्योंकि आठवें और नौवें स्थान पर उतरना उनकी मौजूदगी के साथ न्याय नहीं होता। आईपीएल 2026 की शुरुआत 28 मार्च से हो रही है और 44 साल के धोनी फिर येलो जर्सी में नजर आएंगे। सीजन की शुरुआत से पहले डिविलियर्स ने इस करिश्माई खिलाड़ी से पिछले कुछ वर्षों में बल्लेबाजी क्रम में बहुत नीचे खेलने की रणनीति को बदलने की अपील की। वहीं, सीएसके ने आईपीएल 2026 की नीलामी से पहले सैमसन को ट्रेड करने का फैसला किया, जो उनकी भविष्य की योजनाओं का हिस्सा था। धोनी की भूमिका पर बात करते हुए डिविलियर्स ने कहा कि यह बहुत मुश्किल है और सीधा-सीधा मामला नहीं है। ब्रांड बनने में वर्षों लगते हैं और सीएसके ने धोनी की शख्सियत के साथ कई वर्षों में यह साम्राज्य खड़ा किया है जो हमेशा से वहां मौजूद रहे हैं। जब आप सीएसके का नाम लेते हैं, तो तुरंत आपके दिमाग में धोनी का नाम आता है। मुझे लगता है कि पिछले कुछ वर्षों में उनकी भूमिका पूरी तरह से उस ब्रांड को जितना हो सके, उतना मजबूत बनाए रखने की रही है।

## आईपीएल स्टार यश दयाल की नोएडा में शादी, प्रयागराज में होगा रिसेप्शन



**● यश दयाल मीडिया एंफ्लुएंसर श्वेता पुंडीर से विवाह बंधन में बंध गए हैं**

**प्रयागराज, वार्ता।** प्रयागराज के रहने वाले भारतीय क्रिकेटर यश दयाल मीडिया इंफ्लुएंसर श्वेता पुंडीर से विवाह बंधन में बंध गए है।

दोनो ने करीबी रिश्तेदार और मित्रों की मौजूदगी में नोएडा में फेरे लिए है जबकि उनका रिसेप्शन प्रयागराज में होगा जिसमें खेल जगत की खास हस्तियों के शामिल होने की संभावना है। यश दयाल के विवाह की की पुष्टि उनके पिता चंद्रपाल दयाल ने की है। उन्होंने बताया कि यश दयाल एक सप्ताह के भीतर प्रयागराज आएंगे, जिसके बाद यहां उनके सम्मान में एक रिसेप्शन आयोजित किया जाएगा।

इस समारोह में खेल जगत से जुड़े कुछ खास मेहमानों के शामिल होने की संभावना है। सोशल मीडिया पर यश दयाल की शादी से जुड़ी कुछ तस्वीरें भी तेजी से वायरल हो रही हैं। प्रयागराज के रहने वाले यश दयाल ने क्रिकेट की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई है और वर्तमान में भारतीय क्रिकेट से जुड़े प्रमुख तेज गेंदबाजों में गिने जाते हैं। शादी की खबर सामने आने के बाद परिवार, रिश्तेदारों और परिचिंतों में खुशी का माहौल है। प्रयागराज के चकिया स्थित उनके घर पर भी उत्साह का वातावरण है और सभी उनके घर लौटने का इंतजार कर रहे हैं। यश दयाल के पिता चंद्रपाल दयाल सरकारी कर्मचारी हैं।

## द. अफ्रीका की महिला टीम ने न्यूजीलैंड को हराया

**● द. अफ्रीका की महिला टीम ने दूसरे टी-20 मैच में न्यूजीलैंड को 18 रनों से हराकर सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली**




**हैमिल्टन, वार्ता।** ताजमिन ब्रिट्स (53), कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट (नाबाद 41) की शानदार बल्लेबाजी के बाद अयाबोंगा खाका (चार विकेट) और एन म्लाबा (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने मंगलवार को दूसरे टी-20 मुक. ाबले में न्यूजीलैंड को 18 रनों से शिकस्त दी।

इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने पांच मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली हैं। आज यहां दक्षिण अफ्रीका की महिला ने टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 177 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। सुने लुस और ताजमिन ब्रिट्स की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 62 रन जोड़े। सातवें ओवर में अमेलिया केर ने सुने लुस 21 गेंदों में (31) को पगबाधा आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। ताजमिन ब्रिट्स ने 43 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 53 रनों की पारी खेली। उन्हें 13वें ओवर में अमेलिया केर ने आउट किया। एनेरी डर्कसन (2), क्लो ट्रायॉन (2) और एन डीक्लर्क (चार) रन बनाकर आउट हुई। लॉरा वोल्वाडर्ट ने 33 गेंदों में चार चौके लगाते हुए नाबाद 41 रन बनाए। कायला रेनेके ने नौ गेंदों में दो चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए नाबाद 28 रन ठोके। न्यूजीलैंड के लिए अमेलिया केर और जेस केर ने दो-दो विकेट लिए। 178 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की महिला टीम को अयाबोंगा खाका की अगुवाई वाले दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने 19-1 ओवर में 159 रन पर ढेर कर मुकाबला 18 रनों से जीत लिया। न्यूजीलैंड के लिए कप्तान अमेलिया केर ने सर्वाधिक 32 रनों की पारी खेली। इजी शार्प (29), सोफी डिवाइन (25), मैडी ग्रीन (18), ब्रुक हॉलिडे (16) और जेस केर (14) रन बनाकर आउट हुई। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। दक्षिण अफ्रीका के लिए अयाबोंगा खाका चार विकेट लिए। एन म्लाबा को तीन विकेट मिले। एनेरी डर्कसेन, एन डी क्लर्क ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## न्यूजीलैंड ने द. अफ्रीका को हराया

**● कीवियों ने द. अफ्रीका को 68 रनों से दी मात, डवेन कॉन्वे को उनकी शानदार बैटिंग के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया**




**हैमिल्टन, वार्ता।** डेवन कॉन्वे (60) की अर्धशतकीय पारी के बाद लॉकी फार्ग्युसन और बेन सीयर्स (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने मंगलवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 68 रनों से मात दी। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने पांच मैचों सीरीज 1-1 से बराबर कर ली हैं। डेवन कॉन्वे को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया।

176 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे 15-3 ओवरों में 107 रन ही बना सकी और 68 रनों मुकाबला हार गई। दक्षिण अफ्रीका के लिए जॉर्ज लिडे ने 12 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 33 रन बनाए। इसके अलावा रूबिन हरमन (19), वियान मुल्डर (16), जेसन स्मिथ (13) और जेसन स्मिथ (10) रन बनाकर आउट हुए। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। न्यूजीलैंड के लिए लॉकी फार्ग्युसन और बेन सीयर्स तीन-तीन विकेट लिए। मिचेल सैंटनर को दो विकेट मिले। जिमी नीशम और कोल मैककोन्ची ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गें. दबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 175 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। डेवन कॉन्वे ने 49 गेंदों में पांच चौके और दो छक्कों की मदद से 60 रन बनाए। निक केली 12 गेंदों में (21) और कप्तान मिचेल सैंटनर 14 गेंदों में 20 रन बनाकर आउट हुए। कोल मैककोन्ची ने 12 गेंदों में (नाबाद 18) और जॉश क्लार्कसन ने नौं गेंदों में नाबाद 29 रनों की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका के लिए वियान मुल्डर ने दो विकेट लिए।

## घुटने की चोट के चलते बेवन जैकब्स दूसरे टी-20 से हुए बाहर



**हैमिल्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड के मध्यमक्रम के बल्लेबाज बेवन जैकब्स अपने बाएं घुटने में चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी-20 मुकाबले से बाहर हो गए हैं।

उनकी जगह टीम में अनकैप्ड खिलाड़ी कैटेन क्लार्क को शामिल किया गया है। 23 साल के जैकब्स माउंट माउंगानुई में खेले गए पहले टी-20 के दौरान क्षेत्ररक्षण करते समय अपने बाएं घुटने के बल गिर पड़े थे, जिसके बाद उन्हें मैदान से बाहर ले जाना पड़ा।

उनके घुटने का स्कैन किया गया, जिसमें पता चला कि उनके घुटने के एक तरफ हड्डी में चोट (बोन ब्रूजिग) लगी है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक बयान में कहा कि जैकब्स के मैदान पर वापसी की समय-सीमा तय करने के लिए अभी और जांच की आवश्यकता है। क्लार्क ने सुपर स्मैश टूर्नामेंट में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स को खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी, जहां वह सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे। 26 साल के इस दाएं हाथ के ओपनर ने नौ पारियों में कुल 431 रन बनाए, जिसमें ओटागो के खिलाफ एक शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल हैं।

## डीडीसीए ने प्रतिका रावल व उद्धव मोहन को किया सम्मानित

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई) के राष्ट्रीय सम्मेलन में भारत के विश्व कप विजेताओं प्रतिका रावल और उद्धव मोहन को सम्मानित किया।

यहां आयोजित सम्मान समारोह में सोमवार को प्रशासक, पत्रकार और खिलाड़ी भारतीय खेलों की विभिन्न उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए एकत्रित हुए थे। सम्मान समारोह के दौरान डीडीसीए ने एकदिवसीय विश्व. कप 2025 में भारतीय टीम का हिस्सा रही रावल को 51 लाख के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। वहीं अंडर-19 वर्ल्ड कप विजेता मोहन को राष्ट्रीय जूनियर टीम के साथ उनकी उपलब्धि के लिए 11 लाख का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। समारोह में डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली ने कहा कि उन खिलाड़ियों को सम्मानित करना हमेशा खास होता है, जो दिल्ली की व्यवस्था से उभरकर सामने आए हैं और जिन्होंने देश का गौरव के साथ प्रतिनिधित्व किया है।


कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा
**उत्तराखण्ड पेयजल निगम, मसूरी**
63/3 जाखन, सांई इनक्लेव कैनाल रोड, देहरादून, फोन/फैक्स : 0135-2736032 (का0) Email: jalnigam.mussoorie@yahoo.com

पत्रांक : 656 | **National Competitive Bidding** | दिनांक:- 17.03.2026

**E-TENDER NOTICE**

On behalf of the Chairman, Uttarakhand Peyjal Nigam, online tender are invited on the website http://www.uktenders.gov.in from experienced and eligible bidders having adequate technical & financial capability and relevant experience for water supply scheme as specified in bid document for under State sector (Urban) Programme in one bid system as per description & Schedule given below: -

| Sl. No. | Name of work | Earnest Money (Rs. Lacs) | Cost of e-tender document | Completion period (in month) | Category |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 03 | 05 | 06 | 07 | 08 |
| 01 | Flood Damage work in Natural Calamities Under Karligad Majhara Water Supply Scheme | 1.25 | 4000.00 +18% GST | 06 months | Class "D" category and above |
| 02 | Flood Damage work in Natural Calamities Under Sera-Silkoti Water Supply Scheme | 1.00 | 4000.00 +18% GST | 06 months | Class "D" category and above |

नोट:- शर्ते कार्यालय दिवस एवं कार्यालय समय में इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

**Executive Engineer**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद शिवालिकनगर, जिला हरिद्वार (उत्तराखण्ड)**

पत्रांक: 1127/नि0अनु0/नि0का0निविदा/2025-26 | दिनांक : 17 मार्च, 2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद् शिवालिकनगर राज्य वित्त आयोग/15वें वित्त(टाईड ग्रान्ट) के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर निम्नलिखित कार्य सम्पादित करवाये जाने हेतु सीलबन्द निविदायें आमन्त्रित करती है। अतः उक्त के परिप्रेक्ष्य में नगर पालिका परिषद् शिवालिकनगर के समस्त पंजीकृत फर्म/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि जो फर्म/ठेकेदार निम्नलिखित कार्य करने के इच्छुक हों, वे दिनांक 31/03/2026 अपराह्न 04:00 बजे तक पालिका कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में निर्माण कार्यो के निविदा प्रपत्र क्रय कर सकते हैं तथा क्रय की गयी निविदाओं को दिनांक 01/04/2026 को अपराह्न 12:00 बजे तक पालिका कार्यालय में निर्माण कार्य की मुहरबन्द/सीलबन्द निविदा जिस कार्य की व सम्बन्धित फर्म/ठेकेदार का नाम स्पष्ट शब्दों में लिखा हो, उपलब्ध करा सकते हैं। समय से प्राप्त निविदायें दिनांक 01/04/2026 को अपराह्न 02:00 बजे निविदादाता एवं निर्माण कार्य हेतु गठित समिति के समक्ष खोली जायेगा। प्राप्त निविदाओं को स्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद् शिवालिकनगर में निहित है। निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित मूल्यों की जमानत राशि की एफ.डी.आर/एन.एस.सी/बचत पत्र जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद् शिवालिकनगर के पदनाम से बन्धक हो, संलग्न करनी अनिवार्य होगी, निर्माण कार्यो का विवरण निम्नवत् है-

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | निविदा प्रतिभूति | कीमत निविदा प्रपत्र (18 प्रतिशत जी0एस0 टी0 अतिरिक्त) | निविदा वैद्यता | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | नगर पालिका परिषद शिवालिकनगर क्षेत्रान्तर्गत जिलाधिकारी कार्यालय कलैक्ट्रेट भवन में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण कार्य। | 72900/- | 2000 /- | 90 दिन | 6 माह |
| 02 | नगर पालिका परिषद शिवालिकनगर क्षेत्रान्तर्गत मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय विकास भवन में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण कार्य। | 72900/- | 2000 /- | 90 दिन | 6 माह |
| 03 | नगर पालिका परिषद शिवालिकनगर क्षेत्रान्तर्गत रिर्जव पुलिस लाईन रोशनाबाद में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण कार्य। | 72900/- | 2000 /- | 90 दिन | 6 माह |
| 04 | नगर पालिका परिषद शिवालिकनगर क्षेत्रान्तर्गत क्षेत्रीय परिवाहन अधिकारी कार्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण कार्य। | 72900/- | 2000 /- | 90 दिन | 6 माह |
| 05 | नगर पालिका परिषद शिवालिकनगर क्षेत्रान्तर्गत मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण कार्य। | 72900/- | 2000 /- | 90 दिन | 6 माह |
| 06 | वार्ड न0 13 शिवालिक गंगा विहार कॉलोनी के फेस 02 गली न0 02 में अधिराज शोरूम के पास अवशेष सड़क का निर्माण कार्य। | 24600/- | 1000 /- | 90 दिन | 6 माह |
| 07 | वार्ड न0 13 नवोदय नगर में सिदार्थ एन्कलेव कालोनी के पीछे से गलेक्सी स्कूल गणेश विहार की ओर नाले का निर्माण कार्य। | 74430/- | 2000 /- | 90 दिन | 6 माह |

नोट:- सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी, विलम्ब से प्राप्त होने वाली किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा, निर्माण कार्य की शर्ते एवं अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पालिका कार्यालय के निर्माण अनुभाग से ज्ञात की जा सकती है।

(तारिक खान)
अधिशासी अधिकारी

(राजीव शर्मा)
अध्यक्ष

## श्रीमति तारावती इंस्टीट्यूट में फार्मा अन्वेषण 2026 में जुटे दिग्गज

# शोध व नवाचार से बदलेगी फार्मेसी की सूरत : डॉ. मोंटू पटेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** श्रीमती तारावती इंस्टीट्यूट ऑफ बायो मेडिकल एंड एलाइड साइंसेज में श्फार्मेसी के जनकश प्रोफेसर एम.एल. श्रॉफ की स्मृति में फार्मा अन्वेषण देवभूमि उत्तराखंड 2026 का भव्य आयोजन किया गया। फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम ने देशभर के शोध कर्ताओं और छात्रों को एक साझा मंच प्रदान किया है।

पीसीआई के अध्यक्ष डॉ मंटू कुमार एम पटेल, पीसीआई सदस्य डॉक्टर शिवानंद पाटिल, ड्रग्स कंट्रोलर डॉ. सुधीर कुमार एवं संस्थापक रमेश शर्मा, निदेशक पंकज शर्मा ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उत्तराखंड के समस्त फार्मेसी संस्थानों के बी.फार्मा, डी.फार्मा, और एम.फार्मा के छात्र व उद्योग विशेषज्ञों ने प्रतिभाग किया। कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत (वर्जुअल) के माध्यम से सभी के साथ अपने विचार साझा किए। पीसीआई अध्यक्ष डॉ. मोंटू कुमार एम. पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि




फार्मेसी शिक्षा में नवाचार और वैज्ञानिक शोध को बढ़ावा देना। उन्होंने कहा कि फार्मा अन्वेषणष केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक मिशन है। यह छात्रों को अपने शोध प्रोजेक्ट्स और वैज्ञानिक विचारों को विशेषज्ञों के सामने रखने का राष्ट्रीय मंच देता है। उन्होंने जोर दिया कि उद्योग और शिक्षा जगत के बीच की दूरी

**❖कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने किया राष्ट्रीय शोध मंच का आगाज**

को कम करने के लिए ऐसे आयोजन अनिवार्य हैं। विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि फार्मा अन्वेषण कार्यक्रम भारत में फार्मेसी शिक्षा और अनुसंधान के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मील का पत्थर साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार हमेशा फार्मा इंडस्ट्री के साथ खड़ी है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. पटेल ने प्रदेश के विभिन्न फार्मेसी कॉलेजों के निदेशकों और प्राचार्यों के साथ श्चाय पर चर्चाश की, जिसमें शिक्षा के स्तर को सुधारने और भविष्य की चुनौतियों पर मंथन किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. पंकज शर्मा ने अतिथियों को शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं पीसीआई अध्यक्ष द्वारा भी शिक्षाविदों को प्रमाण पत्र और पौधे भेंट किए गए।



इस अवसर पर ममतेश शर्मा, शौर्य शर्मा, कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर डॉ शम्मी चड्ढा, मीडिया प्रभारी विजय अरोड़ा, चित्रा गुप्ता, सुनीता रानी, दीपक सैनी, मोहम्मद काशिफ, दुष्यंत पुंडीर, अक्षय कुमार, दीपक कांबोज, अवि सैनी, गौरव शर्मा, निशांत अंजुम, चंदन सैनी, अजय कुमार, राधेश्याम, प्राची जिंदल एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# पुलिस ने नाबालिग का अपहरण करने वाला आरोपी धर-दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाइन पुलिस ने नाबालिग का अपहरण करने वाले आरोपी को दबोच कर जेल भेज दिया।

जानकारी के अनुसार वादी द्वारा अपनी नाबालिग पुत्री के अपहरण के संबंध में कोतवाली रुड़की में मुकदमा अपराध संख्या 476/25, पोक्सो अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कराया गया था। उक्त प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक रेखा पाल के सुपुर्द की गई। प्रभारी निरीक्षक रुड़की द्वारा आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु उपनिरीक्षक ध्वजवीर सिंह पवार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा लगातार पतारसी-सुरागरसी करते हुए आरोपी को हिसार, हरियाणा से हिरासत में लिया गया। आरोपी के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही हैं। नाम पता आरोपित-मुकेश कुमार पुत्र शीशपाल निवासी मकान संख्या 485, न्यू ऋषि नगर, थाना सिटी हिसार, जनपद हिसार (हरियाणा)। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक ध्वजवीर सिंह पवार, कांस्टेबल प्रदीप भंडारी, कांस्टेबल सोबन सिंह चौहान शामिल रहे।

# आईआईटी निदेशक व डीएम ने किया आधुनिक कंप्यूटर लैब का लोकार्पण

## बालिकाओं को डिजिटल वं तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम : मयूर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत सी-मार्क इंडिया लिमिटेड द्वारा स्थापित अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब का लोकार्पण आज तहसील रूड़की परिसर में जिलाधिकारी हरिद्वार मयूर दीक्षित, आईआईटी रूड़की के निदेशक प्रो. के. के. पंत तथा वी-मार्क इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक विकास गर्ग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। यह पहल सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों, विशेषकर बालिकाओं, को डिजिटल एवं तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम है। इस अवसर



पर जिला प्रशासन हरिद्वार एवं आईआईटी रूड़की के मध्य एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए। एमओयू पर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, आईआईटी रूड़की के निदेशक प्रो. के.के. पंत तथा संयुक्त मजिस्ट्रेट रूड़की दीपक रामचंद्र शेट द्वारा हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों को कंप्यूटर एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता की उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा उपलब्ध कराना है। आईआईटी रूड़की के प्रख्यात प्रोफेसरों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा पाठ्यक्रम पूर्ण होने पर विद्यार्थियों को आईआईटी रूड़की की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में बालिकाओं की भागीदारी को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि वे भी तकनीकी क्षेत्र में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। इस अवसर पर जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि यह पहल सरकारी विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए अवसरों के नए द्वार खोलेगी और उन्हें डिजिटल भारत के निर्माण में सहभागी बनाएगी। उन्होंने कहा कि कम्प्यूटर लैब के शुरू होने से स्थानीय बच्चों को इसका लाभ प्राप्त होगा।

आईआईटी रूड़की के निदेशक ने इसे समाज और शिक्षा के बीच सहयोग का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए कहा कि जब प्रशासन, शिक्षण संस्थान और उद्योग जगत साथ आते हैं, तो परिवर्तन निश्चित होता है। यह पहल न केवल डिजिटल साक्षरता को बढ़ाएगी, बल्कि ग्रामीण एवं वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को भी भविष्य की तकनीकों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित करे करेगी। कार्यक्रम में आईआईटी रूड़की के डीन एसआरआईसी प्रो. विवेक मलिक, डीन इंटरनेशनल रिलेशन्स प्रो. करुण रावत, डीन एकेडमिक्स श्री नवीन नवानी, सीनियर कंसल्टेंट श्रीमती मार्गरेट क्लिमकोटी, अपर उपजिलाधिकारी रूड़की श्री अनिल कुमार शुक्ला, तहसीलदार रूड़की श्री विकास अवस्थी, तहसीलदार लक्सर श्रीमती शुभांगिनी सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। वी-मार्क इंडिया लिमिटेड की ओर से सीएफओ डी. के. बंसल, जीएम (एचआर) राहुल वत्स, एचआर अभय गोयल तथा लीगल हेड ज्ञान प्रकाश शर्मा भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## जामा मस्जिद में 27वीं तरावीह में हुआ कुरआन मुकम्मल

# अल्लाह ने इंसानियत की रहनुमाई को कुरआन नाजिल फरमाया

**शाह टाइम्स संवारदाता**

**रुड़की।** नगर की प्रमुख जामा मस्जिद में रमजानुल मुबारक की 27-वीं शब में नमाज तरावीह के दौरान कुरआन पाक मुकम्मल किया गया।इस दौरान मस्जिद में बड़ी संख्या में नमाजियों की मौजूदगी रही।नमाज तरावीह में कुरआन शरीफ सुनाने की सआदत हाफिज मोहम्मद तलहा को हासिल हुई।कुरआन शरीफ मुकम्मल होने के मौके पर मस्जिद में आयोजित विशेष दुआ के प्रोग्राम में मदरसा रहमानिया के प्रधानाचार्य मौलाना अजहर उल हक ने बयान करते हुए रमजान की फजीलत और कुरआन करीम की अजमत पर विस्तार से रोशनी डाली।उन्होंने कहा कि रमजान का महीना रहमत,मगफिरत और जहन्नम से निजात का महीना है,इसी महीने में अल्लाह तआला ने इंसानियत की रहनुमाई के लिए कुरआन करीम नाजिल फरमाया,जो कयामत तक के लिए पूरी इंसानियत के लिए हिदायत का जरिया है।उन्होंने कहा कि मुसलमानों को चाहिए कि वे रमजान के महीने की कद्र करें और खासतौर पर आखिरी अशरे



में ज्यादा से ज्यादा इबादत करें,क्योंकि इन्हीं रातों में शबे कद्र जैसी अजीम और बरकत वाली रात आती है,जो हजार महीनों से बेहतर बताई गई है।उन्होंने नमाज और रोजे की पाबंदी की अहमियत बताते हुए कहा कि मुसलमानों की कामयाबी अल्लाह की इबादत और उसके बताए हुए रास्ते पर चलने में है।अगर इंसान अपनी जिंदगी को कुरआन और सुन्नत के मुताबिक ढाल ले तो दुनिया और आखिरत दोनों में कामयाबी हासिल हो सकती है।उन्होंने लोगों से अपील की कि वे रमजान के बाद भी अपनी जिंदगी में नमाज,रोजा,तिलावत और नेक कामों को जारी रखें और समाज में भाईचारा,अमन और मोहब्बत का पैगाम फैलाएं।कार्यक्रम के अंत में हजरत मुफ्ती मोहम्मद सलीम ने दुआ कराई।उन्होंने दुआ में अल्लाह तआला से मुल्क में अमन-चौन,तरक्की और खुशहाली की दुआ मांगी,साथ ही सभी लोगों को नसीहत करते हुए कहा कि रमजान सिर्फ एक महीने की इबादत का नाम नहीं है,बल्कि यह पूरी जिंदगी को सुधारने का पैगाम देता है।उन्होंने कहा कि मुसलमानों को चाहिए कि वे रमजान के सबक को अपनी पूरी जिंदगी में अपनाएं और अपने

**❖उलेमाओं ने कुरआन और रमजान की अहमियत बयान की**

किरदार,अखलाक और अमल को इस्लामी तालीमात के मुताबिक बनाएं। विशेष दुआ के बाद अफजल मंगलौरी ने हाफिज मोहम्मद तलहा को शाल व नोटों का हार पहनाकर सम्मान किया तथा उलमाओं का भी शाल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस मौके पर हज अधिकारी बाबू एहसान अहमद,प्रशासक हाजी मोहम्मद मुस्तकीम,मोहम्मद इनाम,नसीम अहमद, मेहताब साबरी,हाफिज नदीम अहमद, बिट्टन त्यागी, इमरान देशभक्त, अंसार अहमद,अताउर रहमान अंसारी, हाफिज इरशाद अहमद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## गैस की किल्लत से महंगी हुई भोजन की थाली, फास्ट फूड के बढ़े दाम

**शाह टाइम्स संवारदाता**

**रुड़की।** शहर में गैस की किल्लत और कालाबाजारी का असर अब आम लोगों की जेब पर भी पड़ने लगा है। रेस्टोरेंट व ढाबों पर मिलने वाली भोजन की थाली महंगी हो गई है। इनमें 10 से 20 रुपये तक बढ़ा दिए गए हैं। वहीं फास्ट फूड और चाट की दुकानों पर भी प्लेट पांच रुपये से 20 रुपये तक महंगी हो गई है। दुकानदारों का कहना है कि गैस की आपूर्ति प्रभावित होने और महंगे दामों पर सिलेंडर मिलने के कारण उन्हें मजबूरी में खाने-पीने की चीजों के रेट बढ़ाने पड़े हैं। शहर में लगने वाली नूडल्स, मोमोज, चाउमीन, बर्गर और चाट-टिक्की जैसी फास्ट फूड की चीजों के दाम बढ़ गए हैं। पहले जहां मोमोज या नूडल्स की प्लेट 40 से 50 रुपये में मिल जाती थी, वहीं अब इसके लिए ग्राहकों को पांच से 20 रुपये अधिक चुकाने पड़ रहे हैं।

## पुलिस ने फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवारदाता**

**पिरान कलियर।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान लंबे समय से फरार चल रहे एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया है।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया है।

थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि एसएसपी के निर्देश पर न्यायालय से फरार चल रहे वारंटियों के खिलाफ क्षेत्र में अभियान चलाया जा रहा है।इसी के तहत सोमवार की रात पुलिस ने चेकिंग के दौरान नहर पटरी से मुखबिर की सूचना पर एक वारंटी इस्लाम खान निवासी ग्राम कुड़िया रमपुरवा थाना को जोगपट्टी जिला चंपारण बिहार को गिरफ्तार किया है जो लंबे समय से न्यायालय से फरार चल रहा था तलाशी लेने पर उसके पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ।आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है।वहीं दूसरी और अभियान के तहत पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे एक ओर वारंटी मुकेश कुमार निवासी धनौरी को भी गिरफ्तार किया। पकड़े गए दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है।

## अनुच्छेद-370 हटने पर जम्मू-कश्मीर में हुई नए संवैधानिक युग की शुरुआत : सेमवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** चमन लाल महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में अनुच्छेद 370 हटाने के बाद जम्मू-कश्मीर में संवैधानिक परिवर्तन उपलब्धियां और चुनौतियां के विषय पर चर्चा की गई संगोष्ठी में देशभर से आए विद्वानों, शोधार्थियों एवं प्रतिभागियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। उत्तराखण्ड राजनीति विज्ञान परिषद के अधिवेशन पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के पहले दिन मुख्य अतिथि भारतीय राजनीति विज्ञान परिषद के अध्यक्ष प्रो. एम. एम. सेमवाल ने कहा कि अनुच्छेद 370 के हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में एक नए संवैधानिक युग की शुरुआत हुई है। उन्होंने इसे भारतीय संघीय ढांचे की सुदृढ़ता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि इससे राष्ट्रीय एकता और अखंडता को मजबूती मिली है। विशिष्ट अतिथि केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी बिहार से आए प्रो. सुनील महावर ने कहा कि इस संवैधानिक परिवर्तन के बाद जम्मू-कश्मीर में प्रशासनिक ढांचे में व्यापक बदलाव देखने को मिले हैं। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के विस्तार की दिशा में सकारात्मक पहल बताया। संगोष्ठी में विभिन्न कॉलेजों से आए शोध ार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किए इस मौके पर 10 से अधिक पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। संगोष्ठी में महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामकुमार शर्मा, प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष अतुल हरित, प्राचार्य सुशील कुमार उपाध्याय तथा कार्यक्रम संयोजक डॉ. नीशू कुमार ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मोनू कुमार ने किया इस अवसर पर समस्त शिक्षकगण एवं गैर शिक्षक कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने के लिए लगी लंबी लाइन

**झबरेडा।** कस्बे में स्थित गैस एजेंसी के बाहर सोमवार सुबह 7 बजे से ही गैस सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं की लंबी लाइन लग गई। लाइन में महिलाओं की भी काफी संख्या रही। हालांकि दोपहर करीब 1 बजे तक आध से अधिक लोगों को गैस सिलेंडर नहीं मिल सका और उन्हें मायूस होकर खाली हाथ घर लौटना पड़ा। कस्बा झबरेड़ा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में केवल एक ही गैस एजेंसी है। इसी एजेंसी पर कस्बे के साथ-साथ ग्राम कोटवाल आलमपुर, भक्तोंवाली, सुल्तानपुर, कुशालीपुर, शेरपुर खेलमऊ, सदोली, खरकड़ी और साबतवाली समेत कई गांवों के लगभग 50 हजार लोग निर्भर हैं।

# तहसील दिवस में डीएम ने सुनी जन समस्याएं

## 20 समस्याओं में से 9 का मौके पर किया गया निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** जनपदवाशियो की समस्या को त्वरित निराकरण करने के उदेश्य से मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में तहसील भगवानपुर में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आये क्षेत्रवासियों द्वारा विभिन्न विभागों से सम्बंधित 20 समस्याएं दर्ज कराई गई, जिसमें से 9 समस्याओं का जिलाधिकारी द्वारा मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष समस्याओं को त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। तहसील दिवस में दर्ज करायी गई मुख्यत शिकायतों में अधिकतर भूमि विवाद, अतिक्रमण, जल भराव, गैस, आदि से सम्बन्धित समस्यायें दर्ज करायी गयी। आयोजित तहसील दिवस में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि तहसील दिवस में जो भी समस्याएं क्षेत्रीय जनता द्वारा दर्ज कराई गई है उनका समयबृद्धता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की कोई शिथिलता एवं ढिलाई नहीं बरतती जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का उद्देश्य है कि जनपद वासियों की समस्याओं का तहसील दिवस के अवसर पर ही निराकरण किया जाए ताकि

**❖तहसील भगवानपुर आगमन पर उप जिलाधिकारी देवेन्द्र सिंह नेगी ने डीएम को पुष्पगुच्छ भेंट कर किया स्वागत**



जनपदवासियों को अपनी समस्याओं को लेकर अनावश्यक कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। उन्होंने उपजिलाधिकारी एवं पटवारी एवं लेखपालों को निर्देश दिए हैं कि भूमि विवाद से संबंधित प्रकरणों पर स्थलीय निरीक्षण करते हुए भूमि की पैमाइश की जाए पैमाइश करते हुए वस्तु स्थिति की जांच करने के निर्देश दिए गए। तहसील दिवस के दौरान उप जिलाधिकारी भगवानपुर देवेन्द्र सिंह नेगी, पुलिस उपाधीक्षक अभिनव चौधरी, मुख्य कृषि अधिकारी गोपाल सिंह भण्डारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी अविनाश भदौरिया, तहसीलदार भगवानपुर दयाराम सहित सम्बंधित विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं विभिन्न क्षेत्रों से आये ग्रामीण मौजूद रहे।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मां प्रकाशी देवी की जन्म तिथि भूलवश 16.03.1964 दर्ज हो गई थी जो गलत है मेरी मां की जन्म तिथि 01.01.1965 है जो सही है। मेरा नाम कुछ दस्तावेजों में भूल वंश सीना कुमार दर्ज हो गया था जो गलत है मेरा नाम सोनू कुमार है जो सही है। आज के बाद मेरी मां की जन्म तिथि 01.01.1965 व मुझे सोनू कुमार से ही जाना पहचाना समझा पढ़ा लिखा जाए। **सोनू कुमार पुत्र श्री राजपाल सिंह नि. ग्राम व पो० चन्दपुरी बांगर ब्लॉक खानपुर, तहसील लक्सर, हरिद्वार।**

## सिविल अस्पताल में एंटी रैबीज वैक्सीन खत्म

**रुड़की।** सिविल अस्पताल में सोमवार को एंटी रैबीज वैक्सीन का स्टॉक खत्म होने से कुत्ते काटे के मरीजों की परेशानी बढ़ गई है। अस्पताल प्रशासन ने कुछ दिन पहले मेला अस्पताल हरिद्वार से कुछ वैक्सीन मंगवाई थी। यह वैक्सीन भी समाप्त हो गई है। अस्पताल प्रशासन ने इसके लिए निदेशालय से संपर्क साधा है।

# गोवंश की क्रूरता में पुलिस ने सात को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान गोवंश को कूरता पूर्वक छोटे हाथी में परिहन करने पर सात लोगों को पकड लिया है। अभियुक्तगण के विरूद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

एसएसपी हरिद्वार द्वारा गोवंशीय पशुओं को वाहनो में क्रूरता पूर्वक परिवहन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्द 'पशु क्रूरता अधिनियम' में कार्रवाई किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उपरोक्त क्रम में दिनांक-16.03.2026 को कोतवाली भगवानपुर पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए निम्नलिखित कार्रवाई की गई है। दौराने चौकिंग कस्बा भगवानपुर से छोटा हाथी संख्या-3410 को चौक किया गया तो चालक छोटे हाथी में मौजूद चालक सहित मौजुद व्यक्ति का नाम पता पूछा तो अपना नाम 'रियाज पुत्र ईशा' व अजय पुत्र पप्पू निवासीगण डोईवाला देहरादून बताया गया। छोटे हाथी के डाले को चौक करने पर डाले में 02 गोवंशीय पशुओं को क्रूरता पूर्वक परिवहन किया जा रहा था, को पशु क्रूरता अधिनियम में हिरासत पुलिस लिया गया। इसी क्रम में वादी मुकदमा रणवीर सिंह निवासी-राजगढ़ गुरथली नरवाला हरियाणा द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर 05गोवंशीय पशुओं को क्रूरता पूर्वक छोटे हाथी संख्या-7610 व 9966 में परिवहन किये जाने की सूचना पर कार्रवाई करते हुए चालको सहित 01.सलीम पुत्र शमीम निवासी ग्राम सिकरोडा थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार 02. शुभान पुत्र रियासत निवासी-उपरोक्त, 03.अब्दुल हकीम पुत्र अयुब निवासी उपरोक्त 04.सलमान पुत्र नफीस निवासी ग्राम खाना कोतवाली देहात सहारनपुर उ०प्र० 05.आवेश पुत्र दिलशाद निवासी ग्राम सिकरोडा कोतवाली भगवानपुर हरिद्वार को पशु क्रूरता अधिनियम में हिरासत में लिया गया। चिकित्सा अधिकारी को मौके पर बुलाकर गोवंश का मैडिकल करवाया गया है। उपरोक्त प्रकरण में अभियुक्तगण के विरूद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। वाद गिरफ्तारी अभियुक्तगण को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ईरान का खेल

डोनाल्ड ट्रंप के जीत के दावों के बावजूद ईरान की क्षमता का गलत आकलन सामने आया है। होर्मुज स्ट्रेट संकट, सहयोगी देशों की बेरुखी और बढ़ती तेल कीमतों ने अमेरिका पर दबाव बढ़ाया है। वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है, जबकि विश्लेषक इसे अमेरिका-इजरायल की बड़ी रणनीतिक चूक मान रहे हैं। ईरान के खिलाफ ऑपरेशन एपिक फ्यूरी लॉन्च करने के बाद से अभी तक अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप दर्जनों बार दोहरा चुके हैं कि यह जंग उन्होंने करीब जीत ही ली है और तेहरान बातचीत के लिए गिड़गिड़ा रहा है। हालांकि दो हफ्ते से ज्यादा वक्त बाद भी जो जमीनी हकीकत है, वह बताती है कि ईरान की क्षमताओं को आंकने में अमेरिका-इस्राइल से चूक हो गई। यह बात ट्रंप की उन अपीलों से भी जाहिर हो रही है, जो उन्होंने होर्मुज स्ट्रेट को लेकर की हैं। ट्रंप चाहते हैं कि नैटो और दूसरे देश भी होर्मुज स्ट्रेट को खुलवाने के लिए आगे आएं। उन्होंने जापान, दक्षिण कोरिया, चीन, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और फ्रांस का नाम लिया है। हालांकि किसी भी देश ने इसमें दिलचस्पी नहीं दिखाई। ऑस्ट्रेलिया ने तो साफ तौर पर इनकार कर दिया है, जबकि जापान ने कानूनों का हवाला दिया है। इस बेरुखी पर ट्रंप ने नैटो को धमकी दी है, तो पेइचिंग को याद दिलाया है कि होर्मुज स्ट्रेट से होकर उसका रु. 90 प्रतिशत तेल जाता है और उनकी चीन यात्रा टल भी सकती है। दुनिया दबाव की यह रणनीति टैरिफ वॉर में भी देख चुकी है। दूसरों को इस लड़ाई में खींचने की बेताबी बताती है कि ट्रंप फंसा महसूस कर रहे हैं। अमेरिका और इजरायल ने ईरान के खिलाफ एकतरफा युद्ध तब शुरू किया, जब समझौते को लेकर बातचीत चल रही थी और माना जा रहा था कि इस बार कोई रास्ता निकल सकता है। इस एकतरफा फैसले का ही असर था कि ब्रिटेन ने शुरू में अपने सैन्य अड्डे इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं दी थी, जिसे लेकर ट्रंप आज तक नाराज बताए जाते हैं। अमेरिका-इजरायल केवल ईरान की ताकत को ही भांपने में गलत साबित नहीं हुए, बल्कि यह समझने में भी चूक कर गए कि संघर्ष कितना व्यापक हो सकता है। अब इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। धरती का सबसे व्यस्त तेल मार्ग बंद है। बढ़ती अनिश्चितता ने क्रूड ऑयल के दाम को 105 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंचा दिया है। पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था दबाव का सामना कर रही है। बड़ी चूक। हालात पर साफगोई की उम्मीद ट्रंप से अब भी नहीं की जा सकती है। वह तो अपने दावे पर कायम हैं कि ईरान समझौता करना चाहता है, जबकि तेहरान बार-बार कह रहा है कि अमेरिका को उसकी आक्रामकता का जवाब दिया जाएगा। अमेरिकी मीडिया और वहां के कई राजनेता मान रहे हैं कि वॉशिंगटन से बड़ी चूक हो गई। ईरान युद्ध पश्चिम एशिया को लेकर अमेरिका के गलत आंकलनों और पूर्वाग्रहों का एक और उदाहरण है।

## भाजपा की इस मंशा पर पानी फिर गया



राज्यसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने हरियाणा में लोकतंत्र की हत्या के सभी हथकंडे आजमाए, लेकिन पार्टी विधायकों तथा नेताओं की सतर्कता के कारण भाजपा की इस मंशा पर पानी फिर गया और कुछ क्रॉस वोटिंग कराने के बावजूद कांग्रेस उम्मीदवार करमवीर बौद्ध की शानदार जीत हुई, भाजपा हाईकमान हर कीमत पर हरियाणा से राज्यसभा की सीट हासिल करना चाह रहा था, भाजपा ने इसके लिए क्रॉस वोटिंग कराने के सभी हथकंडे अपनाने की कोशिश की, यहां तक कि गुजरात के उपमुख्यमंत्री को हरियाणा में पर्यवेक्षक बनाकर भेजा, लेकिन कांग्रेस विधायकों ने भाजपा के सारे मंसूबों पर पानी फेर दिया, हरियाणा में रात में अंधेरे में भाजपा ने लोकतंत्र की हत्या करने की कोशिश की।

**दीपेंद्र सिंह हुड्डा, सदस्य कांग्रेस कार्य समिति और पार्टी सांसद**

# दयालुता मानवीय जीवन का सौंदर्य है



आज दुनिया में प्रेम, करुणा, दया एवं उदारता रूपी संवदेनाओं का स्रोत सूखता जा रहा है। इनमें दया एवं दयालुता ही ऐसा मानवीय मूल्य है जिस पर मानव की मुस्कान छिपी है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो न केवल दूसरों के प्रति प्रेम जगाता है बल्कि ईश्वर के करीब भी ले जाता है। मानव जीवन के इस सौन्दर्य एवं खूबसूरत भाव को बल देने के लिए प्रतिवर्ष 13 नवम्बर को विश्व दयालुता दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व दयालुता दिवस सकारात्मक शक्ति और दया की डोर पर आधारित हैं जो समाज में अच्छे कामों को उजागर करने के साथ हमें अच्छे, परोपकारी काम करने को प्रेरित करता है। दया मानव परिस्थितियों का मूलभूत हिस्सा है जो नस्ल, भाषा, धर्म, जाति, रंग, राजनीति और लिंग आदि की भावनाओं एवं अमीर-गरीब के भेद से परे है। ऐसे कई तरीके हैं जिनसे कोई व्यक्ति अपनी दयालुता प्रदर्शित कर सकता है और दूसरों को भी उसका अनुसरण करने के लिए प्रेरित कर सकता है।

यह दिन समाज में अच्छी गतिविधियों, सेवा-परोपकार और दयालुता का भाव रखने वालों का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो हर मनुष्य के अंदर संवेदनशीलता एवं मानवीयता की अलख जगाते हुए हमेशा दयालु कार्य करने, हमेशा लोगों की मदद करने, हमेशा अच्छा करने का मौका देता है। क्योंकि यह न केवल हमारे अंदर बदलाव लाएगा बल्कि हमारे आसपास की दुनिया को भी बदल कर जीने लायक बना देगा। विश्व दयालुता दिवस की शुरुआत 1998 में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट संगठन द्वारा की गई थी, जिसकी स्थापना 1997 के टोक्यो सम्मेलन में दुनिया भर के दयालु संगठनों द्वारा की गई थी। साल 2019 में, इस संगठन को स्विस कानून के तहत एक आधिका. रिक एनजीओ के रूप में पंजीकृत किया गया था। वर्तमान में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट में 28 से अधिक राष्ट्र शामिल हैं जिनका किसी भी धर्म या राजनी. तिक गतिविधियों से कोई संबद्धता नहीं है। इसे 1998 में विश्व दयालुता आंदोलन, राष्ट्रों की दयालुता वाले गैर सरकारी संगठनों के गठबंधन द्वारा पेश किया गया था। यह कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, नाइजीरिया और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों में मनाया जाता है। सिंगापुर ने पहली बार 2009 में यह दिन मनाया। इटली और भारत में भी यह दिन मनाया जाता है। यूके में, इसका नेतृत्व डेविड जेमिली ने किया, जिन्होंने लुईस बर्फिट-डॉन्स के साथ काइंडनेस डे यूके की सह-स्थापना की।

'हम जैसे भी है, अपने आप में बेहतरीन है और हमारी बेहतरी इसी में है कि हम दुनिया को बेहतर बनाए'- यही भावना, आत्मसम्मान और विश्वास जगाएं और अपने गुण-दोषों का आंकलन करें। वास्तव में दया की भावना ही वास्तविक धर्म है। दलाई लामा ने कहा कि ह्मैं इस आसान धर्म में विश्वास रखता हूं। मन्दिरों की कोई आवश्यकता नहीं, जटिल दर्शनशास्त्र की कोई आवश्यकता नहीं। हमारा मस्तिष्क, हमारा हृदय ही हमारा मन्दिर है, और दयालुता जीवन-दर्शन है।ह्न इस दुनिया में दया से बढ़कर कुछ भी नहीं है। हालांकि यह सच है कि जघन्य अपराधों, आतंकवाद, युद्ध, हिंसा, मिलावट की गतिविधियों के मामले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दयालुता अभी भी मौजूद है और दुनिया पर राज कर रही है। किसी ने एक बार कहा था कि 'दया उन लोगों को आशा दे रही है जो सोचते हैं कि वे इस दुनिया में बिल्कुल अकेले हैं। लेकिन हम दयालुता की बात क्यों कर रहे हैं, क्योंकि दयालुता की भावना ही यह परिभाषित करती है कि व्यक्ति अच्छा है या बुरा। एक व्यक्ति में यह गुण अवश्य होना चाहिए क्योंकि दूसरों के साथ व्यवहार करने का यही एकमात्र सही एवं प्रभावी तरीका है, जो सीधा मनुष्य के दिल को छूता है। यदि आप उन लोगों में से हैं जो दयालुता का कोई भी कार्य करने के बाद अच्छा महसूस करते हैं, तो आप समझते हैं कि वास्तव में दयालुता क्या है। 1990 के दशक के मध्य में, लघु दयालुता आंदोलन ने दुनिया भर से प्रतिभागियों को आमंत्रित करने के लिए एक सम्मेलन आयोजित किया और अपने-अपने देशों में शुरू किए गए दयालुता आंदोलनों के बारे में अपनी कहानियां साझा कीं। सम्मेलन सफल रहा और दूसरा सम्मेलन 1997 में आयोजित किया गया। इन सम्मेलनों ने विश्व दयालुता आंदोलन को बल मिला। विश्व दयालुता दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों, समाज और समुदाय को अच्छे काम करने और सभी के प्रति दयालु होने के लिए प्रोत्साहित करना है।

साथ ही, यह दिन एक अनुस्मारक प्रदान करता है कि दयालुता के गुण में एक साथ रहने और एक दयालु दुनिया बनाने की शक्ति है जहां सभी लोग एक साथ काम कर सकते हैं, समानतापूर्वक एक साथ रह सकते है। इसमें कोई शक नहीं कि इसे समझना आसान नहीं है लेकिन एक छोटा सा कार्य भी बदलाव ला सकता है। आज एक दयालु दुनिया को निर्मित करने की अपेक्षा है, जिसके नागरिकों में समानुभूति हो, सुनने का अच्छा कौशल हो, सामाजिक सहयोग की भावना हो दान करने की प्रवृत्ति हो। उदारता, परोपकार, मददगार, विनम्रता की भावना से दुनिया को अधिक मानवीय बनाय जा सकता है। इसी एक भाव में दुनिया की जटिल समस्याओं के समाधान निहित है, चाहे वह युद्ध हो, हिंसा हो, भूख हो, गरीबी हो, अभाव हो, पीड़ा एवं परेशानी हो। खलील जिब्रान ने कहा भी है कि दया बर्फ की तरह है। यह जिस चीज को ढक लेती है उसे सुंदर बना देती है। विश्व दयालुता दिवस हमें यह विश्वास करने के लिए भी प्रेरित करता है कि दयालुता का एक कार्य हमारे बीच, समाज में और समुदाय में वैश्विक परिवर्तन ला सकता है। यह एक ऐसा गुण है जिसे मिलनसार, उदार और विच. ारशील होने के रूप में परिभाषित किया गया है। दयालुता से संबंधित शब्द स्नेह, गर्मजोशी, नम्रता, चिंता, देखभाल आदि हैं। दयालु होने के लिए साहस और शक्ति की आवश्यकता होती है। यह एक पारस्परिक कौशल एवं मानवीय संवेदना है। दयालुता दूसरे की सफलता का जश्न मनाने और जरूरत पड़ने पर किसी जरूरतमंद, अभावग्रस्त एवं पीड़ित व्यक्ति की मदद करने की इच्छा की अभिव्यक्ति का माध्यम है। यह एक अलौकिक मानवीय गुण है जो हमें मुस्कानों से भरकर ताजा एवं ईश्वरतुल्य बना देता है। इसीलिए दयालुता पवित्र आभामंडल के ऊध्वारोहण का संवाहक है। आज जरूरत ऐसे दयालु चरित्रवाल व्यक्तियों की है जो प्रेम, संवेदनशीलता एवं सदाचार की फसल उगा सके। भीड़ में उभरते हुए ऐसे दयालु व्यक्तित्व ही वार्तमानिक समस्याओं का रचनात्मक समाधान देने में सक्षम हो सकते हैं। नए सोच के साथ नए रास्तों पर फिर एक बार उस सफर की शुरुआत करें जिसकी गतिशीलता जीवन-मूल्यों को फौलादी सुरक्षा दे सके।

**...साभार डीटी**

# विकास का अनोखा मोड़, चीजों का लुप्त हो जाना

**नए विश्लेषण से पता चलता है कि उनमें यह जीन अभी भी उपस्थित है, बस यह निष्क्रिय है और शायद सांपों के विकास के आरंभ में ही निष्क्रिय हो गया था - संभवत: उन सांपों में जो भूमिगत रहते थे। हो सकता है इस तरह के उत्परिवर्तन उच्च आवृत्तियों को सुनने की क्षमता से सम्बंधित जीन में भी हुए होंगे। लेकिन इस आनुवंशिक परिवर्तन से सरीसृपों के कान की हड्डियों का पुनर्गठन हुआ जो उन्हें कंपन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बनाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि इतने पतले शरीर में सभी अंगों को फिट करने के लिए सांपों में दो जीन नदारद हुए हैं जो आम तौर पर शरीर को सममित रखने का निर्देश देते हैं, जैसे दोनों बाजू एक-एक फेफड़ा।**

सांप बड़े विचित्र कशेरुकी जीव होते हैं। इनका शरीर इतना पतला होता है कि इसमें दूसरे फेफड़े के लिए जगह नहीं होती। यह अपनी जीभ से सूंघते हैं और सबसे खास बात तो यह कि इनकी टांगें नहीं होती। अब एक दर्जन से अधिक सांप प्रजातियों के जीनोम को अनुक्रमित कर उन उत्परिवर्तनों का पता लगाया गया है जिनके कारण टांगें लुप्त हुई थीं। कई अन्य लक्षणों से सम्बंधित डीएनए भी पता चले हैं। चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज में चेंग्दू इंस्टिट्यूट ऑफ बायोलॉजी के सरीसृपविज्ञानी जिया-तांग ली और उनके सहयोगियों ने सांपों के 12 कुलों की 14 प्रजातियों के जीनोम का अनुक्रमण किया। सैंपल में शामिल सांप जैव विकास की 15 करोड़ वर्षों की अवधि का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने उन 11 सांप प्रजातियों के जीनोम भी शामिल कर लिए जिन्हें पहले अनुक्रमित किया जा चुका था। सेल में प्रकाशित इस अध्ययन में टीम ने बताया है कि भुजाओं के विकास को नियंत्रित करने वाले जीन द्धपीटीसीएच1ऋ में तीन स्थानों से डीएनए खंड गायब थे। पूर्व शोधकर्ताओं का ख्याल था कि पीटीसीएच1 की गतिविधि को नियंत्रित करने वाले डीएनए खंड में उत्परिवर्तन कुछ हद तक टांगों के गायब होने के लिए जिम्मेदार हैं। लेकिन अब लग रहा है कि स्वयं जीन में हुए उत्परिवर्तन भुजाओं के ]ास के लिए जिम्मेदार है। सभी सांपों में पीटीसीएच1 में एक जैसे उत्परिवर्तन पाए गए और इस आधार पर यह टांगों के लोप का कारण लगता है। और तो और, जब ली की टीम ने चूहों में एक समकक्ष जीन में वही उत्परिवर्तन किए तो चूहों के पैर की उंगलियों की हड्डियां बहुत छोटी हो गई थीं।



इसके अलावा उन्होंने सांपों की अन्य आनुवंशिक विशेषताओं को भी देखा है। पूर्व में किए गए अधूरे जीनोम के विश्लेषण के आधार पर वैज्ञानिकों का मानना था कि सरीसृपों ने दृष्टि के मुख्य जीन को खो दिया है। लेकिन नए विश्लेषण से पता चलता है कि उनमें यह जीन अभी भी उपस्थित है, बस यह निष्क्रिय है और शायद सांपों के विकास के आरंभ में ही निष्क्रिय हो गया था - संभवत: उन सांपों में जो भूमिगत रहते थे। हो सकता है इस तरह के उत्परिवर्तन उच्च आवृत्तियों को सुनने की क्षमता से सम्बंधित जीन में भी हुए होंगे। लेकिन इस आनुवंशिक परिवर्तन से सरीसृपों के कान की हड्डियों का पुनर्गठन हुआ जो उन्हें कंपन के प्रति अत्यधिक संवेदनशील बनाता है। सबसे महत्वपूर्ण बात है कि इतने पतले शरीर में सभी अंगों को फिट करने के लिए सांपों में दो जीन नदारद हुए हैं जो आम तौर पर शरीर को सममित रखने का निर्देश देते हैं, जैसे दोनों बाजू एक-एक फेफड़ा। लेकिन इन जीन्स के अभाव में यदि सांप का बायां फेफड़ा बनता भी है तो उसका आकार बहुत छोटा होता है।

# एपस्टीन फाइल्स : धन और प्रभाव में पीछे छूट गई मनुष्यता

एपस्टीन से जुड़ी जांच फाइलें केवल किसी एक व्यक्ति के अपराधों का दस्तावेज नहीं हैं, बल्कि वे उस वैश्विक मानसिक स्थिति का प्रतिबिंब हैं, जिसमें सत्ता, धन और प्रभाव ने मनुष्यता को पीछे छोड़ दिया। यह तथ्य अपने आप में चिंताजनक है कि जिन नामों का उल्लेख इन फाइलों में आया है, वे अलग-अलग देशों, संस्कृतियों, रंगों, जातियों और धर्मों से आते हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि समस्या किसी एक समाज की नहीं, बल्कि उस मानसिकता की है जो स्वयं को नियमों से ऊपर मानने लगती है।

जब किसी व्यक्ति के पास अत्यधिक शक्ति और साधन आ जाते हैं, तब उसके भीतर यह भ्रम जन्म लेने लगता है कि उसके लिए हर सीमा शिथिल है। यही भ्रम धीरे-धीरे संवेदनहीनता में बदल जाता है। दूसरे मनुष्य को वह एक स्वतंत्र व्यक्तित्व नहीं, बल्कि अपने सुख का साधन समझने लगता है। नाबालिग बालिकाएं, जिनका संरक्षण समाज का कर्तव्य है, ऐसे विकृत दृष्टिकोण में सबसे आसान शिकार बन जाती हैं, क्योंकि वे कमजोर होती हैं, निर्भर होती हैं और अक्सर अपनी पीड़ा व्यक्त करने में असमर्थ होती हैं।

आधुनिक समय की उपभोक्तावादी संस्कृति ने इस विकृति को और बढ़ाया है। जब जीवन का उद्देश्य केवल भोग, प्रदर्शन और सुख-साधनों का संग्रह बन जाता है, तब नैतिक विवेक धीरे-धीरे समाप्त होने लगता है। मनोरंजन उद्योग, डिजिटल प्लेटफॉर्म और दिखावटी जीवनशैली ने देह को वस्तु के रूप में प्रस्तुत किया, जिससे उम्र, मर्यादा और सहमति जैसी अवधारणाएं गौण होती चली गईं। परिणामस्वरूप, कुछ लोगों के लिए अपराध भी एक 'विशेष सुविधा' जैसा बन गया। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि जब लगभग हर देश में कानून हैं, अंतर्राष्ट्रीय संधियां हैं और मानवा. धिकारों की घोषणाएं हैं, तब भी ऐसे अवैधानिक कृत्य वर्षों तक कैसे चलते रहे। इसका उत्तर यही है कि कानून पुस्तकों में तो जीवित रहते हैं, लेकिन जब उन्हें लागू करने वाली संस्थाएं प्रभाव, भय या स्वार्थ से ग्रस्त हो जाती हैं, तब न्याय निष्प्रभावी हो जाता है। जब अपराध करने वाले ही सत्ता और व्यवस्था के केंद्र में हों, तब सामान्य नागरिक के लिए न्याय पाना कठिन हो जाता है और प्रभावशाली लोगों के लिए हर दरवाजा अपने आप खुलता चला जाता है। यहीं से समाज में दोहरी व्यवस्था जन्म लेती है एक आम आदमी के लिए और दूसरी ताकतवर लोगों के लिए। जिन स्थानों तक सामान्य व्यक्ति की पहुंच असंभव होती है, वहां प्रभावशाली लोग सहजता से पहुंच जाते हैं। यही असमानता अपराध को जन्म देती है और उसे लंबे समय तक जीवित भी रखती है। इन परिस्थितियों से बचाव केवल कानून बनाने से नहीं होगा। इसके लिए समाज को कई स्तरों पर सजग होना पड़ेगा। सबसे पहले, परिवार और शिक्षा व्यवस्था में बच्चों को यह सिखाना आवश्यक है कि उनकी देह, उनकी इच्छा और उनकी असहमति का महत्व क्या है। उन्हें बिना डर के 'ना' कहना सिखाया जाए और यह विश्वास दिलाया जाए कि सच बोलने पर उन्हें दोषी नहीं ठहराया जाएगा। दूसरे, समाज को प्रभाव और प्रसिद्धि से अंधा होना छोड़ना होगा। किसी व्यक्ति

जिन स्थानों तक सामान्य व्यक्ति की पहुंच असंभव होती है, वहां प्रभावशाली लोग सहजता से पहुंच जाते हैं। यही असमानता अपराध को जन्म देती है और उसे लंबे समय तक जीवित भी रखती है। इन परिस्थितियों से बचाव केवल कानून बनाने से नहीं होगा। इसके लिए समाज को कई स्तरों पर सजग होना पड़ेगा। सबसे पहले, परिवार और शिक्षा व्यवस्था में बच्चों को यह सिखाना आवश्यक है कि उनकी देह, उनकी इच्छा और उनकी असहमति का महत्व क्या है। उन्हें बिना डर के 'ना' कहना सिखाया जाए और यह विश्वास दिलाया जाए कि सच बोलने पर उन्हें दोषी नहीं ठहराया जाएगा। दूसरे, समाज को प्रभाव और प्रसिद्धि से अंधा होना छोड़ना होगा। किसी व्यक्ति की सफलता, पद या लोकप्रियता उसे नैतिक जांच से मुक्त नहीं कर सकती।

की सफलता, पद या लोकप्रियता उसे नैतिक जांच से मुक्त नहीं कर सकती। मीडिया, न्यायपालिका और नागरिक समाज को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर न हो। तीसरे, पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना अनिवार्य है। सत्ता में बैठे लोगों के कार्यों पर निरंतर निगरानी, स्वतंत्र जांच और समयबद्ध न्याय ही ऐसे नेटवर्क को पनपने से रोक सकते हैं। चौथे, सांस्कृतिक स्तर पर यह पुनः स्थापित करना होगा कि संयम, मर्यादा और करुणा कमजोरी नहीं, बल्कि सभ्यता की पहचान हैं। जिन समाजों ने इन मूल्यों को जीवित रखा है, वे आज भी



अपेक्षाकृत सुरक्षित हैं। एपस्टीन प्रकरण हमें यह याद दिलाता है कि नैतिक पतन अचानक नहीं होता, वह धीरे-धीरे तब होता है जब समाज छोटी-छोटी अनैतिकताओं को नजरअंदाज करता रहता है। यदि आज भी हमने समय रहते चेतना नहीं जगाई, तो नाम, स्थान और चेहरे बदलते रहेंगे, पर अपराध की प्रकृति बनी रहेगी। इसलिए यह केवल दूसरों की कहानी नहीं है, यह हम सभी के लिए आत्मपरीक्षा का अवसर है कि हम किस प्रकार का समाज भविष्य की पीढ़ियों को सौंपना चाहते हैं।

**-साभार आर.आर.**



मलेशिया। सेपांग स्थित कुआलालंपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची ईरान की महिला फुटबॉल टीम की सदस्य।

## पश्चिम एशिया युद्ध पर चीन के बाद रूस की भी चेतावनी

### मास्को ने तुरंत युद्ध रोकने और बातचीत शुरू करने की अपील की, नागरिकों की सुरक्षा पर जताई चिंता

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य टकराव के बीच रूस ने सभी पक्षों से तुरंत युद्ध रोकने की अपील की है। इससे पहेल होर्मुज संकट पर चीन ने भी अमेरिका को चेतावनी दी थी। रूस के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि मौजूदा संघर्ष ने पूरे क्षेत्र को अस्थिर कर दिया है और इससे आम नागरिकों की जान पर खतरा बढ़ गया है।

रूस ने कहा कि हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं और इसे तुरंत रो. कने के लिए राजनीतिक और कूटनीतिक रास्ता अपनाना जरूरी है। रूस ने अपने बयान में कहा कि अमेरिका और इजरायल के हमलों के बाद पश्चिम एशिया में हिंसा का नया और खतरनाक दौर शुरू हो गया है। मंत्रालय के मुताबिक इस हमले के बाद क्षेत्र में तनाव तेजी से बढ़ा है और अब तक

**■ रूस के अनुसार इस कदम ने पूरे क्षेत्र में तनाव को और बढ़ा दिया है और अब लगातार अधिक घातक हमले हो रहे हैं**



सैकड़ों लोगों की मौत हो चुकी है। रूस ने कहा कि इस संघर्ष का कोई स्पष्ट अंत नजर नहीं आ रहा है और इससे क्षेत्रीय स्थिरता को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। रूस के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका और इजरायल की कार्रवाई ने मध्य पूर्व में हिंसा के अभूतपूर्व चक्र को जन्म दिया है। बयान में कहा गया कि यह हमला बिना उकसावे के किया गया था। रूस के अनुसार इस कदम ने पूरे क्षेत्र में तनाव को और बढ़ा दिया है और अब लगातार अधिक घातक हमले हो रहे हैं। रूस ने कहा कि इस युद्ध का सबसे ज्यादा असर आम नागरिकों पर पड़ रहा है। मंत्रालय ने बताया कि ईरान और खाड़ी के अरब देशों में बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हुए हैं। रूस ने सभी पक्षों से अपील की कि वे नागरिक इलाकों और बुनियादी ढांचे पर हमले बंद करें। बयान में कहा गया कि नागरिकों की मौत और पीड़ा को तुरंत रोकना जरूरी है। रूस ने कहा कि इस संघर्ष का असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भी पड़ रहा है। विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई है। यह समुद्री मार्ग दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति के लिए बेहद अहम माना जाता है। रूस के अनुसार इस मार्ग में बाधा आने से वैश्विक व्यापार और तेल बाजार पर गंभीर असर पड़ सकता है। रूस ने कहा कि वह इस संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए अपनी भूमिका निभाने को तैयार है। मास्को ने कहा कि उसके पास ऐसे संसाधन और कूटनीतिक क्षमता है जिससे दीर्घकालिक और स्थायी समाधान में मदद मिल सकती है। रूस ने सभी पक्षों से तुरंत युद्ध रोकने और बातचीत की प्रक्रिया शुरू करने की अपील की है।

## इराकी हिजबुल्लाह ने की अपने वरिष्ठ कमांडर के मौत की घोषणा

**बगदाद/ब्रसेल्स।** ईरान से संबद्ध इराकी मिलिशिया, कताइब हिजबुल्लाह ने मंगलवार को अपने एक वरिष्ठ कमांडर, अबू अली अल-अस्करी की मौत की घोषणा की।यह हाल के दिनों में समूह के शीर्ष नेताओं की हत्या की दूसरी घटना है। इससे पहले मिलिशिया ने पुष्टि किया था कि बगदाद स्थित उसके एक कार्यालय को निशाना बनाकर किए गए हमले में एक अन्य वरिष्ठ नेता अबू अली अल-अमीरी मारा गया था। ये घटनाएं इराक में ईरान समर्थित मिलिशिया और अमेरिका के बीच बढ़ती शत्रुता के बीच हुई हैं जिसमें दोनों पक्षों ने हाल के हफ्तों में एक दुसरे पर हमलों की सूचना दी है। इससे पहले हिजबुल्लाह समूह ने बगदाद के बाहर एक अमेरिकी हवाई अड्डे पर ड्रोन हमले की जिम्मेदारी ली थी।

## यूएई तट से 23 समुद्री मील पूर्व में पोत पर प्रक्षेपास्त्र से हमला: यूकेएमटीओ

**लंदन।** ब्रिटिश नौसेना ने कहा है कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के पूर्वी तट पर फुजैराह से 23 समुद्री मील पूर्व में एक पोत पर प्रक्षेपास्त्र से हमला किया गया है। रॉयल नेवी के ब्रिटेन समुद्री व्यापार कार्यालय (यूकेएमटीओ) ने बताया कि यूकेएमटीओ को फुजैराह (ओमान की खाड़ी) से 23 समुद्री मील पूर्व में एक घटना की सूचना मिली है। लंगर डाले हुए एक टैंकर ने अज्ञात प्रक्षेपास्त्र से हमला होने की सूचना दी है। इस हमले में उसे मामूली क्षति हुई है। इसमें चालक दल के किसी सदस्य को चोट नहीं आई है।

## संक्षिप्त समाचार

### फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट के पास रेस्टोरेंट में गोलीबारी, दो लोगों की मौत

**बर्लिन।** जर्मनी में फ्रैंकफर्ट हवाई अड्डे के पास एक रेस्टोरेंट में मंगलवार तड़के हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि हमलावर वारदात के बाद से फरार है। शुरुआती जांच के अनुसार, एक सशस्त्र व्यक्ति स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 3:45 बजे (स्थानीय समयानुसार) रेस्टोरेंट के भीतर दाखिल हुआ और वहां मौजूद लोगों पर अंधाधुंध गोलियां चला दीं। हमले में घायल दो लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

### निर्यात सामान वापस आने पर आयात नहीं माना जाएगा : सरकार

**नई दिल्ली।** सरकार ने लोकसभा में स्पष्ट किया है कि ईरान युद्ध की वजह से रास्ता नहीं मिलने के कारण यदि कोई निर्यात किया गया सामान वापस आता है तो अनलोडिग होने पर उसे घरेलू सामान के रूप में ही माना जाएगा और आयात नहीं माना जाएगा। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल तथा राज्य मंत्री जतिन प्रसाद ने लोकसभा में मंगलवार को एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि वैश्विक माहौल में जो सामान निर्यात हो रहा है उसे निर्धारित जगह पर पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

### रवीना टंडन नजर आएंगी गार्नियर कलर नेचुरल्स के नए कैंपेन में


**मुंबई।** गार्नियर ने पहली बार अभिनेत्री रवीना टंडन को ब्रांड की बालों का पोषण करने वाली हेयर कलर रेंज, गार्नियर कलर नेचुरल्स, का ब्रांड एंबेसडर बनाया है। इस साझेदारी के साथ एक नया कैंपेन शुरू हो रहा है, जिसमें रवीना टंडन नजर आएंगी। यह कैंपेन, ब्रांड की प्राकृतिक दिखने वाले और चमकदार हेयर कलर्स में भरोसेमंद विशेषज्ञता को रवीना की टाइमलेस अपील के साथ जोड़ता है, जो हर उम्र के लोगों की पसंद है।

# ईरान ने कसा होर्मुज जलडमरूमध्य में शिकंजा

### पश्चिम एशिया में जारी युद्ध तीसरे हफ्ते में पहुंचा, जंग खत्म होने के संकेत नहीं, बढ़ेगा वैश्विक ऊर्जा संकट

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध तीसरे हफ्ते में पहुंच गया और इसके खत्म होने के कोई संकेत भी नहीं मिल रहे हैं। ईरान ने समुद्री परिवहन के लिए प्रमुख मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य में शिकंजा और कस दिया है। इन घटनाक्रमों से वैश्विक ऊर्जा संकट की आशंकाएं और अधिक बढ़ गई हैं। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई के हवाले से तसनीम समाच. ार एजेंसी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य दुश्मन देशों के लिए बंद है, मित्र देशों के लिए नहीं।

उन्होंने कहा कि इस समुद्री मार्ग को किसी भी ऐसे देश के लिए नहीं खोला जाएगा जो ईरान पर हमला करना चाहता हो। इस जलमार्ग से जहाजों का आवागमन विशेष परिस्थितियों में होगा। ईरान के सशस्त्र बल इस मार्ग को नियंत्रित करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि ईरान राष्ट्रीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य में आवश्यक उपाय करने का अधिकार रखता है। दुनिया के पांचवें हिस्से के परिवहन वाले इस जलमार्ग पर व्यवधान पैदा होने से तेल की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। ईरान ने सोमवार को दुबई हवाईअड्डे के साथ ही खाड़ी देशों में अमे. रिकी सैन्य ठिकानों और ऊर्जा क्षेत्रों को निशाना बनाया। दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर ड्रोन हमले के बाद एक ईंधन टैंक में भीषण आग लग गई। मध्य ईरान के मरकजी प्रांत में रात भर चले हमलों में पांच लोग मारे गए और सात घायल हो गए। समाचार एजेंसी ने बताया कि अराक शहर के बाहरी इलाके में एक आवासीय क्षेत्र और महल्लात काउंटी में एक आवासीय इमारत पर हमला किया गया। मरकजी प्रांत के ही खोमेन शहर में एक लड़कों के स्कूल को निशाना बनाया गया। वहीं ईरान में नए साल (नौरोज) के आगमन से ठीक पहले मनाए जाने वाले पारंपरिक अग्नि उत्सव 'चहारशंबे सूरी' को लेकर इस बार भारी तनाव की स्थिति बनी हुई है।



**■ ईरान में नए साल (नौरोज) के आगमन से ठीक पहले मनाए जाने वाले 'चहारशंबे सूरी' त्योहार पर सरकारी रोक**

ईरानी प्रशासन ने नागरिकों को चेतावनी जारी करते हुए इस साल किसी भी प्रकार ऐसे त्योहार को मनाने पर रोक लगा दी है जिसमें लोग एक जगह जमा होकर नाचते गाते हैं। 'चहारशंबे सूरी' पर्व फारसी कैलेंडर के अंतिम मंगलवार की रात को मनाया जाने वाला एक प्राचीन उत्सव है। इसमें लोग अलाव जलाकर उसके ऊपर से गुजरते हैं और कूदते हैं, जिसे शुद्धि और नवीनीकरण का प्रतीक माना जाता है। आधुनिक समय में यह उत्सव आतिशबाजी और दावतों के रूप में तब्दील हो गया है, जो वसंत के आगमन और नौरोज की खुशी का संकेत देता है। ईरानी रेड क्रिसेंट, दमकल विभाग और आपातकालीन सेवाओं के जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया है कि मौजूदा युद्ध की स्थिति और सार्वजनिक सुरक्षा को देखते हुए लोगों को सड़कों पर नहीं उतरना चाहिए। प्रशासन का तर्क है कि इस समय चिकित्सा प्रणाली और आपातक. ालीन संसाधनों को सुरक्षित रखना अनिवार्य है ताकि उन पर अतिरिक्त दबाव न पड़े। स्वतंत्र पर्यवेक्षकों और विपक्षी नेताओं का मानना है कि उत्सव पर यह रोक सुरक्षा के लिए नहीं, बल्कि असंतोष को दबाने के लिए लगाई गई है। जनवरी में हुए देशव्यापी सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद शासन डरा हुआ है। कई प्रांतीय अधिकारियों ने इस उत्सव को 'राष्ट्रीय व्यवस्था और सुरक्षा के लिए खतरा' करार दिया है। अधिकारियों का दावा है कि 'दुश्मन' इस तरह की भीड़ का फायदा उठाकर अशांति फैला सकता है।

## पश्चिम एशिया में जंग के बीच चीन की बड़ी पहल

**बीजिंग।** चीन ने पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष के बीच मानवीय संकट को कम करने के लिए ईरान, जॉर्डन, लेबनान और इराक को आपातकालीन मानवीय सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने मंगलवार को एक नियमित संवाददाता सम्मेलन में इसकी आधिकारिक घोषणा की। प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि वर्तमान में चल रहे युद्ध और संघर्षों ने ईरान तथा इस क्षेत्र के अन्य देशों के नागरिकों के लिए असहनीय मानवीय आपदा पैदा कर दी है। उन्होंने कहा कि चीन संबंधित देशों के लोगों के प्रति गहरी सहानुभूति रखता है और इस कठिन समय में उनके साथ खड़ा है। चीन का यह कदम उन क्षेत्रों में राहत पहुंचाने के लिए है जहां युद्ध के कारण बुनियादी सुविधाओं और जीवन रक्षक वस्तुओं की भारी कमी हो गई है। चीन ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर एक बार फिर शांति बहाली की अपील की है। जियान ने जोर देकर कहा कि चीन शांति को बढ़ावा देने और तत्काल युद्धविराम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास जारी रखेगा।

**■ ईरान, लेबनान और पड़ोसी देशों को आपातकालीन मानवीय सहायता की घोषणा**

## धर्म के राजनीतिकरण के खिलाफ एकजुट हो विश्व समुदाय

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि हरीश पर्वतानेनी ने मंगलवार को धर्म के राजनी. तिकरण और आस्था को हथियार बनाने के बढ़ते खतरों के खिलाफ वैश्विक सतर्कता का आह्वान किया।

पर्वतानेनी इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) और 'यूनाइटेड नेशंस अलायंस ऑफ सिविलाइज. ेशन' द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 'इंटरनेशनल डे टू कॉम्बैट इस्लामोफोबिया' को संबोधित कर रहे थे। राजदूत ने 'इस्लामोफोबिया के नैरेटिव' का उपयोग करने के लिए पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से निशाना साधा और कहा कि संकीर्ण राजनीतिक हितों की पूर्ति के लिए आस्था का उपयोग करना चिंता. जनक है। पर्वतानेनी ने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए धार्मिक पहचान के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वह धार्मिक पहचान को हथियार बनाने और इसे संकीर्ण राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए इस्तेमाल करने की बढ़ती प्रवृत्ति और खतरों पर ध्यान दे, चाहे वह सरकारी पक्ष की तरफ से हो या गैर-सरकारी पक्ष की ओर से। भारत का पश्चिमी पड़ोसी अपने पड़ोस में इस्लामोफोबिया की काल्पनिक कहानियां गढ़ने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। राजदूत ने सभा से पड़ोसी देश के मानवाधिकार रिकॉर्ड का मूल्यांकन करने का आग्रह किया और सवाल उठाया कि अहमदिया समुदाय के व्यवस्थित दमन और अफगान शरणार्थियों की जबरन वापसी को कैसे उचित ठहराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कोई आश्चर्य कर सकता है कि इस देश में अहमदिया समुदाय के क्रूर दमन, या असहाय अफगानों की बड़े पैमाने पर वापसी या रमजान के इस पवित्र महीने में हवाई बमबारी अभियानों को क्या कहा जाएगा? राजदूत ने चुनिंदा नैरेटिव (विमर्श) के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा कि इतिहास इस बात का गवाह है कि धर्म का राजनीतिकरण शिकायतों का समाधान नहीं करता है। हम ऐसे ढांचे के खिलाफ सावधानी बरतने का आग्रह करते हैं जो केवल एक ही आस्था पर ध्यान केंद्रित करते हैं, बिना इसके सभी रूपों में 'रिलिजियोफोबिया' (धर्म के प्रति डर) को संबोधित किए। पर्वतानेनी ने धर्म या विश्वास के आधार पर असहिष्णुता और भेदभाव के सभी रूपों के उन्मूलन पर 1981 के संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र को एक 'संतुलित और स्थाई साधन' बताया जो 'किसी को विशेषाधिकार दिए बिना सभी धार्मिक अनुयायियों के अधिकारों की रक्षा करता है।

**■ यूएन में भारत के स्थाई प्रतिनिधि हरीश पर्वतानेनी का इंटरनेशनल डे टू कॉम्बैट इस्लामोफोबिया में आह्वान**

## हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर सहयोगी देशों के रुख से ट्रम्प नाराज

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सहयोगी देशों की आलोचना करते हुए कहा है कि हॉर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग को सुरक्षित करने के लिए उन्होंने जिस गठबंधन का प्रस्ताव रखा है, उसके प्रति सहयोगियों में 'उत्साह' की कमी है।

हॉर्मुज जलडमरूमध्य से ही दुनिया के ऊर्जा संसाधनों के पांचवें हिस्से की जहाजों से जरिए आपूर्ति की जाती है। ट्रम्प ने सोमवार देर रात ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि ईरान के साथ संघर्ष जल्द ही खत्म हो सकता है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि इस हफ्ते किसी समाधान की संभावना कम है। उन्होंने इस सैन्य अभियान का बचाव करते हुए कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के लिए यह जरूरी था। ट्रम्प ने कहा कि यह अभियान जल्द ही खत्म हो जाएगा। हमारी दुनिया कहीं ज्यादा सुरक्षित होगी। गौरतलब है कि ईरान ने 28 फरवरी को अमे. रिका और इजरायल द्वारा किए गए हमलों के जवाब में इस क्षेत्र से होकर गुजरने वाले जहाजों को निशाना बनाने की धमकी दी थी जिसके बाद फारस की खाड़ी से होने वाली जहाजों की आवाजाही काफी हद तक कम हो गई है। ट्रम्प ने ब्रिटेन की प्रतिक्रिया पर असंतोष जाहिर करते हुए कहा ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर द्वारा इस संघर्ष में नाटो को शामिल करने में दिखाई गई हिचकिचाहट से मैं 'खुश नहीं हैं' और बहुत हैरान हूं।

## रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने 206 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए: रक्षा मंत्रालय

**मॉस्को।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने पिछली रात 206 यूक्रेनी ड्रोनों को नष्ट कर दिया। मंत्रालय के बयान में कहा गया कि पिछली रात वायु रक्षा प्रणालियों ने 206 यूक्रेनी फिक्स्ड-विंग मानवरहित हवाई वाहनों को रोककर नष्ट कर दिया। बयान के अनुसार, 62 ड्रोन ब्रायांस्क क्षेत्र में, 43 मॉस्को क्षेत्र में , 28 क्रास्नोडार क्षेत्र में, 18 क्रीमिया में, 12 स्मोलेंस्क क्षेत्र में, 9 कलुगा क्षेत्र में, 8 बेलगोरोड क्षेत्र में, 6 रोस्तोव क्षेत्र में, 4 लेनि. नग्राद क्षेत्र में, 3 अस्त्रखान क्षेत्र में और 1 अदिगेया गणराज्य में मार गिराए गए। इसके अलावा, आजा. ेव सागर के ऊपर 12 ड्रोनों को भी नष्ट किया गया है।

# ईरान के साथ जंग में अकेले पड़े ट्रम्प

### नाटो देश बोले: ये हमारी लड़ाई नहीं, होर्मुज का रास्ता खुलवाने से किया इन्कार, 17 दिन बाद हालात बदले

**वाशिंगटन।** ईरान में खामेनेई समेत 40 से भी ज्यादा अधिकारियों के मारे जाने के बाद अमेरिका को यह जंग बड़ी कामयाबी नजर आ रही थी। लेकिन 17 दिन बाद हालात बदल चुके हैं। युद्ध का कोई साफ अंत नजर नहीं आ रहा है। ईरान ने जवाब में होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते तेल आपूर्ति रोक दी, जिससे दुनिया की अर्थव्यवस्था पर बड़ी चोट पहुंची है।

ट्रम्प अब अपने सहयोगी नाटो देशों से होर्मुज में रास्ता खुलवाने की अपील कर रहे हैं। हालांकि इन देशों ने साफ कर दिया है कि वे होर्मुज स्ट्रेट में अपने वारशिप नहीं भेजेंगे। यह फैसला ऐसे समय आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर नाटो देश इस अहम समुद्री रास्ते को फिर से खोलने में मदद नहीं करते, तो नाटो का भविष्य खराब हो सकता है। द गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक जर्मनी ने साफ कहा है कि वह किसी भी सैन्य कार्रवाई में हिस्सा नहीं लेगा।



**■ द गार्जियन की रिपोर्ट के मुताबिक जर्मनी ने साफ कहा है कि वह किसी भी सैन्य कार्रवाई में हिस्सा नहीं लेगा**

जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने कहा कि इस मामले में कभी कोई फैसला नहीं हुआ, इसलिए जर्मनी के सैन्य योगदान का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान की मौजूदा सरकार खत्म होनी चाहिए, लेकिन बमबारी करके उसे झुकाना सही तरीका नहीं है। जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने भी अमेरिका पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि यह यूरोप का युद्ध नहीं है और जब अमेरिकी नौसेना खुद इतनी ताकतवर है, तो कुछ यूरोपीय जहाज क्या कर लेंगे। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने कहा कि उनका देश इस बड़े युद्ध में नहीं फंसेगा। उन्होंने माना कि होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलना जरूरी है ताकि तेल बाजार स्थिर रहे, लेकिन यह आसान काम नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी कदम ज्यादा से ज्यादा देशों की सहमति से ही उठाया जाएगा। यूरोपीय देशों ने सैन्य कार्रवाई की बजाय कूटनीति पर जोर दिया है। होर्मुज स्ट्रेट बहुत अहम है क्योंकि यहां से दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस की सप्लाई होती है, जो फिलहाल ईरान के कारण प्रभावित हो रही है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर सोमवार को लंदन में मिडिल ईस्ट की स्थिति पर आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में बोलते हुए। इटली के विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी ने कहा कि इस संकट का हल बातचीत से ही निकलना चाहिए और उनका देश किसी नौसैनिक मिशन को बढ़ाने के पक्ष में नहीं है।



## सुपरहीरो का किरदार निभाएंगी अदा शर्मा

**मुंबई।** अभिनेत्री अदा शर्मा सिल्वर स्क्रीन पर सुपरहीरो का किरदार निभाती नजर आएंगी। अदा शर्मा अपने आने वाले प्रोजेक्ट में एक आलसी, भ्रष्ट और पूरी तरह से अनप्रेडिक्टेबल सुपरहीरो का किरदार निभाएंगी। पारंपरिक सुप. रहीरो जहां दुनिया को बचाते हैं, वहीं उनका किरदार नियम तोड़ता है, झूठ बोलता है और शायद दुनिया को बचाने के बजाय उसे तबाह करना भी चाह सकता है। हाल ही में सामने आए फर्स्ट लुक ने सोशल मीडिया पर काफी उत्साह पैदा कर दिया है। फैंस आदा के किरदार 'वेल्ली' की झलक देखकर उत्साहित हैं और फिल्म देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस अजीब और अनोखे कॉन्सेप्ट वाला सुपरहीरो दर्शकों को कुछ नया और मनोरंजक देने का वादा करता है। अदा शर्मा ने हमेशा यह साबित किया है कि वे खुद को किसी एक जॉनर तक सीमित नहीं रखतीं। उन्होंने पहली बार हॉरर फिल्म 1920 से ध्यान खींचा, फिर केरला स्टोरी में इंटेंस ड्रामा दिखाया, सनफ्लावर सीजन 2 में अपनी कॉमिक टाइमिंग दिखाई और कमांडो में हाई-ऑक्टेन एक्शन किया। वहीं बस्तर: द नक्सल स्टोरीमें उन्होंने एक गंभीर और ग्रिटी किरदार निभाया है।

## काशिका कपूर की फिल्म आयुष्मती गीता मैट्रिक पास जियोहॉटस्टार पर होगी स्ट्रीम

**मुंबई।** अभिनेत्री कशिका कपूर की फिल्म आयुष्मती गीता मैट्रिक पास जल्द ही जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। सामाजिक रूप से प्रासंगिक फिल्म आयुष्मती गीता मैट्रिक जल्द ही जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली है। इससे दर्शकों को गीता की प्रेरणादायक कहानी और शिक्षा के लिए उसके संघर्ष को फिर से देखने का अवसर मिलेगा। सिनेमाघरों में रिलीज के बाद से ही इस फिल्म को उसके अर्थपूर्ण संदेश और भावनात्मक कहानी के लिए सराहा गया है, वहीं मुख्य भूमिका निभाने वाली काशिका कपूर के दमदार अभिनय को दर्शकों ने खास तौर पर पसंद किया है।यह फिल्म महिलाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण के महत्व को उजागर करती है, जो राष्ट्रीय पहल 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की भावना को भी दर्शाती है। ग्रामीण पृष्ठभूमि में आधारित यह कहानी गीता नाम की एक लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो सामाजिक दबावों और बाधाओं के बावजूद अपनी पढ़ाई पूरी करने और बेहतर भविष्य बनाने का सपना देखती है। फिल्म की कहानी के केंद्र में काशिका कपूर हैं, जिन्होंने गीता के किरदार को बेहद सच्चाई और भावनात्मक गहराई के साथ निभाया है। आयुष्मती गीता मैट्रिक पास की खास बात यह है कि यह मनोरंजन के साथ-साथ एक महत्वपूर्ण सामाजिक संदेश भी देती है।

## नाइजीरिया: तीन भीषण धमाकों से दहला बाजार

**अबुजा।** नाइजीरिया के मैदुगुरी शहर में सोमवार शाम हुए तीन सिलसिलेवार बम धमाकों में कम से कम 23 लोगों की मौत हो गई और 108 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि इन हमलों में शहर के व्यस्ततम इलाकों को निशाना बनाया गया है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि संदिग्ध आत्मघाती हमलावरों ने 'मंडे मार्केट', 'यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल' के गेट और 'पोस्ट ऑफिस क्षेत्र में आईईडी के जरिए ये विस्फोट किए। धमाके उस समय हुए जब इन इलाकों में लोगों की भारी भीड़ मौजूद थी, जिससे हताहतों की संख्या में इजाफा हुआ। विस्फोटों के तुरंत बाद सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम को प्रभावित क्षेत्रों में भेजा गया ताकि स्थिति को नियंत्रित किया जा सके और किसी भी संभावित खतरे को रोका जा सके। प्रवक्ता ने पुष्टि की है कि वर्तमान में मैदुगुरी में स्थिति सामान्य हो गई है। हालांकि पूरे शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। इन घातक हमलों की जिम्मेदारी अब तक किसी भी समूह ने नहीं ली है। मैदुगुरी क्षेत्र लंबे समय से उग्रवादी गतिविधियों से प्रभावित रहा है। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जिनमें से कई की हालत नाजुक बनी हुई है।

**■ 23 की मौत और 100 से अधिक घायल**

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक

मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108